दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 18 फरवरी 2024, वर्ष-12 अंक-12 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

बंगाल का नाम बदल कर बवाल रख देना चाहिए। वहां एक बवाल थमता नही है कि दूसरा बवाल खड़ा हो जाता है। दीदी की दादागिरी के सामने केन्द्र की भी एक नही चलती। छप्पन इंच सीना सिकुड़ कर छह इंच का हो जाता है। संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुई अनाचार की देश को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई। जिसकी जांच के लिए भाजपा के सांसदो की टीम बंगाल भेजी गई लेकिन उन्हें संदेशखाली से खाली लौटा दिया गया। दीदी ने साफ संदेश दिया है कि बंगाल में उनकी ही चलेगी किसी की दाल नही गलेगी।

अधिवेशन में बोले पीएम- लोकसभा चुनाव में कमल ही पार्टी का उम्मीदवार

रविन्द्र मिश्र

नई दिल्ली/नवप्रदेश। दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में शनिवार से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीप प्रज्जवलित कर भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की शुरुआत की। उनके अलावा गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा समेत कई

दिग्गज इस अधिवेशन में शामिल होने के लिए भारत मंडपम पहुंचे। दरअसल, कुछ समय बाद ही आम चुनाव का एलान होना है। ऐसे में भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का प्रमुख मुद्दा आम चुनाव है और इसमें प्रधानमंत्री जीत का चुनावी मंत्र देंगे। बैठक में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

अपने उद्घाटन भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा के लिए 370 लोकसभा सीटें जीतना श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी जिन्होंने अनुच्छेद 370 खत्म करने के लिए लड़ाई लड़ी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हर बूथ में 370 वोट बढ़ाएं कार्यकर्ता : मोदी

370 से अधिक सीटें जिताने के लक्ष्य को एक आंकड़ा नहीं, बल्कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि समझ कर प्राप्त करें। श्री मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के शुभारंभ के पहले पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए यह भी आह्वान किया कि हर बूथ पर भाजपा के 370 वोट बढ़ाएं। भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े ने संवाददाताओं को प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन के बिन्दुओं की जानकारी दी। भाजपा को 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 400 पार पहुंचाने का लक्ष्य मात्र एक आंकड़ा नहीं है। डॉ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू -कश्मीर को भारत का अटूट एवं अविभाज्य अंग बनाने के लिए बलिदान दिया था। हर कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आगे आए और इसे एक आंकड़े के रूप में नहीं, बल्कि श्रद्धांजलि के रूप में लें।

कर्मचारी को बर्खास्त नहीं किया जा सकता : सुको

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय ने शनिवार को जिला अदालत के एक कर्मचारी की बर्खास्तगी को रद्द किया। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने कहा कि चतुर्थ श्रेणी के सरकारी कर्मचारी को सिर्फ इसलिए बर्खास्त नहीं किया जा सकता कि उसने उचित माध्यम को दरकिनार करते हुए सीधे उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भेजे। मामले पर न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति पीके मिश्रा की पीठ सुनवाई कर रही थी।

तमिलनाडू के फटाका फैक्ट्री में धमाका, 9 की मौत

शिवकाशी/विरुधुनगर/ए.। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के वेम्बाकोट्टई के पास रामू देवनपट्टी में एक पटाखा फैक्ट्री में शनिवार को धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि पूरी फैक्ट्री मलबे में तब्दील हो गई। विस्फोट में पांच महिलाओं सहित कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई और 8 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर दमकलकर्मी और आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं और बचाव अभियान में जुटी हुई हैं।

तेलंगाना में बंदूक से 25 कुत्तों को मारा

महबूबनगर। तेलंगाना के महबूबनगर जिले में 21 कुत्तों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रात के अंधेरे में निकले नकाबपोश शख्स ने कुत्तों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। गोलियों की तड़तड़ाहट सुनकर लोग घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। सुबह जब लोगों ने देखा तो कुत्ते मरे पड़े थे। जबकि कई कुत्ते घायल थे। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की है।

रामभद्राचार्य, गुलजार को मिलेगा ज्ञानपीठ सम्मान

नई दिल्ली (वार्ता)। संस्कृत के प्रकांड विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य और उर्दू के साहित्यकार गुलजार को अठ्ठावनवें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। ज्ञानपीठ पुरस्कारों के निर्णायक मंडल ने शनिवार को वर्ष 2023 के लिये अठ्ठावनवें ज्ञानपीठ पुरस्कारों की घोषणा की। ज्ञानपीठ पुरस्कार समिति की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, अठ्ठावनवां ज्ञानपीठ पुरस्कार दो भाषाओं के लब्धप्रतिष्ठ लेखकों, जगद्गुरु रामभद्राचार्य (संस्कृत साहित्य) और श्री गुलजार (उर्दू साहित्यकार) देने का निर्णय किया गया है।

भाजपा में शामिल हो सकते हैं कमलनाथ

बेटे सहित दिल्ली पहुंचे, कई विधायकों संग ले सकंते हैं बीजेपी में एंट्री

नई दिल्ली/वार्ता। लोकसभा चुनाव में कुछ ही दिनों का समय बचा है। इससे पहले विपक्ष को लगातार झटके लग रहे हैं। ताजा झटका कांग्रेस को मध्य प्रदेश में लग सकता है। कारण, कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अपने बेटे नकुलनाथ के साथ बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। इतना ही नहीं, इनके साथ कांग्रेस के करीब एक दर्जन विधायक और पूर्व विधायक भी बीजेपी की सदस्यता ले सकते हैं। इस बीच कमलनाथ अपने बेटे नकुल के साथ दिल्ली पहुंच गए हैं। पत्रकारों ने कमलनाथ से जब बीजेपी ज्वाइन करने को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अगर कुछ ऐसा होगा तो आप लोगों को सबसे पहले सूचित करूंगा।

सूत्रों का कहना है कि वह जल्द ही बीजेपी के बड़े नेताओं संग बैठक कर सकते हैं और बीजेपी अधिवेशन के तुरंत बाद बीजेपी के एक बड़े चेहरे के हाथों ये सभी बीजेपी की सदयता ले सकते हैं। इस बीच कांग्रेस समर्थक पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने सोशल मीडिया प्रोफाइल से कांग्रेस का लोगो हटा लिया है। सज्जन सिंह वर्मा की गिनती कमलनाथ के सबसे कट्टर समर्थकों में होती है।

दिग्वजिय ने कहा- नेहरू-गांधी परिवार को छोड़कर नहीं जाएंगे

कमलनाथ को लेकर चल रही इन अटकलों पर कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि मेरी कल रात कमलनाथ से बात हुई है। वो छिंदवाड़ा में हैं। जिस आदमी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत नेहरू-गांधी परिवार के साथ की थी, उस आदमी से हम कैसे उम्मीद करें कि वो इंदिरा जी के परिवार को छोड़कर जाएगा। हमें तो ये उम्मीद भी नहीं करनी चाहिए।

विजयवर्गीय ने बासी फल से कर दी कमलनाथ की तुलना

बता दें कि कमलनाथ छिंदवाड़ा से 9 बार लोकसभा का चुनाव जीते हैं। पिछले दो बार से छिंदवाड़ा से विधायक हैं। उनके बेटे नकुलनाथ इस समय छिंदवाड़ा से सांसद हैं। कमलनाथ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इसरो : मौसम उपग्रह लांच

■ आपदाओं की समयपूर्व मिलेगी सटीक जानकारी

नई दिल्ली। इसरो ने शनिवार की शाम 5.35 बजे एक मौसम उपग्रह इनसैट-3डीएस को लॉन्च किया। इसे जीएसएलवी एफ14 रॉकेट की मदद से लॉन्च किया गया है। इसरो ने बताया कि अभी तक सभी चीजें तय योजना के तहत सही तरीके से हो रही हैं। इस उपग्रह के काम करने के बाद मौसम संबंधी सटीक जानकारी मिल सकेगी। साथ ही प्राकृतिक आपदाओं की भी समय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश में डर और नफरत का माहौल

वाराणसी (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि देश में भय और नफरत का माहौल है। देश, अमीर और गरीब दो हिस्सों में बंट गया है। काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि यह देश , प्रेम का है नफरत का नहीं और यह तभी मजबूत होगा जब सभी लोग मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा अगर हम जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को एक साथ लाएंगे तो यही सच्ची देशभक्ति होगी। देश में ऐसा माहौल है कि कल क्या होगा, कुछ पता ही नहीं है। देश दो हिस्सों में बंट गया है, एक अमीरों का और दूसरा गरीबों का। देश में भारी बेरोजगारी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक भी छोटा और मध्यम व्यापारी या बिजनेसमैन ऐसा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार से बातचीत की नई तारीख

एमएसपी की कानूनी गारंटी पर अध्यादेश की मांग

नई दिल्ली/वार्ता। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के नेतृत्व में किसानों का आंदोलन पांचवे दिन भी जारी है। फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर कानून बनाने समेत अन्य मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू तथा खनौरी में डटे हुए हैं।

पुलिस की तरफ से प्रदर्शनकारी किसानों के बैरिकेड्स की तरफ बढ़ने की कोशिश के दौरान उन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस की तरफ से आंसू गैस के दागे जा रहे हैं। पंजाब के किसानों ने 13 फरवरी को दिल्ली ओर कूच शुरू किया था। हालांकि, हरियाणा-पंजाब की शंभू और खनौरी सीमाओं पर सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक दिया। तब से प्रदर्शनकारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पूर्व सीएम भूपेश का झारखंड दौरा रद्द

विधायकों को मनाने जा रहे थे बघेल, अब दिल्ली जाएंगे एमएलए

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का झारखंड दौरा रद्द हो गया है। वो शनिवार दोपहर 2 बजे की फ्लाइट से झारखंड जाने वाले थे, उन्हें वहां नाराज नेताओं को मनाने की जिम्मेदारी दी गई थी। आनन-फानन में तय हुआ यह दौरा पौना घंटा पहले कैंसिल कर दिया गया। दरअसल, झारखंड के नेताओं को आज शाम दिल्ली बुलाया गया है। अब इनसे चर्चा सीधे हाईकमान से होगी। इसलिए बघेल का दौरा रद्द किया है।

झारखंड में मचा है सियासी घमासान

झारखंड में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सियासी बवाल मचा हुआ है। चंपई सरकार में शामिल कांग्रेस के विधायकों में नाराजगी बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के 17 में से 12 विधायक नाराज हैं। इन विधायकों ने शुक्रवार को शपथ ग्रहण से पहले और बाद में भी बैठक की। सिमडेगा से कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा ने आगे खेला होने की बात कही है। अब जानकारी मिल रही है कि कांग्रेस के नाराज विधायक शनिवार शाम 4.40 बजे की फ्लाइट से दिल्ली जा रहे हैं।

रील्स बनी आत्महत्या की वजह

पति ने छीना मोबाइल तो, पत्नी ने फांसी लगाकर दी जान

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई में एक महिला ने सिर्फ इसलिए आत्महत्या कर ली क्योंकि उसका पति उसे रील्स नहीं बनाते देता था और उसका मोबाइल छीन कर अपने पास रख लिया था। मोहल्ले के लोगों ने पुलिस के पहुंचने से पहले ही महिला के शव को फंदे से नीचे उतारा। बाद में पुलिस ने कमरे को सील कर शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा दिया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम सूचना मिली कि पांच रास्ता सुपेला में किसी महिला ने घर में फांसी लगा ली है। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि वहां टाइल्स का काम करने वाले मिस्त्री भूपेंद्र साहू की पत्नी रचना साहू ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। पूछताछ में रचना के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

नक्सल मुठभेड़ — *पुलिस को मिली थी सूचना सरहदी इलाकों में बड़े नक्सलियों का था जमावड़ा*

पुलिस-नक्सली मुठभेड़: हथियार-विस्फोटक समेत सामान छोड़कर भागे

■ लाखों के इनामी माओवादी थे मौजूद

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सरहद इलाकों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली हथियार, विस्फोटक समेत अन्य सामान छोड़कर भाग निकले, जिसे सर्चिंग के दौरान जवानों ने बरामद किया है।

बताया जा रहा है मौके पर कई जगह खून के धब्बे भी मिले, जिससे दावा किया जा रहा है कि, कुछ नक्सली घायल भी हुए हैं। पुलिस फोर्स सफल ऑपरेशन कर लौटी है।

शुक्रवार को भी हुई थी मुठभेड़

शुक्रवार की सुबह जब जवान इस इलाके में पहुंचे, तो नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। नक्सलियों के इस कोर इलाके में दिन भर रुक-रुककर गोलीबारी होती रही। हालांकि, जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल की आड़ लेकर भाग निकले। जिसके बाद सर्चिंग अभियान चलाया गया। मौके से 2 भरमार बंदूक, बीजीएल सेल, समेत अन्य विस्फोटक और दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया।

हार्डकोर इनामी नक्सलियों के मौजूदगी की सूचना

दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि, इन दोनों जिलों के सरहद पर गमपुर, डोडीतुमनार इलाके में दरभा डिवीजन और पश्चिम बस्तर डिवीजन के हार्डकोर इनामी नक्सली मौजूद हैं। इनमें डीवीसीएम (डिविजनल कमेटी मेंबर) जगदीश समेत अन्य नक्सली बैठक ले रहे थे। इसी सूचना के बाद दंतेवाड़ा से डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम को गुरुवार की रात मौके के लिए निकाला गया था।

मुख्यालय वापस लौटे जवान

आज शनिवार की सुबह जवान जिला मुख्यालय लौटे हैं। एएसपी आर के बर्मन ने बताया कि, ऑपरेशन में निकले सभी जवान सुरक्षित हैं। भारी मात्रा में नक्सलियों का सामान बरामद किया गया है। नक्सलियों के बड़े कैडर भी वहां मौजूद थे। इस मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान हुआ है।

जिनेवा में भारत के प्रस्ताव का मुरीद हुआ चीन, पाकिस्तान ने अड़ाया रोड़ा

नई दिल्ली। तमाम आर्थिक और सियासी समस्याओं के बावजूद पाकिस्तान हथियारों और युद्ध के मामले में अपना आक्रामक रवैया छोड़ने को तैयार नहीं है। जिनेवा में निरस्त्रीकरण सम्मेलन (सीडी) में भारत ने '2024 प्रोग्राम ऑफ वर्क' का प्रस्ताव रखा था। बातचीत के बाद फिसिल मटीरियल कट ऑफ ट्रीटी को लेकर चीन तक राजी हो गए लेकिन पाकिस्तान ने इसमें भी अड़ंगा लगा दिया।

बता दें कि इस समझौते के तहत परमाणु हथियारों पर लगाम लगाने का विचार था जो कि पूरी दुनिया के लिए बड़ा खतरा बने हुए हैं। वहीं पाकिस्तान के पास केवल परमाणु हथियार ही हैं जिनके दम पर वह भारत को धमकाने की कोशिश करता रहता है। कई चरणों की बातचीत के बाद भी पाकिस्तान इस प्रस्ताव पर राजी नहीं हुआ। बता दें कि भारत ने एक महीने की अध्यक्षता के दौरान यह प्रस्ताव रखा था।

निरस्त्रीकरण से जुड़े एक राजनयिक ने कहा, यह केवल भारत की खतरनाक सोच है जिससे वह भारत के प्रस्तावित POW को स्वीकार नहीं कर रहा है। बता दें कि भारत 21 जनवरी से 20 फरवरी तक अध्यक्ष था। इससे पहले 2022 में कॉन्फ्रेंस ऑफ डिसआर्मामेंट ने POW को स्वीकार किया था। शुक्रवार को हुई सीडी की प्लेनरी मीटिंग में पाकिस्तान ने ही भारत के इस प्रस्ताव पर अड़ंगा लगाया है. पाकिस्तान ने स्त्रस्ष्ट्ज्ञ प्रस्ताव पर साइन करने से साफ इनकार

कर दिया। बता दें कि सीडी जिनेवा एक संगठन है जो कि परमाणु हथियारों पर नियंत्रण को लेकर बना है। हालांकि 2009 के बाद से एफएमसीटी को लेकर कोई कड़ा नियम लागू नहीं कर सका है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की बैठक के दौरान पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने कहा कि प्रस्ताव में कई ऐसी बातें लिखी गई हैं जिनपर वह समहत नहीं है। हालांकि पाकिस्तान नहीं चाहता है कि उसकी गिनती उन देशों में हो जो कि परमाणु निरस्त्रीकरण नहीं चाहते हैं। भारत के प्रतिनिधि ने बताया कि पाकिस्तान को सहमत कराने के लिए पीओडब्लू में कुछ समझौते भी किए गए थे। हालांकि बावजूद इसके पाकिस्तान ने रोड़ा अटकाया। वहीं पाकिस्तान के सदाबहार दोस्त चीन ने भारत के प्रस्ताव का समर्थन किया। चीन के राजनयिक ने कहा, चीन किसी भी प्रकार के मतभेद को किनारे रखते हुए आवश्यक और महत्वपूर्ण मुद्दों पर संतुलित तरीके से आगे बढ़ना जानता है।

चीन ने भी कर दिया समर्थन

भारत के इस POW का अमेरिका, फ्रांस, रूस, यूके और चीन ने भी समर्थन किया है। वहीं प्लेनरी मीटिंग में शामिल कई प्रतिनिधियों ने यह भी जानने की कोशिश की कि आखिर पाकिस्तान इसका विरोध क्यों कर रहा है। राजनयिकों के मुताबिक पाकिस्तान नहीं चाहता है कि भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धाक बढ़ती जाए। ऐसे में वह चाहता है कि भारत द्वारा पेश किए गए इस प्रस्ताव पर आम सहमति ना बने।

बॉर्डर क्रॉस कर भारत में प्रवेश, पकडा गया शख्स

नई दिल्ली। सीमा सुरक्षा बल ने गुरदासपुर जिले के ठाकुरपुर में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर को क्रॉस करने वाले एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी नागरिक अनजाने में भारतीय क्षेत्र में घुस आया था और उसके पास से कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। बीएसएफ ने आगे की जांच के लिए पकड़े गए व्यक्ति को पंजाब पुलिस को सौंप दिया है। पंजाब पुलिस जांच में जुटी है। इस शख्स की पहचान मुहम्मद अब्दुल्ला के तौर पर हुई है। वह डढ़वाल डाकघर, कोट नैना, शकरगढ़, जिला नरोवाल, पाकिस्तान का रहने वाला है।

न्यूज गैलरी

रूस में विपक्षी नेता नवलनी की मौत पर भड़का अमेरिका

कनाडा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूस की जेल में बंद विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत के लिए पुतिन को जिम्मेदार बताया है। बाइडन ने कहाकि वह नवलनी की मौत से हैरान नहीं, बल्कि आक्रोशित हैं। उन्होंने कहाकि नवलनी पुतिन सरकार द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार, हिंसा और अन्य बुरे कामों के खिलाफ बड़ी बहादुरी से खड़े हुए। व्हाइट हाउस नवलनी की मौत से जुड़ी और अधिक जानकारी जुटाने में लगा हुआ है। गौरतलब है कि 47 वर्षीय एलेक्सी नवलनी की जेल में मौत हो गई थी। नवलनी को सरकार में भ्रष्टाचार और रूसी शासन प्रतिष्ठान क्रेमलिन के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के लिए जाना जाता था। संघीय जेल सेवा ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को टहलने के बाद नवलनी को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत महसूस हुई और वह बेहोश हो गए। इसने कहा कि नवलनी की मदद के लिए एक एंबुलेंस पहुंची, लेकिन उनकी मृत्यु हो गई। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेसकोव ने कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को नवलनी की मौत की सूचना दे दी गई है और जेल सेवा मानक प्रक्रियाओं के अनुरूप जांच की जा रही है। वहीं, नवलनी की पत्नी ने कहाकि अगर शुक्रवार को रूसी जेल सेवा द्वारा घोषित एलेक्सी नवलनी की मौत की पुष्टि हो जाती है तो राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके सहयोगियों को बख्शा नहीं जाएगा। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में यूलिया नवलनया ने कहा कि वह अपने पति की मौत की खबर को लेकर संशय में हैं क्योंकि यह रूसी सरकार के सूत्रों से आई है। उन्होंने कहाकि हम पुतिन और पुतिन सरकार पर भरोसा नहीं कर सकते। वे हमेशा झूठ बोलते हैं।

कश्मीर में भारी वर्षा, हिमपात के आसार

श्रीनगर(वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश और हिमपात के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने शनिवार को बताया कि प्रदेश में आज रात से 21 फरवरी तक बारिश होते रहने की संभावना है। श्रीनगर स्थित मौसम विभाग के निदेशक मुख्तार अहमद ने कहा कि 17 फरवरी को अपराह्न तक आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के आसार हैं। वहीं आज देर रात तक ऊपरी इलाकों में हल्की बर्फबारी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि उत्तर, उत्तर-पश्चिमी, मध्य और दक्षिण कश्मीर के ऊपरी इलाकों में विभिन्न स्थानों पर रविवार को भारी बर्फबारी होने के आसार हैं। वहीं 19-20 फरवरी तक कुपवाड़ा, बारामूला, बांदीपोरा, गांदरबल, बडगाम और अन्य जिलों के मैदानी और ऊपरी इलाकों में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा और भारी बर्फबारी होने की संभावना है। बारिश होने के कारण ऊपरी इलाकों और सिंथन दर्रे, मुगल रोड, साधना, राजदान दर्रे तथा ज़ोजिला जैसे महत्वपूर्ण दर्रों की सड़कें अस्थायी रूप से बंद हो सकती हैं। कश्मीर के संभागीय आयुक्त ने सभी उपायुक्तों को यहां अलग-अलग हिस्सों में होने वाली भारी बारिश और हिमपात की स्थिति से निपटने के लिये सभी तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

टेम्पो, ट्रैक्टर की टक्कर में 3 की मौत

धौलपुर(वार्ता)। राजस्थान में धौलपुर जिले के दिहोली थाना क्षेत्र में शनिवार को ट्रैक्टर एवं टेम्पो में टक्कर होने से तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक सभी टेम्पो में सवार थे, जो कैलादेवी के दर्शन के लिये जा रहे थे कि राजाखेड़ा-धौलपुर सड़क मार्ग पर दिहोली गांव के नजदीक एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टेम्पो को टक्कर मार दी। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल लोगों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान टेम्पो चालक जसवंत सिंह, हरिओम और अयोध्या सिंह के रूप में हुयी है। मृतकों के शवों को अस्पताल की शवगृह में रखवाया है।

पुलिस भर्ती की परीक्षा देने जा रही युवती की ट्रक की टक्कर से मृत्यु

हमीरपुर(वार्ता)। उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के मौदहा क्षेत्र में शनिवार को भाई के साथ बाइक में पुलिस भर्ती की परीक्षा देने जा रही युवती की ट्रक की टक्कर से घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी जबकि गंभीर हालत में भाई को सीएचसी मौदहा में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के भैस्ता गांव निवासी गुड़िया(19) पुत्री कृष्ण प्रसाद यादव पुलिस की भर्ती परीक्षा देने भाई कौशल के साथ हमीरपुर जा रही थी जैसे ही बाइक कस्बे के मलीकुआ मोहाल के पास पहुंची तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे युवती की घटना स्थल पर मृत्यु हो गयी और भाई गंभीर रुपसे घायल हो गया।विस्तृत समाचार के लिए हमारी

अब भाजपा नेताओं के घरों के बाहर भी धरना देंगे किसान, जोर पकड़ता जा रहा आंदोलन

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर की सीमाओं के पास जारी किसानों का प्रदर्शन जोर पकड़ता जा रहा है। आज किसानों के विरोध प्रदर्शन का 5वां दिन है। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) शनिवार को पंजाब में भाजपा के 3 सीनियर नेताओं के घरों के बाहर धरना देगी।

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह, बीजेपी की पंजाब यूनिट के चीफ सुनील जाखड़ और सीनियर नेता केवल सिंह ढिल्लों के आवासों के बाहर धरना होगा। इसके अलावा, यूनियन किसानों के 'दिल्ली चलो' आह्वान को समर्थन देते हुए टोल प्लाजा पर भी विरोध प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शनकारी किसानों की ओर से स्त्रस्क्क के लिए कानूनी गारंटी समेत अपनी विभिन्न मांगों को रखा गया है।

सरकार पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा के 'भारत बंद' आह्वान पर शुक्रवार को पंजाब में सड़कों से बसें नदारद रहीं, जिसके चलते यात्रियों को काफी असुविधा हुई। राज्य में कई स्थानों पर बाजार और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान भी बंद रहे। किसानों ने कई स्थानों पर प्रदर्शन किया और पठानकोट, तरनतारन, बठिंडा और जालंधर में राष्ट्रीय राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने उनकी मांगें नहीं मानने के लिए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हरियाणा के हिसार में, हरियाणा रोडवेज के कर्मचारियों ने 'भारत बंद' का समर्थन किया, जिसके चलते बस सेवाएं ठप रहीं।

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के सदस्यों ने हरियाणा के कई टोल प्लाजा पर धरना दिया और अधिकारियों पर यात्रियों से टोल टैक्स न वसूलने के लिए दबाव डाला।

MSP के लिए कानूनी गारंटी के अलावा ये मांगें

भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने कहा, 'हम स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करने, ऋण माफी आदि मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।'

दिल्ली कूच की योजना को लेकर पूछे गए सवाल पर टिकैत ने कहा कि शनिवार को सिसौली (मुजफ्फरनगर) में बैठक की जाएगी, जहां भविष्य की रणनीति की योजना बनाई जाएगी। स्त्रस्क्क के लिए कानूनी गारंटी के अलावा, किसान कृषकों के कल्याण के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों व खेत मजदूरों के लिए पेंशन और कर्ज माफी, लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देने की भी मांग कर रहे हैं।

भारत बनेगा महाशक्ति! 84,560 करोड़ की डिफेंस डील को मंजूरी

नई दिल्ली। भारत के रक्षा मंत्रालय द्वारा लंबे समय से भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। पिछले कुछ सालों से जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय समुद्रों पर तनाव बढ़ा है, जिस तरह से हमले भी पहले की तुलना में तेज हो गए हैं, उसे देखते हुए रक्षा मंत्रालय ने अब 84,560 करोड़ की डिफेंस डील को मंजूरी दे दी है। बताया जा रहा है कि नई पीढ़ी की टैंक रोधी बारूदी सुरंग, एयर डिफेंस स्ट्रैटेजिक कंट्रोल रडार, भारी वजन वाले टॉरपीडो जैसे प्रस्तावों को सरकार ने अपनी तरफ से हरी झंडी दिखा दी है। इसके साथ-साथ बहुउद्देश्यीय समुद्री विमान, फ्लाइंग रिफ्यूलर विमान को भी साथ जोड़ने का निर्णय लिया गया है। बड़ी बात ये भी है कि जिन प्रस्तावों को केंद्र सरकार ने अपनी तरह से मंजूरी दी है, उनमें से ज्यादातर तो भारत में ही बनाए जाएंगे, यानी कि मेक इन इंडिया को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अलावा रक्षा मंत्रालय ने इस बार Canister Launched

Anti-Armour Loiter Munition System की खरीद को भी मंजूरी दे दी है। लंबे समय से इसकी मांग चल रही थी और बदलती टेक्नोलॉजी को देखते हुए इसकी जरूरत भी महसूस होने लगी थी। जानकारी के लिए बता दें कि इस सिस्टम के जरिए उन ठिकानों को भी निशाना बनाया जा सकेगा जो वैसे नजर के सामने नहीं आते हैं। इस बार मोदी सरकार ने नए टेक्टिकल कंट्रोल रडारों को भी शामिल करने का फैसला किया है।

ये रडार अपनी तकनीक की वजह से काफी खास हैं और धीमी रफ्तार में चलते हुए कई टारगेट्स को निशाना बना सकते हैं। इसके अलावा नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए एक्टिव टोड एर्रे सोनार और भारी टॉरपीडो की खरीद को भी मंजूरी दे दी गई है।

कश्मीर में भी दौड़ेगी वंदेभारत, पीएम मोदी दिखाएंगे इलेक्ट्रिक ट्रेन को हरी झंडी

जम्मू। कश्मीर घाटी में पहली बार इलेक्ट्रिक ट्रेन दौड़ने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 फरवरी को कश्मीर की पहली इलेक्टिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। हाल ही में बनिहाल से संगलदन (रामबन के जिला मुख्यालय) तक रेलवे रूट का काम पूरा हुआ है। अब इस 48 किलोमीटर के रास्ते पर इलेक्ट्रिक ट्रेन दौड़ेगी। अधिकारियों का कहना है कि रूट पर जल्द ही वंदेभारत का भी ऐलान हो सकता है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 हटने के बाद इस क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार जनसभा को संबोधित करेंगे। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि रेलवे एक नया इतिहास लिखने जा रहा है। घाटी में अब क्लीन फ्यूल के जरिए ट्रेन चलेगी। अगले सप्ताह 2000 प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया जाएगा। इसमें कम से कम 500 रेलवे स्टेशनों का सुधार, रेलवे ब्रिज और अंडर ब्रिज का निर्माण शामिल है। चुनावी आचार संहिता लागू होने से पहले दो बड़े कार्यक्रम होने वाले हैं। वहीं अधिकारियों को भरोसा है कि जम्मू से श्रीनगर तक ट्रेन लोकसभा चुनाव से पहले ही दौड़ने लगेगी। सरकार ने वादा किया था कि घाटी को ट्रेन के जरिए जोड़ा जाएगा। बता दें कि संगलदन और कटरा के बीच दो सुरंगों को बनाने में देरी की वजह से इसका काम 6 महीने की देरी

से पूरा हो रहा है। अधिकारियों का कहना है कि दुग्गा और रियासी के बीच 18 किलोमीटर का रूट पूरा हो गया है। हालांकि जब तक दोनों तरफ का काम खत्म नहीं हो जाता इसपर ट्रेन नहीं चलाई जा सकती। उन्होंने कहा, हमें भरोसा है कि जुलाई-अगस्त में जम्मू और कश्मीर के बीच ट्रेन सेवा शुरू हो जाएगी। जो सुरंगें बनाई जा रही हैं वे काफी जटिल हैं। ऐसे में काम पूरा होने में समय लग रहा है। फिलहाल बारामुला-बनिहाल सेक्शन में 138 किलोमीटर में डीजल ट्रेन चलती है। इस सेक्शन के इल्केट्रिफिकेशन का काम भी 470 करोड़ की लागत से पूरा हो चुका है। इस सेक्शन में 19 स्टेशन होंवगे।

शुरू हो सकती है वंदेभारत सेवा

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक एक रेलवे अधिकारी ने कहा, इलेक्ट्रिफिकेशन के बाद इस रूट पर जल्द ही वंदेभारत भी दौड़ सकती है। यह उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक प्रोजेक्ट का हिस्सा है।

कुनबी प्रमाण पत्र वाले मराठा आरक्षण के नहीं हकदार

मुंबई। महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने शुक्रवार को मराठा समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन पर अपनी सर्वेक्षण रिपोर्ट मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सौंप दी है।

जब आयोग के प्रमुख जस्टिस (रिटायर्ड) सुनील शुक्रे ने रिपोर्ट पेश किया तो उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी वहीं मौजूद थे। मुख्यमंत्री शिंदे को उम्मीद है कि इस सर्वे रिपोर्ट के आधार पर मराठा समुदाय को कानूनी जांच पर खरा उतरने वाला आरक्षण मिल सकेगा।

धोखाधड़ी के मामले में ट्रम्प पर लगा 35.5 करोड़ डॉलर का जुर्माना

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर अमेरिका की एक अदालत ने भारी जुर्माना लगाया है। न्यूयॉर्क की एक अदालत के जज ऑर्थर एन्गोरोन ने धोखाधड़ी केस में ट्रम्प और उनकी कंपनियों पर लगभग 355 मिलियन डॉलर यानी 29.46 हजार करोड़ रुपये के दंड भुगतान करने का आदेश दिया है।अदालती आदेश में कहा गया है कि ट्रम्प को जुर्माने की उस राशि पर लाखों डॉलर का ब्याज भी देना होगा।

इसके अलावा अदालत ने डोनाल्ड ट्रम्प पर न्यूयॉर्क कॉरपोरेशन में किसी अधिकारी या

निदेशक के रूप में कार्य करने पर भी रोक लगा दिया है। कोर्ट ने कहा है कि ट्रम्प राज्य में तीन साल के लिए दूसरी अन्य कानूनी संस्थाओं में भी कोई पद नहीं संभाल सकते हैं और साथ ही अपनी किसी भी रजिस्टर्ड कंपनी के लिए किसी भी वित्तीय संस्थान से लोन के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं।

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प ने कर्जदाताओं को धोखा दिया है और अपनी कंपनियों की संपत्ति मूल्य को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया है। मैनहट्टन कोर्ट के 90 पन्नों के इस फैसले की वजह से डोनाल्ड ट्रम्प का रियल एस्टेट साम्राज्य खतरे में आ गया है।

कोर्ट में इस केस की सुनवाई करीब तीन महीने से चल रही थी। कोर्ट ने ट्रम्प के दोनों बेटों, डोनाल्ड जूनियर और एरिक - जो 2017 से ही ट्रम्प ऑर्गनाइजेशन का जिम्मा संभाल रहे हैं, पर भी जुर्माना लगाया है।

कानून की पढ़ाई को ग्रामीण इलाकों में ले जाने की जरूरत: डीवाई चंद्रचूड़

नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि कानून की उच्च शिक्षा को दूरदराज ग्रामीण इलाकों तक बढ़ाया जाना चाहिए।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि छोटे शहरों के छात्र वकील बनने के अवसर से वंचित न रहें। चंद्रचूड़ ने यह बातें डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के उद्घाटन समारोह में कही। उन्होंने कहा, टेक्नोलॉजी ने हमें दूर-दराज के छात्रों तक पहुंचने की क्षमता दी है।



कानूनी शिक्षा में विकास के बावजूद, समकालीन कानूनी शिक्षा प्रणाली केवल अंग्रेजी बोलने वाले शहरी बच्चों का पक्ष लेती है। पांच कानून विश्वविद्यालयों में विविधता पर किए गए एक सर्वेक्षण से पता चलता है कि विभिन्न पृष्ठभूमि के बच्चे अंग्रेजी बोलने में सक्षम नहीं होने के कारण इन विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने में असमर्थ हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने हिंदी अनुवाद का जिक्र करते हुए कहा कि 1950 से लेकर 2024 तक करीब 36 हजार फैसले का हिंदी अनुवाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा उपलब्ध कराया गया है।

उन्होंने कहा कि हिंदी अनुवाद का मकसद है कि जो अंग्रेजी नहीं जानते, उनके घर तक भी कानून पहुंचे और इसे हर प्रदेश में लागू किया जा सकता है।

इलेक्टोरल बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती देने के मूड में नहीं है सरकार

नई दिल्ली। इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वालों के नाम जारी करना सरकार द्वारा किया गया वादे का उल्लंघन होगा। साथ ही यह बैंक गोपनीयता मानदंडों का उल्लंघन होगा। इसके बावजूद केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के द्वारा बीते गुरुवार को सुनाए गए ऐतिहासिक फैसले को चुनौती नहीं देने के मूड में है। आपको बता दें कि कोर्ट ने सरकार की इस योजना को असंवैधानिक करार दिया है।

इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा कि सरकार चुनावी फंडिंग प्रणाली को बेहतर बनाने के वैकल्पिक तरीकों पर विचार कर सकती है। सूत्रों ने कहा कि 17वीं लोकसभा के 15वें सत्र का पहले ही सत्रावसान हो चुका है और चुनाव की अधिसूचना मुश्किल से कुछ सप्ताह दूर है। ऐसे में सरकार न तो समीक्षा याचिका दायर करने पर

विचार कर रही है और न ही नई फंडिंग प्रणाली स्थापित करने के लिए अध्यादेश जारी करने पर विचार कर रही है। हालांकि, आम आदमी के लिए पीआईएल दायर करने का विकल्प खुला हुआ है। गुरुवार को बीजेपी ने कहा कि चुनावी बॉन्ड योजना राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता लाने के लिए शुरू की गई थी। यह योजना चुनावी खर्च में काले धन से छुटकारा पाने के लिए शुरू की गई थी। सूत्र ने कहा, 2017 तक इसके जरिए नकदी का खेल होता था।''सूत्र ने कहा, हम व्यवस्था में सुधार करना चाहते थे, लेकिन हम उद्योगों को स्थानीय सरकारों द्वारा इस आधार पर परेशान नहीं होने दे सकते थे कि वे किसे दान दे रहे हैं। सरकार में एक राय है कि मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ द्वारा दिया गया सुप्रीम कोर्ट का फैसला कोई रास्ता नहीं सुझा सका। उन्होंने कहा, ''जिन पार्टियों और नेताओं के पास काला धन है वे अब इसे खर्च कर सकते हैं। हम पुरानी अच्छी नकद भुगतान प्रणाली पर वापस लौटेंगे।''

अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि बैंक इलेक्टोरल बॉन्ड जारी करना बंद कर देगा। साथ ही भारतीय स्टेट बैंक से 12 अप्रैल, 2019 अदालत के अंतरिम आदेश के बाद से लेकर आज तक खरीदे गए इलेक्टोरल बॉन्ड का विवरण चुनाव आयोग के समक्ष जमा करने को कहा है। गौरतलब है कि एसबीआई के पास इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाले सभी लोगों के नाम, आधार और पैन कार्ड विवरण हैं।

जेल में बंद इमरान खान से ISI की डील

कराची। पाकिस्तान में चुनाव नतीजों की घोषणा हुए एक सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है। हालांकि, अभी तक नई सरकार की तस्वीर साफ नहीं हो सकती है। ऐसा इसलिए हुआ कि पाकिस्तान की जनता ने किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं दिया है। नतीजों को लेकर जैसे-जैसे तस्वीर साफ होती गई, सरकार बनाने को लेकर सियासी समीकरण साधने में सभी दल जुट गई। पूर्व पीएम और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो नवाज शरीफ और उनके पूर्व सहयोगी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच सहमति बनती दिख रही थी।

समानता की भावना विकसित करने स्कूलों में अब 'न्योता भोजन'

- सामुदायिक भागीदारी से भोजन को अधिक पोषक बनाने की पहल
- न्योता भोजन, स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा

रायपुर/नवप्रदेश। स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने की अभिनव पहल की गई है। शाला अवधि में विद्यार्थियों को भोजन प्रदाय करने के लिए संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना गाईडलाईन में सामुदायिक आधार पर तिथि भोजन के प्रावधान के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में इसे 'न्योता भोजन' के नाम से लागू करने का निर्णय लिया गया है। न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। न्योता भोजन की अवधारणा सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं अथवा अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकेंगे।

न्योता भोजन, स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा, बल्कि यह विद्यार्थियों को दिए जा रहे भोजन का पूरक होगा। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा महानदी भवन नवा रायपुर, अटल नगर से आज इस संबंध में सभी जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। 'न्योता भोजन' के संबंध में विस्तृत निर्देश प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के दिशा निर्देश के अध्याय 12 में 'तिथि-भोजन' के नाम से दिये गये हैं, इसका पालन करना भी सुनिश्चित करें। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने जिला कलेक्टरों से कहा है कि 'न्योता भोजन' की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। समुदाय के सदस्य ऐसे अवसरों/त्यौहारों पर अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते है।

'सबका प्रयास'

सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु, 'न्योता भोजन को बढ़ाने के लिये 'सबका प्रयास' अवधारणा का उपयोग किया जाना चाहिये। सबका प्रयास, समुदाय का एक प्रयास हो सकता है। इसके लिये समुदाय को जागरूक करने के लिए स्कूली बच्चों के लिये अतिरिक्त खाद्य पदार्थों के प्रावधान के पोषण संबंधी लाभ से अवगत कराया जाए।

पहल की निगरानी

प्रदान किये गये भोजन की संख्या और प्रकार, अतिरिक्त खाद्य सामग्री और आवधिकता की जानकारी, संधारित करने के लिये, एक रजिस्टर रखा जाए। शाला से विकासखण्ड कार्यालय में भेजे जाने वाले मासिक प्रपत्र में न्योता भोजन की जानकारी दी जाए।

'न्योता भोजन' के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली सामग्रियां

प्रदान की जाने वाली सामग्री में शाला के लिये पूर्ण भोजन, कक्षा विशेष के लिये पूर्ण भोजन अथवा अतिरिक्त पोषण आहार हो सकता है। इसके अतिरिक्त पूर्ण या अतिरिक्त पोषण हेतु सामग्री प्रदान की जा सकती है जिसे शाला के रसोईयों के द्वारा बनाकर बच्चों को परोसा जा सकता है। फल, दूध, मिठाई, बिस्किट्स, हलवा, चिक्की, अंकुरित खाद्य पदार्थ जैसे सामग्री, जो बच्चों को पसंद हो का चुनाव अतिरिक्त पूरक पोषण सामग्री के रूप में किया जा सकता है।

'न्योता भोजन' की आवृति एवं भागीदारी की भावना

समुदाय की शाला में भागीदारी को बढ़ावा देने के लिये समुदाय के सदस्यों के मध्य माह में कम से कम एक दिन स्वच्छता एवं स्वच्छता प्रोटोकाल का पालन करते हुये 'न्योता भोजन' को प्रोत्साहित किया जाना चाहिये। 'न्योता भोजन' में बच्चे एक साथ बैठ सकते है और सही मायने में भोजन, अतिरिक्त खाद्य पदार्थों का आनंद उठा सकते है।

न्यूज गैलरी

यूपीएससी की इंजीनियरिंग सर्विस प्रारंभिक परीक्षा आज

रायपुर/नवप्रदेश। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित इजीनियरिंग सर्विस प्रारंभिक परीक्षा 18 फरवरी 2024 रविवार को दो पालियों में होगी। प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से 12 बजे तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगी। गौरतलब है कि प्रथम पाली में 9.30 बजे एवं द्वितीय पाली में 1.30 बजे प्रवेश बंद हो जाएगा, परिसर में मोबाईल फोन या अन्य कोई इलेक्टॉनिक क्मअपबम प्रतिबंधित होगा । परीक्षा 5 परीक्षा केन्द्रो में होगी। पी. जी. उमाठे, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला शांति नगर रायपुर, जे. आर. दानी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला, कालीबाड़ी चौक, रायपुर, शहीद संजय यादव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजय नगर, रायपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठपुरेना रिंग रोड नं. 1, रायपुर, शासकीय हाई स्कूल लालपुर (एम. एम. आई हास्पिटल के पास) रायपुर में आयोजित की जाएगी।

यातायात नियमों का कराएं कड़ाई से पालन: एसपी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में अब यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों की खैर नहीं होगी। एसपी ने इसके लिए मातहतों को कड़ा निर्देश जारी किया है। आम नागरिकों के साथ ही पुलिस कर्मियों को भी अब हेलमेट पहनकर दोपहिया चलाना होगा। वहीं चार पहिया वाहन चलाने वाले पुलिस जवानों को सीट बेल्ट भी अनिवार्य रूप से बांधना होगा। रायपुर एसएसपी ने इसे लेकर कड़ा पत्र जारी कर दिया है। उन्होंने अपने निर्देश में कहा है कि कोई अफसर या पुलिसकर्मी यातायात नियमों का उल्लंघन करते पकड़े जाते हैं, तो उनके खिलाफ चलानी कार्रवाई तो होगी ही, साथ ही विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जाएगी।

अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस की कार्रवाई जारी

रायपुर/नवप्रदेश। कोरबा पुलिस के द्वारा अवैध शराब, गांजा, महुआ शराब निर्माण, परिवहन, अवैध कबाड़ कारोबारियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस ने सात लोगों से 68 लीटर शराब जब्त करते हुए आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। वहीं अवैध कबाड़ के मामले में 7.5 क्विंटल कबाड़ जब्त कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किया गया। गांजा के सौदागरों से 11 किलोग्राम गांजा पकड़ा गया है और तस्करों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी हितेश चैहान के कब्जे से 3200 नशीली टेबलेट जप्त किया गया। गांजा पुड़िया बेचने वालों 5 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पकड़े गए आरोपियों में किरण साहू, .राममति उर्फगुड्डी बाई, अमर प्रजापति, 3 हितेश कुमार चौहान का नाम शामिल है।

बैगा परिवारों का पक्का मकान का सपना हो रहा साकार

रायपुर/नवप्रदेश। विशेष पिछड़ी जनजातियों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने शुरू की गई प्रधानमंत्री जनमन योजना का छत्तीसगढ़ में तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में इस योजना के तहत बैगा परिवारों के लिए 3 हजार 554 आवासों की स्वीकृति दी गई है, इनमें से 2 हजार 996 पक्के आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में 11 करोड़ 98 लाख रूपए जारी कर दी गयी है। कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला में 179 और पंडरिया के 77 गांवों में बैगा परिवारों की बाहुलता है। इन परिवारों के लिए बोड़ला विकासखण्ड में 2081 और पंडरिया विकासखण्ड में 1474 आवासों की स्वीकृति दी गई है। बैगा परिवारों को प्रथम चरण में 2996 आवासों आवास निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में 40-40 हजार रूपए की राशि जारी की गई है। इसके अलावा योजना में इन गांवों में बुनियादी सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। जिससे विशेष पिछड़ी जनजाति के सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार आएगा।

राज्यपाल को छग राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष ने सौंपा वार्षिक प्रतिवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक नवा रायपुर के अध्यक्ष आई.के. गोहिल ने मुलाकात कर बैंक का वर्ष 2022-23 का वार्षिक प्रतिवेदन सौंपा। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक सुश्री मेघा श्रीवास्तव उपस्थित थी।

बोर्ड परीक्षार्थियों के भय और तनाव दूर करेंगे मनोवैज्ञानिक और मनोचिकित्सक

- माध्यमिक शिक्षा मंडल की अभिनव पहल
- 22 से शुरू होगी हेल्पलाइन, टोल फ्री नंबर-+91-18002334363

रायपुर/नवप्रदेश। बोर्ड परीक्षार्थियों के परीक्षा संबंधी भय और तनाव को दूर करने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल 22 फरवरी से एक हेल्पलाइन शुरू करने जा रहा है। हेल्पलाइन में स्थापित टोल फ्री नंबर-+91-18002334363 के जरिए मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक, विषय विशेषज्ञ, मंडल के अधिकारी और शैक्षिक अभिप्रेरक परीक्षार्थियों के परीक्षा भय एवं तनाव संबंधी समस्याओं का निराकरण करेंगे और उन्हें परामर्श देंगे। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई स्कूल, हायर सेकण्डरी, हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक परीक्षाओं के संदर्भ में परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व 22 फरवरी से हेल्पलाइन प्रारंभ की जा रही है। विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक हेल्पलाइन में मंडल के टोल फ्री नंबर-+91-18002334363 पर अपनी समस्याओं का समाधन कर सकते हैं। रविवार और अवकाश को छोड़कर हेल्पलाइन में मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, शैक्षिक अभिप्रेरक विषय विशेषज्ञ एवं मंडल के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा शुरू की जा रही इस हेल्पलाइन में मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक, शैक्षिक अभिप्रेरक परीक्षार्थियों के परीक्षा भय, परीक्षा तनाव संबंधी समस्याओं का निराकरण कर परामर्श देंगे।

हेल्पलाइन 22 से 28 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक अंग्रेजी, गणित, भौतिक शास्त्र, रासायन शास्त्र, जीव विज्ञान, लेखा शास्त्र के विषय विशेषज्ञ संबंधी विषयों की कठिनाईयों को दूर करेंगे। दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, शैक्षिक अभिप्रेरक हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर-+91-18002334363 पर उपस्थित रहेंगे और 29 फरवरी से 22 मार्च तक आगामी दिवस को होने वाली विषय की परीक्षा से संबंधी समस्याओं का निराकरण करेंगे।

सीएम साय ने कर्पूरी ठाकुर को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री श्री कर्पूरी ठाकुर की 17 फरवरी को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने श्री कर्पूरी ठाकुर का पुण्यस्मरण करते हुए कहा है कि कर्पूरी जी दलित, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। उनके सादा जीवन, स्पष्ट विचार और अदम्य इच्छा शक्ति ने बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित किया। उनकी लोकप्रियता और सेवा भावना के कारण उन्हें 'जननायक' भी कहा जाता है।

भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरान्त भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारतरत्न' से सम्मानित करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि कर्पूरी जी ने देशवासियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। देश के लिए उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

उत्तरी हवाओं के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में फिर लौटेगी ठंड, छाए बादल

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ में नमीयुक्त हवाओं का प्रभाव धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। इससे रात के तापमान में गिरावट आने की संभावना है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में लोगों को हल्की ठंड का अहसास आने वाले कुछ दिनों के दौरान करना पड़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के उत्तरी भाग में उत्तरी हवाओं का प्रभाव बढ़ेगा और दक्षिणी हवाओं का प्रभाव घटेगा। इसके कारण उत्तरी छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में गिरावट देखी जा सकती है। ठंड की वापसी की संभावना के बीच रायपुर में आसमान में छाए बादलों ने मौसम में गर्मी ला दी है। गुरुवार को दोपहर बाद बदली के चलते उमस वाली गर्मी ने लोगों को परेशान किया। हालांकि इस बीच अधिकतम तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की कमी भी दर्ज की गई। रायपुर शुक्रवार को भी सुबह से बादल छाए हुए हैं।

मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी

मौसम विभाग के अनुसार वातावरण में हल्की ठंडकता आ सकती है। मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। गुरुवार को सुबह हल्के बादल थे। कुछ देर बाद तेज धूप खिल गई। दोपहर तक वातावरण लगभग सामान्य ही था, लेकिन शाम को बादलों के बीच उमस वाली गर्मी पड़ने लगी। देर शाम तक उमस था।

नवपदस्थ बिलासपुर आईजी का कैट ईकाई ने किया स्वागत

बिलासपुर/नवप्रदेश। ज़िले के नये आई जी डॉ संजीव शुक्ला जी (आई पी एस) को बिलासपुर पदस्थापना पर कैट बिलासपुर इकाई के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजू सलूजा ,बिलासपुर सचिव हिरानंद जयसिंह ,कार्यकारी अध्यक्ष श्रीकान्त पांडेय , उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल , राजेंद्र सिंह एवम् महिला टिम से निहारिका त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया व बधाई दी।

प्रभु श्रीराम को राजिम कुंभ कल्प का दिया न्योता

- मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राम मंदिर पहुंच प्रभु श्रीराम के चरणों में अर्पित किए पीले अक्षत और निमंत्रण पत्र
- राजिम कुंभ कल्प की तैयारियां जोरों पर
- 24 फरवरी से 8 मार्च तक होगा आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रयाग राजिम में त्रिवेणी संगम पर राजिम कुंभ कल्प के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। राजिम कुंभ कल्प का आयोजन आगामी 24 फरवरी से 8 मार्च तक होगा। धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प में पधारने का प्रथम निमंत्रण आज रायपुर के वीआईपी चौक स्थित श्री राम मंदिर पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन कर उनके चरणों में पहला निमंत्रण पत्र अर्पित किया। हिंदू धर्म में लोग अपने मांगलिक कार्यों का निमंत्रण सबसे पहले अपने ईस्ट देवता व कुल देवता को देते हैं। इसका कारण कुल परंपरा व शास्त्रीय विधान है। उद्देश्य है कि हम जो मांगलिक कार्य करने जा रहे हैं उसे सभी देवी-देवता सफल बनाएं। इसी परंपरा का निर्वाह करते हुए धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प का पहला न्यौता प्रभु श्री राम को देते हुए राजिम कुंभ के सफल आयोजन की कामना की।

संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प का आयोजन के दौरान तीन पुण्य स्नान क्रमशः 24 फरवरी माघ पूर्णिमा, 4 मार्च माता जानकी जयंती और 8 मार्च महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर होंगे। उन्होंने कहा कि पांच साल बाद राजिम कुंभ की भव्यता फिर से लौटेगी। राजिम कुंभ में देशभर से बड़ी संख्या में साधु-संतों पीठाधीश्वर, मठाधीश, महात्मा, शंकराचार्य राजिम कुंभ में पधारेंगे। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि वर्षों बाद अयोध्या में श्री रामलला की घर वापसी हुई है। इसको पूरे देशभर में उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने राजिम कुंभ कल्प को भी रामोत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया। देश-प्रदेश के श्रद्धालु गणों के आगमन से राजिम कुंभ कल्प का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ होगा।

प्रदेश में बेहतर होगा सड़कों का ढ़ांचा, नई सड़कों और फ्लाईओवर सहित कई प्रस्ताव

- पीडब्ल्यूडी के लिए 8016 करोड़ रुपए की अनुदान मांगे पारित

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 8016 करोड़ 84 लाख 34 हजार रुपए अनुदान मांगे प्रस्तुत की गई जिसे आज विधानसभा में पारित किया गया। श्री साव ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार प्रदेश में सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने के साथ ही अविकसित और पिछड़े क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में तेजी से वाहनों की संख्या बढ़ी है। इससे यातायात पर दबाव बढ़ा है। सड़कों के चौड़ीकरण की जरूरत है और इनके सुदृढ़ीकरण की जरूरत भी है ताकि यातायात व्यवस्थित हो, इस जरूरत के अनुरूप बजट प्रावधान किये गये हैं। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि मोदी जी की गारंटी के अनुरूप वर्ष 2027 तक प्रत्येक राजमार्ग को बारहमासी एवं यातायात की जरूरतों के अनुरूप मजबूत करेंगे। मोदी जी की गारंटी के अनुरूप राज्य के सभी राज्यमार्गों को यथासंभव डबल लेन किया जाएगा।

श्री साव ने कहा कि पहुंचविहीन गांवों में सड़क अधोसंरचना सुनिश्चित करेंगे ताकि ये गांव मुख्यधारा से जुड़ सकें। श्री साव ने कहा कि निर्माण कार्यों में पूरी तरह गुणवत्ता सुनिश्चित हो, इसके लिए पीडब्ल्यूडी दृष्टि एप लांच किया गया है। इसके माध्यम से निरीक्षणकर्ता अधिकारी कार्यस्थल से ही कार्य के फोटोग्राफ लेकर सर्वर पर अपलोड कर सकेंगे। श्री साव ने बताया कि सड़कों की मरम्मत के लिए 396 करोड़ रुपए रखे गये हैं। प्रदेश में नये रेलवे ओवरब्रिज, अंडर ब्रिज एवं अंडर पास बनाये जाएंगे। पंडरी-मोवा मार्ग पर बनेगा फ्लाईओवर- 75 करोड़ रुपए की लागत से पंडरी मोवा मार्ग पर फ्लाईओवर का निर्माण कराया जाएगा। तेलघानी नाका चौक से स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 7 तक अंडर पास का निर्माण किया जाएगा, इसकी लागत 10 करोड़ होगी। मंदिरहसौद स्टेशन के निकट रेलवे ओवरब्रिज बनेगा, इसकी लागत 12 करोड़ रुपए होगी। रायगढ़ चक्रधर नगर में रेलवे ओवरब्रिज बनाया जाएगा जिसकी लागत 80 करोड़ रुपए होगी। अटल पथ एक्सप्रेस वे में फुंढहर चौक सेप्रेटर बनाया जाएगा जिसकी लागत 10 करोड़ रुपए होगी। बिलासपुर में मंगला चौक में 12 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से ग्रेट सेप्रेटर बनाया जाएगा। रिंगरोड क्रमांक 2 रायपुर जरवाय मार्ग पर 20 करोड़ रुपए की लागत से ओवरपास बनाया जाएगा। सरोना चौक रिंगरोड क्रमांक 1 पर 10 करोड़ रुपए की लागत से ओवरपास बनाया जाएगा। भारत माता चौक से कुकरी तालाब के पास स्टेशन प्लेटफार्म 7 तक ओवरपास तथा अंडरपास बनाया जाएगा, इसकी लागत 5 करोड़ रुपए होगी। इसी तरह से रायपुर एक्सप्रेस वे के गुढ़ियारी भाग से प्लेटफार्म 7 तक अंडरपास बनाया जाएगा जिसकी लागत 5 करोड़ रुपए होगी। टाटीबंध भनपुरी रिंग रोड नंबर 2 पर 12 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से ओवरपास का निर्माण होगा। भवन कार्यों के लिए 961 करोड़ 78 लाख रूपए का बजट रखा गया है।

अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में सड़क पुल निर्माण कार्य के लिए 1517 करोड़ 60 लाख रुपए का बजट रखा गया है। अनुसूचित जनजाति उपयोजना भवन कार्य के लिए 258 करोड़ 57 लाख व्यय किये जाएंगे। इसी प्रकार अनुसूचित जाति क्षेत्र में भवन-सड़क एवं पुल निर्माण के लिए 371 करोड़ 16 लाख रुपए की राशि रखी गई है।

अवैध उत्खनन-परिवहन करने वालों पर गिरी कार्रवाई की गाज

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में मुरुम, रेत आदि का अवैध खनन व परिवहन करने वालों पर पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। इसी क्रम में पुलिस ने रेत माफ्यिाओं पर कार्यवाही करते हुए प्रगति नगर तीन नंबर गेट के पास अवैध तरीके से रेत रखकर परिवहन करते ट्रैक्टर को पकड़ कर वैधानिक कार्यवाही किया गया। चौकी प्रभारी राजगामार एवं उनके कर्मचारियों के द्वारा अवैध रेत पर कार्यवाही करते हुए ग्राम बुंदेली में अवैध तरीके से रेत रखकर परिवहन करते ट्रैक्टर को पकड़ कर वैधानिक कार्यवाही करते हुए माईनिंग विभाग के अधिकारियों को सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में थाना प्रभारी कुसमुण्डा व चौकी प्रभारी सर्वमंगला द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों एवं माईनिंग विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों के साथ रेत माफ्यिाओं पर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई है। अवैध रुप से रेत रखने की सूचना मिलने पर हमराह स्टाफके सूचना तस्दीक पर पट्टा लाईन सर्वमंगला एवं सर्वमंगलानगर के कादिर खान के बाड़ी के पास रवाना हुए जो 02 अलग अलग जगहों पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में लगभग 185 ट्रैक्टर रेत मिला जिसका कीमत लगभग 5,55,000 रुपये को समक्ष गवाहन के पंचनामा तैयार कर मौके पर ही माईनिंग विभाग के अधिकारियों को सुपुर्द किया गया।

सुनो भाई उधो

सपना सरकस के

परमानंद वर्मा

सोचो कभी ऐसा हो तो क्या हो, जब सर्कस के पिंजरे से शेर निकल कर भाग जाए तब क्या हालत होती होगी दर्शकों की, शहर वालों की? ऐसा ही हो रहा है आज। देहली सर्कस एण्ड कंपनी का एक खूंखार चीता रिंग मास्टर के हंटर से चमक कर सुरक्षा घेरे से बाहर आ गया है। फिर क्या था अपने आक्रामक तेवर का प्रदर्शन करते हुए बड़े-बड़ों को ऐसे लहूलुहान कर रहा है जिसकी किसी को कल्पना नहीं थी। उस चीते को सभी प्यार से 'ईडी' कहकर पुकारते हैं। इसी संदर्भ में प्रस्तुत है यह छत्तीसगढ़ी आलेख-

- अरे भागव रे, भागव, जी परान बचाना हे तब ए तीर ले भागव।
- काबर भागबो जी ए तीर ले, का होगे हे तेमा भागबो?
- नइ भागव तब जाव मरव रे सारे हो, तुंहर मन के रई आगे हे तेला कोनो नइ बचा सकय?
- अरे का बात होगे हे तेला बताबे ते बस कुकुर मांस खाय बरोबर बड़बड़ावत रहिबे?

-नइ मानव न मोर बात ल, सारी दुनिया जानगे हे, देशभर के अउ गांव भर के मनखे जानगे हे फेर तुंहर असन मूर्ख मनखे मैं कहूं नइ देखे हौं, अतेक अंधरा, अतेक अड़ानी होके नइ रहना चाही?

- अरे परलोखिहा सारे नइ तो हो जइसे रावन, कंस, दुरजोधन, दुशासन अऊ बड़े-बड़े राक्षस मन के नांव ल सुन के रिसि-मुनि, गियानी अउ आम आदमी कांपय तइसने कस अभू होवत हे।

ये मेहतरु जकहा-बकहा के मुंह ले अइसन बात सुन के दइहान मं सकलाय राहय तउन मन कहिथे, तुंहर मन के समझ मं आथे गा, एकर बात हा?

परसादी कहिथे- कोन जनी बुजा हा का कहिथे, का बकथे ते कुछु समझ नइ परय?

समारु, चिंता, रामनाथ, गोविंद, ईश्वर अउ कन्हैया घला परसादी के बात के समरथन करत कहिथे- कोन जनी ओहर का देख परे हे, सुन डरे हे ते झझके असन बड़बड़ावत हे।

उही तीर सरपंच जगमोहन रिहिसे तउन कहिथे- राहौ तो गा राहौ,एकदम से हड़बावौ झन। उहू लइका, हा कुछु देखे, सुने, पढ़े होही, कोनो मेर तभे अइसन झझखे हे, डरे हे, तभे तो काहत हे भागव... भागव...। ओला तीर के बला लौ अउ पूछव का बात हे बेटा, काबर, का जिनिस हे तेला देखके तैं झझक गे स?

सरपंच जगमोहन ओ लइका ल तीर मं बलइस, ओकर बर पानी मंगइस। एक गिलास पानी ल गटागट ओहर पीगे।

सरपंच पूछथे- हां, बता बेटा, का बात हे, काबर सब झन ल भागव... भागव... भागव... काहत हस?

ये बेटा के नांव हे मेहतरु, बने हट्टा-कट्टा, नौजवान हे कोनो जोजवा-भोकवा नइहे। ओहर सरपंच ल बताथे- का बतावौं मालिक, रात के एक ठन भयंकर सपना देख परे हौं।

- का सपना रे, सरपंच हा पूछथे। अब ओ तीर सुनइया मन के मजमा लग जथे अउ सब कान देके ओकर बात ल सुने ले धर लिन जइसे कोनो रहस्य-रोमांच के बात सुनावत हे?

- हां, त बता बेटा मेहतरु का अइसे भयंकर सपना देख डरे के अतेक हड़बड़ागे हस?

- हड़बड़ाय के लइक सपना रिहिस हे, तैं नइ पतियाबे, गउकिन काहत हौं गा, ओ भयंकर सपना ल देखत-देखत डर के मारे मूत (पेशाब) घला कर डरेंव।

सुनत राहय तउन चंगू-मंगू मन जोर से खिलखिला के हांस भरथे, कठल जथे। कोनो-कोनो कहिथे- ये सारे मेहतरु हा लबारी मारत हे, चुतिया बनावत हे, नइ देखे हे अइसन कोनो सपना, एकर बात मं कोनो झन आहौ। लफंगा हे, झूठ-मूठ के बात बनावत, बेंझावत हे।

सरपंच कहिथे- राहौ तो गा, थोकन चुप तो राहौ। का काहत हे एहर तउन ल सुन तो लौ?

-हां त बता बेटा मेहतरु, का देखे भयंकर सपना मं?

-मेहतरु- अरे बाप रे, का बतावौं मालिक, दिल्ली मं सरकस होवत हे तिहां के रिंग मास्टर के हंटर खाके चीता अतेक बौखला गे, सब पंडाल मन ल टोरटार के ऐती-ओती जिहां पावत हे जात हे राड़ छड़ावत हे। सब जी परान दे के एती-ओती भागत हे।

रामनाथ पूछथे- तोर ये सपना सही हे के अइसन डेर्रावत हस?

मेहतरु बताथे- मोला का लेना-देना हे भइया ककरो से। बिहनिया मोर नींद खुलिस तब देखथौं, ओ चीता नोहय, ओ ईडी हे। आईटी, सीबीआई पुलिस घला हे ओकर संग मं। जेन मोटहा आसामी हे, जनता के धन ल लूट-लूट के खाय हे, भोभस मं भरे हे तेकर इहां घुसर-घुसर के छापा मारत हे। कोनो नेता, कोनो मंतरी, कोनो उद्योगपति, व्यापारी, कलाकार एक ला नइ छोड़त हे। मैंहर देखे हौं- गिंधोल कस मोटाय ओ बेईमान, गरकट्टा, दोगला, पाखंडी मन ल अइसन ठठावत हे, धुर्रा छड़ावत हे के ओकर मन के हौसडा बंद होगे हे। सब ल जेल मं धांधत हे। एक नइ सुनत हे ककरो। एक झन नइ बता सकत हे के अतेक रुपिया, सोना-चांदी, जमीन-जायदाद, महल-अटारी, घोड़ा-गाड़ी कहां ले अउ कइसे अतेक जल्दी बटोर डरे हे?

ओहर बताथे- मैं सपना मं देखेंव, रिंग मास्टर जब ओला निरदेस देवत रिहिसे तब कनमटक नइ देवत रिहिसे फेर जब एक हंटर परिस ना तब हां जी मेरे आका काहत पंडाल (ऑफिस) ले बाहिर निकलिन अउ फाइल खोल-खोल के देखिन तब बड़े-बड़े भुंडा के नांव दिखिस। बिहानभर तड़ातड़ छापा कार्रवाई शुरू होगे।

बागों में बगर गया बावरा बसंत

मैं ऋतुओं में न्यारा वसंत, मैं अग-जग का प्यारा वसंत. मेरी पगध्वनि सुन जग जागा, कण-कण ने छवि मधुरस मांगाज कवयित्री महादेवी वर्मा ने अपनी कविता 'स्वप्न से किसने जगाया' में वसंत ऋतु का जिक्र किया है. इस ऋतु में मौसम और प्रकृति में आने वाले खूबसूरत बदलाव से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है. वसंत पतझड़ के मौसम के बाद ठूंठ हो चुके पेड़-पौधों में फूल पत्तियों के खिलने का समय है, जनमें भंवरे और मधुमक्खियां अपने जीवन की धारा तलाशने पहुंचते हैं. यही कारण है कि वसंत को श्रृंगार की ऋतु व ऋतुओं का राजा कहा गया है.

वसंत का वर्णन काव्य ग्रंथों, शास्त्रों व पुराणों में सुंदर सजीव वर्णन के रूप में मिलता है. यही कारण है कि साहित्य प्रेमी और कवि इस ऋतु के बदलाव को अपनी कलम से सजाते रहे हैं. इस मौसम को पीले रंग से भी जोड़ा गया है, जो समृद्धि का प्रतीक है. यही कारण है कि वसंत पंचमी यानी सरस्वती पूजा के दिन महिला व पुरुष पीले रंग के परिधान पहन कर वसंत का स्वागत करते हैं।

कवियों की नजर में बसंत ऋतु

वसंत को पुष्प समय, पुष्प मास, ऋतुराज, पिक नंद व काम जैसे नाम कवियों ने दिये हैं. इसका अभिप्राय भागवत गीता से मिलता है, जहां भगवान श्री कृष्ण ने कहा है कि ऋतुओं में मैं वसंत हूं. इसमें प्रकृति बोध के साथ मनुष्यत्व की नयी शुरुआत की छवि मिलती है. यही कारण है कि भारतीय साहित्य की सभी भाषाओं में वसंत का अस्तित्व है. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, विद्यापति, अज्ञेय व नागार्जुन जैसे कवियों ने अपनी रचनाओं में वसंत को उकेरा है।

मौसम-ए-गुल का समय है बसंत

प्रेम और उन्माद के इस समय को कवियों ने मौसम-ए-गुल के रूप में भी चित्रित किया है. यह मौसम न ही सर्दी का और न ही गर्मी का होता है. दोनों मौसम के मेल के कारण ही इसे मौसम-ए-गुल कहा गया है. सम-मौसम में प्रकृति के साथ जीव-जंतु और मनुष्य से मनुष्य का जुड़ाव भी बढ़ता है. इस मौसम में फसलें पक कर तैयार हो जाती हैं, आम की डालियां मंजरी से भर जाती हैं और पौधे भी फूलों से लद जाते हैं. मॉडर्न कल्चर में प्रेम के बढ़ते व्यवहार के कारण ही युवा पीढ़ी इस समय को वेलेंटाइन वीक मनाती नजर आती है।

शिक्षा संस्कार से भी जुड़ी है मान्यता

धर्म में आस्था और मन में विश्वास रखने वाले लोग वसंत पंचमी से अपने जीवन की नयी शुरुआत करते हैं. ऋतुओं का राजा वसंत नयी उम्मीद लेकर आता है. इस दिन ज्यादातर लोग शिक्षा संस्कार भी कराते हैं. छोटे बच्चे कलम कॉपी की पूजा करते हैं. मां सरस्वती का आशीर्वाद लेकर अपनी शिक्षा प्रारंभ करने का संकल्प भी लेते हैं. गायत्री मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सरस्वती पूजा पर शिक्षा संस्कार पर विशेष पूजा की जाती है।

आज भी वसंत ऋतु का होता है इंतजार

वसंत ऋतु कवियों से लेकर आम लोगों को मोहित करती है. वृक्षों के कटाव और शहरी जीवन जीने की होड़ ने पर्यावरण को प्रभावित किया है, लेकिन आज भी कवि वसंत से नहीं बच सके हैं. आज के जन कवि तक पहुंचते-पहुंचते न इसका रूप बदला है, न ही चंचलता. कालिदास का अपना युग था. फिर भी ऋतुराज ने अपने प्रभाव में भेदभाव नहीं किया. आज भी अधिकतर कवि वसंत से अछूते नहीं रहे हैं।

प्रकृति में आता है बदलाव

वसंत पंचमी के आगमन से प्रकृति में बदलाव आने महसूस होने लगते हैं. पेड़ों पर नयी कोपलें, रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू व पक्षियों की सुरीली आवाज गूंजने लगती है. खेतों में दूर-दूर तक सरसों के पीले फूल दिखते हैं और होली की उमंग भरी मस्ती दिखने लगती है. साथ ही इस ऋतु में प्रकृति खुद को संवारती है. मनुष्य के अलावा पशु-पक्षी उल्लास से भर जाते हैं. आम के पेड़ों पर मंजर भर आते हैं. मनुष्य के साथ पशु-पक्षियों में नयी ऊर्जा भर जाती है।

आयुर्वेद में बसंत ऋतु का महत्व

आयुर्वेद में वसंत ऋतु का काफी महत्व है. इस ऋतु को ऊर्जस्कर माना गया है. इस समय शौंठ, नागरमोथा, त्रिफला चूर्ण, नीम के पत्ते को काली मिर्च के साथ पीस कर 21 दिन तक प्रयोग करने से अगले एक वर्ष तक खून साफरहता है. इससे शरीर को चर्म रोग से निजात पाने में मदद मिलती है. वसंत ऋतु में कफबनने की प्रवृत्ति बनी रहती है. ऐसे में त्रिकूट चूर्ण व सितोपलादि के इस्तेमाल से स्वास्थ्य लाभ जैसे खांसी, सर्दी, जुकाम के इलाज, पेट की समस्या व वजन घटाने में मदद मिलती है।

वसन्त
की परी के प्रतिसखि,
वसन्त आयारँग गई पग-पग धन्य
धराहँसी के तार के होते हैं ये बहार के
दिनअलि की गूँज चली द्रुम कुँजोंआज
प्रथम गाई पिक पंचमफूटे हैं आमों में
बौरवरद हुई शारदा जी हमारीकूची
तुम्हारी फिरी कानन में

भक्तिकालीन संत और महान समाज सुधारक थे संत रविदास



हर साल माघ माह की पूर्णिमा तिथि के दिन संत रविदास जयंती मनाई जाती है. रविदास जयंती और माघी पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व होता है. इस साल 5 फरवरी 2023 को रविदास जी का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है. संत रविदास जी रैदासजी के नाम से भी प्रसिद्ध है. इस दिन संत रविदास के अनुयायी बड़ी संख्या में उनके जन्म स्थान पर एकत्रित होकर भजन कीर्तन करते, रैलियां निकालते हैं और उनके बताएं अनमोल विचारों पर चलने का प्रण लेते है। संत रविवास जी बेहद धार्मिक स्वभाव के थे. रविदास भक्तिकालीन संत और महान समाज सुधारक थे.उन्होंने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्त्तव्यों का भी बखूबी निभाया. इन्होंने बिना भेदभाव के आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी, और इसी तरह से वे भक्ति के मार्ग पर चलकर संत रविदास कहलाए. उनके उपदेशों और शिक्षाओं से आज भी समाज को मार्गदर्शन मिलता है। संत रविदासजी का जन्म माघ पूर्णिमा के दिन उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर स्थित गोवर्धनपुर गांव में 1376 ईस्वी हुआ था. इनके पिता का नाम राहू और माता का नाम करमा था. इनकी पत्नी का नाम लोना बताया जाता हैं इन्हें संत रविदास, गुरु रविदास, रैदास, रूहिदास और रोहिदास जैसे कई नामों से जाना जाता हैं. ऐसा कहा जाता है कि जिस दिन रविदास जी का जन्म हुआ था उस दिन माघ पूर्णिमा के साथ साथ रविवार का दिन था इसलिए उनका नाम रविदास रखा गया. वे समतामूलक समाज के प्रबल समर्थक थे।उनके त्यागपूर्ण,आडम्बर रहित जीवन,उदारता व विनम्रता के कारण उन्हें हरिभक्त, गुरु, उपदेशक, समाज सुधारक, संत शिरोमणि के रूप में जाना जाता है।

समाज के लिए गुरु रविदास का योगदान

संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी एक महान संत और समाज सुधारक थे. भक्ति, सामाजिक सुधार, मानवता के योगदान में उनका जीवन समर्पित रहा. आइये जानते हैं गुरु रविदास के महत्वपूर्ण योगदानों के बारे में-

धार्मिक योगदानः भक्ति और ध्यान में गुरु रविदास का जीवन समर्पित रहा. उन्होंने भक्ति के भाव से कई गीत, दोहे और भजनों की रचना की, आत्मनिर्भरता, सहिष्णुता और एकता उनके मुख्य धार्मिक संदेश थे. हिंदू धर्म के साथ ही सिख धर्म के अनुयायी भी गुरु रविदास के प्रति श्रद्धा भाव रखते हैं. रविदास जी की 41 कविताओं को सिखों के पांचवे गुरु अर्जुन देव ने पवित्र ग्रंथ आदिग्रंथ या गुरुग्रंथ साहिब में शामिल कराया था।

सामाजिक योगदानः समाज सुधार में भी गुरु रविदास जी का विशेष योगदान रहा. इन्होंने समाज से जातिवाद, भेदभाव और समाजिक असमानता के खिलाफ होकर समाज को समानता और न्याय के प्रति प्रेरित किया।

शिक्षा और सेवाः गुरु रविदास जी ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और अपने शिष्यों को उच्चतम शिक्षा पाने के लिए प्रेरित किया. अपने शिष्यों को शिक्षत कर उन्होंने शिष्यों को समाज की सेवा में समर्थ बनाने के लिए प्रेरित किया. मध्यकाल की प्रसिद्ध संत मीराबाई भी रविदास जी को अपना आध्यात्मिक गुरु मानती थीं।

संत रविदास के कुछ अनमोल वचन और दोहे

मन ही पूजा मन ही धूप,
मन ही सेऊं सहज स्वरूप।।

अर्थः *निर्मल मन में ही भगवान वास करते हैं.अगर आपके मन में किसी के प्रति बैर भाव नहीं है, कोई लालच या द्वेष नहीं है तो आपका मन ही भगवान का मंदिर, दीपक और धूप है। ऐसे पवित्र विचारों वाले मन में प्रभु सदैव निवास करते हैं।*

करम बंधन में बन्ध रहियो,
फल की ना तज्जियो आस,
कर्म मानुष का धर्म है, सत् भाखै रविदास।।

अर्थः *हमें हमेशा अपने कर्म में लगे रहना चाहिए और कभी भी कर्म के बदले मिलने वाले फल की आशा नही छोड़नी चाहिए.कर्म करना हमारा धर्म है तो फल पाना हमारा सौभाग्य है।*

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1915 में आज ही के दिन प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी ने इंग्लैंड की नाकेबन्दी की थी। 1905 में आज ही के दिन श्यामजी कृष्णवर्मा ने इंडिया होमरूल सोसायटी की स्थापना लंदन में की थी। 1911 में 18 फरवरी के दिन ही विमान से पहली बार डाक पहुंचाने का काम भारत में हुआ था। 1943 में 18 फरवरी के दिन ही नाजी सेना ने व्हाइट रोज आंदोलन के सदस्यों को गिरफ्तार किया था। 1946 में आज ही के दिन मुंबई में रॉयल इंडियन नेवी (नौसेना) का विद्रोह हुआ था। 1946 में आज ही के दिन मुंबई में रॉयल इंडियन नेवी (नौसेना) का विद्रोह हुआ था। 1954 में 18 फरवरी के दिन ही पहले चर्च आफसाइंटोलॉजी की स्थापना लॉस एंजिलिस में की गई थी। 1971 में आज ही के दिन भारत ने अरवी सैटेलाइट स्टेशन के जरिये ब्रिटेन के साथ पहला उपग्रह संपर्क किया था। 1979 में 18 फरवरी के दिन ही सहारा रेगिस्तान में पहली और अब तक के रिकार्ड में अंतिम बार हिमपात की घटना हुई थी। 1998 में 18 फरवरी के दिन ही सी. सुब्रह्मणयम भारत रत्न से सम्मानित हुए थे।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:06, सूर्यास्त : 06:16, चन्द्रोदय : 11:39, चन्द्रास्त :26:23, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः : 2080 (पिंगल), मास : माघ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : नवमी, नक्षत्र : रोहिणी, योग : वैधृति, प्रथम करण : बव (08:15 तक), द्वितीय करण : बालव (20:11 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : वृष, मंगल : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मकर (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मकर (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:09 से 12:53, अमृत काल : 30:06 से 07:44 बजे, सर्वार्थसिद्धि योग : 08:46 से 30:55, अमृतसिद्धि योग : 08:46 से 30:55, रवियोग : 08:46 से 30:55, विजय मुहूर्त : 14:23 से 15:08, गोधूलि मुहूर्त : 18:04 से 18:30, सायाह्न सन्ध्या : 18:06 से 19:23, निशिता मुहूर्त : 24:05 से 24:56, राहुकाल : 16:30 से 18:00, राहुवास : पूर्व, यमगण्ड : 13:55 से 15:19, होमाहुति : शुक्र, दिशाशूल : पूर्व।

QUIZ TIME

1) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देहरादून में किसकी प्रतिमा का अनावरण किया है?

2) 36वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला कहाँ आयोजित किया गया है?

3) नए संसद भवन के मुख्य वास्तुकार कौन है?

4) मिशन चंद्रयान-3 के रोवर का क्या नाम रखा गया है?

5) किस भारतीय मूल के तीन शोधकर्ताओं ने युवा वैज्ञानिकों के लिए ब्लावाटनिक पुरस्कार जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सीडीएस जनरल बिपिन रावत (2) हैदराबाद (3) बिमल पटेल (4) प्रज्ञान (5) प्रोफेसर राहुल आर नायर, मेहुल मलिक और तन्मय भरत

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज के दिन आप जल्दी से किसी कार्य को करने के लिए तैयार नही होंगे लेकिन बचते बचते दोपहर बाद व्यस्तता बढ़ेगी।

वृषः आज के दिन आप अपनी उटपटांग हरकतों से आस पास का वातावरण हास्यास्पद बनाएंगे। सेहत स्वयं की गलती से खराब होगी।

मिथुनः आज के दिन आपकी मानसिकता शांति से दिन बिताने की रहेगी लेकिन घर एवं बाहर कुछ ऐसी परिस्थितियां बनेंगी जिनसे क्रोध आएगा।

कर्कः आज का दिन किसी ना किसी रूप में लाभ दिलाएगा। संध्या बाद किसी समाचार से बेचैनी रहेगी। संध्या बाद किसी समाचार से बेचैनी रहेगी।

सिंहः आज का दिन शुभ फलदायक है दिन के आरंभ से ही मन अकारण ही प्रसन्न रहेगा। घर मे किसी विशेष कार्य को लेकर चहल पहल रहेगी।

कन्याः आज आपके मन मे कामनाये तो बहुत रहेंगी लेकिन इनको साकार करने में कुछ ना कुछ व्यवधान अवश्य आएगा। मित्रो का भी साथ मिलेगा। नौकरी वालो को कार्य बोझ जैसे लगेंगे।

तुलाः आप दिन के आरंभ से किसी दुविधा में रहेंगे कोई वरिष्ठ व्यक्ति इससे बाहर निकालने में सहयोग करेगा।

वृश्चिकः आज दिन की शुरुआत से ही आपके मन मे कुछ विशेष योजना बनेगी इसको साकार रूप देने में मध्यान बाद तक सफल हो जाएंगे।

धनुः आज के दिन भी परिस्थितियां उलझन में डालने वाली रहेंगी। दिन के आरंभ से ही मन में कोई डर रहेगा।

मकरः आज के दिन आपका ध्यान इधर उधर की बातों पर अधिक रहेगा दिन का कोई लक्ष्य निर्धारित ना कोने के कारण लक्ष्य से भटक सकते है।

कुंभः आज का दिन भी उतार-चढ़ाव वाला रहेगा दिन के आरंभ से ही घरेलू वातावरण को सुधारने का प्रयास करेंगे।

मीनः आज भी दिन आपके अनुकूल बना है लेकिन आज आपको किसी अनचाही परिस्थिति से भी गुजरना पड़ेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -337

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 336 का हल

खा	म	खां			इं			
स	ह		ब	र	सा	त		प
	क	हा	नी		न	क	च	ढ़ा
त			स्व			ली		ई
क	या	म	त		क	फ	न	
दी		दां		बा	बू		ह	वा
र	ह	ना		ल	त	खो	र	
	वा		नौ	क	र			सा
भा	ई		का			बा	द	ल

न्यूज गैलरी

114 पटवारियों का तबादला

दुर्ग। जिले में 114 पटवारियों का तबादला किया गया। जिसका आदेश जिला कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जारी किया है। जिसमें दुर्ग जिले के अंतर्गत तहसील दुर्ग, पाटन, धमधा, अहिवारा, भिलाई- 03 और बोरी में 3 वर्ष या उससे अधिक अवधि में एक ही तहसील में पदस्थ पटवारियों को प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित किया गया है।

5 किलो गांजा बरामद

भिलाई। थाना वैशाली नगर पुलिस और एसीसीयू की टीम ने गांजा बेचते 60 साल की वृद्धा महिला को गिरफ्तार किया है। महिला से 5.6 किलो गांजा बरामद किया गया है। जिसकी कीमत करीब 33 हजार बताई जाती है। जानकारी के अनुसार 16 फरवरी को पुलिस को सूचना मिली थी। सूचना पर निरीक्षक ममता अली शर्मा थाना प्रभारी वैशाली नगर द्वारा महिला को घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम पता पुछने पर अपना नाम बिरो पति स्व. करनैल सिंह उम्र 60 वर्ष निवासी गणेश मंदिर के पास सार्वजनिक शौचालय के बगल में वृंदा नगर थाना वैशाली नगर का निवासी होना बतायी। आरोपी का कृत्य धारा सदर का अपराध घटित पाये जाने से थाना वैशाली नगर में अप0क 0-41/2024 धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार कर ज्युडिशिलय रिमाण्ड पर भेजा गया है।

महापौर ने किया पुरस्कार वितरण

दुर्ग। नगर के पोटियाकला के शासकीय स्कूल में वार्षिक विभिन्न कार्यक्रमों हुए प्रतिभागी बच्चों को महापौर धीरज बाकलीवाल ने एमआईसी सदस्य दीपक साहू, अनूप चंदनिया, पार्षद ज्ञानदास बंजारे के साथ वितरण किया। शासकीय स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर स्कूल के सदस्यों ने महापौर बाकलीवाल का स्वागत किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इनमें छत्तीसगढ़ी डांस, सोलो डांस, भांगड़ा डांस आदि शामिल हैं। प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों ने भी अपने नृत्य से दर्शकों को लुभाया था। वार्षिक कार्यक्रम में होनहार बच्चो को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया गया। महापौर बाकलीवाल ने बच्चो से कहा कि वे लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करे, समय का सदुपयोग करें। पढ़ाई में ध्यान दे। खेल हो या पढ़ाई दोनो जरूरी है। वार्षिक पुरस्कार वितरण के दौरान प्राचार्य व शाला स्टॉप मौजूद थे।

जागरूकता कैंप का आयोजन

कुम्हारी। भारत शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं भारत सरकार के फ्लेगशिप स्कीम के प्रचार-प्रसार तथा योजनाओं के कवरेज को बढ़ावा देने एवं हितग्राहियों में जागरूकता लाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा जागरूकता कैंप का आयोजन नगर पालिका परिषद द्वारा किया गया है यह कार्यक्रम दो दिनों में चार गांवों को केंद्रित कर आयोजित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार कैम्प स्थल 1 का संचालन रामपुर चोरहा (जैतखाम के पास) व ग्राम कुगदा (मानस भवन) में आयोजित किया गया है। वहीं ग्राम जंजगिरी के मिनी स्टेडियम व परसदा वार्ड के बाजार चौक में कैंप संचालित होगा। हितग्राहियों को भाग लेने की अपील पालिका प्रशासन द्वारा किया गया है।

महतारी वंदन योजना के आवेदनों की समयसीमा में हो जांच : अमिताभ

- **मुख्य सचिव श्री जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महतारी वंदन योजना, सड़क सुरक्षा एवं जेल विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा की**
- **वाहन चालक हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें**

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने महतारी वंदन योजना, सड़क सुरक्षा तथा जेल विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को महिला बाल विकास कें अंतर्गत संचालित महतारी वंदन योंजनाओं के संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि महतारी योजना के अंतर्गत सभी आवदेनों की जांच समय सीमा में किए जाएं। कलेक्टर ने बताया कि जिलें में लगभग 3 लाख के ऊपर आवेदन प्राप्त हुये जिनकी जांच की जा रही है। मुख्य सचिव ने कहा कि आवेदन में दस्तावेजो की जांच करने उपरांत पात्र अपात्र आधार की सूची समय सीमा के भीतर जारी करें। सभी आवेदनों का सत्यापन शीघ्रता से पूर्ण करें। उन्होने सड़क सुरक्षा को लेकर निर्देश देते हुये कहा कि सभी नागरिकों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाये जाएँ। दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। उन्होंने विशेष तौर पर शहरी क्षेत्र, हाईवे एवं अन्य व्यस्ततम अवाजाही के स्थान पर जनता को जागरूक करने के निर्देश दिए। विडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान सीईओ जिला पंचायत अश्विनी देवांगन, जिला परिवहन अधिकारी शैलाभ साहू, आयुक्त नगर निगम लोकेश चन्द्राकर, देवेश कुमार ध्रुव तथा अशीष देवांगन के साथ जेल अधीक्षण आरआर राय व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

आईआईटी का पीएम करेंगे वर्चुअल लोकार्पण

- **358 एकड़ में बना है ईको फ्रेंडली कैंपस, सीएम साय भी रहेंगे मौजूद**

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। नवनिर्मित छत्तीसगढ़ के पहले आईआईटी का लोकार्पण 20 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। सेंट्रल मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन डिपार्टमेंट के सचिव ने इसकी डेट कंफर्म कर दी है। पीएम मोदी आईआईटी का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इस दौरान सीएम विष्णुदेव साय समेत कई मंत्री और बड़े नेता आईआईटी परिसर में मौजूद रहेंगे। मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन डिपार्टमेंट के सचिव संजय मूर्ति ने 15 फरवरी को आईआईटी भिलाई को इस संबंध में पत्र जारी किया है। पत्र में बताया गया है कि 20 फरवरी को पीएम मोदी जम्मू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आईआईटी भिलाई का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे।इसके लिए भिलाई आईआईटी कैंपस में तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णु देव साय के लिए यह पहला मौका है जब वो आईआईटी भिलाई आ रहे हैं। इससे पहले आईआईटी भिलाई की क्लासेस रायपुर के इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार में लगती थीं। अब भिलाई में अत्याधुनिक कैंपस मिल गया है। इसके बाद अब यहां छात्र और रिसर्च स्कॉलर की संख्या बढ़ेगी। यहां वर्तमान में कई विषयों की क्लासेस पहले से चल रही हैं। आईआईटी भिलाई का कैंपस काफी आधुनिक और ईको फ्रेंडली है। इसे लगभग 358 एकड़ में बनाया गया है। पहले फेज में 878 करोड़ की लागत से कैंपस को तैयार किया गया है। कैंपस में क्लासरूम, हॉस्टल, लैब, सभागार, लाइब्रेरी, स्टाफ हॉस्टल समेत सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। वहीं, इस सत्र से क्लासेस भी शुरू हो चुकी हैं। भिलाई में छग समेत दूसरे राज्यों के 700 स्टूडेंट्स पढ़ रहे हैं।

जिले में प्रधानपाठिका और 6 महिला शिक्षक सस्पेंड

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले में संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने बड़ी कार्रवाई की है। संभाग कमिश्नर राठौर ने औचक निरीक्षण के दौरान नदारद मिले प्रधान पाठिका और शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया है। यह कार्रवाई महात्मा गांधी शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधान पाठिका शायना परवीन और 6 महिला शिक्षकों पर की गई। शहर के सर्राफा व्यापारी महावीर जैन की शिकायत पर संभाग कमिश्नर निरीक्षण करने पहुंचे थे। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल और ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर गोविंद साव को शो कॉस नोटिस थमाया है। इसमें पूछा गया है कि अब तक इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई। बताया जाता है की दुर्ग निवासी महावीर जैन ने उनके पास लिखित शिकायत की थी। बता दें कि जांच टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि स्कूल में पदस्थ 11 शिक्षकों में से 6 अनुपस्थित हैं. इसकी वजह से स्कूल में छात्र भी पढ़ने नहीं आ रहे हैं. स्कूल में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या 94 है, लेकिन वहां मात्र 62 विद्यार्थी ही उपस्थित पाए गए. 32 विद्यार्थी स्कूल नहीं आए थे। इसके बाद कमिश्नर और डिप्टी कमिश्नर दुर्ग संभाग, संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग को मिलाकर एक ज्वाइंट टीम गठित की गई। दोनों अधिकारियों की टीम ने महात्मा गांधी शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। महात्मा गांधी शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में वहां की प्रधान पाठिका और शिक्षकों की ओर से बड़ी लापरवाही बरती जा रही है. वहां स्कूल में दर्ज छात्रों की संख्या के अनुपात में काफी अधिक शिक्षक है। इसका फायदा उठाकर प्रधान पाठिका शायना परवीन खान और कई शिक्षक बहुत-बहुत दिनों तक स्कूल नहीं आते हैं।

लोककला महोत्सव पुरखा के सुरता का वोरा ने किया शुभारंभ

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। हमर संस्कृति हमर धरोहर पुरखा के सुरता लोक कला महोत्सव का शुभारंभ पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने वार्ड क्रं. 56 बघेरा में किया। श्री वोरा ने कहा कि हमारे राज्य छत्तीसगढ़ की सभ्यता व संस्कृति पूरे देश में सद्भावना भाईचारे के रुप में जानी जाती है। इसे संजोकर रखने की जिम्मेदारी हम सबके ऊपर है। हमारे पुरखा ने जो इतिहास अपने जीवनकाल में बनाया है इस इतिहास को जानकार अपने जीवन में अपनाकर उसे आगे बढ़ाना ही हमारा कर्तव्य है। वोरा ने कहा कि हमारे लोकगीतों की महक न केवल हमारे प्रदेश को अपितृ पूरे देश को महकाती है। वोरा के साथ पूर्व पार्षद अनिल देवांगन, अरुण यादव, ब्लाक

अध्यक्ष अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, लिखन साहू, चिराग शर्मा, नंदकिशोर शर्मा , पार्षद कुमारी राकेश भारती साहू, अरुण यादव, श्रीमती हिरमौतिन ठाकुर, गजराज नेताम, मोहन देशमुख, बेनूसिंह नेताम, रुपराय पडोटी, गोकुल देवांगन, ललित ढीमर, डॉ. तरुण नायक, रवेन्द्र ठाकुर, भगवान सिंह ठाकुर, बरसन नेताम, सरातु ठाकुर, रवि साहू, बालाराम साहू, संतोष निषाद, दुर्गा ढीमर, नरेन्द्र निषाद, टेकराम साहू, भूपेन्द्र सिंह राजपूत आदि मौजूद थे।

रमेश को मिला छग धरोहर रत्न सम्मान

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। रूपाली महतारी गुड़ी बहुद्देशीय संस्था भिलाई ने रायपुर के वृंदावन हॉल में गुरुवार को छत्तीसगढ़ धरोहर रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें राज्य के अलग-अलग शहरों की उन हस्तियों को सम्मानित किया गया जो समाज में अपना योगदान दे रही हैं। समारोह में चिकित्सा, शिक्षा, सामाज कल्याण व पत्रकारिता आदि क्षेत्रों में विशेष योगदान के लिए विभुतियों का सम्मान किया गया है। चिकित्सा के क्षेत्र भिलाई के संजय तिवारी व डॉ अरुण मिश्रा, डॉ.विश्वमित्र बी. दयाल सहित कुछ अन्य विभूतियों को सम्मान मिला। वहीं पत्रकारिता में उत्कृष्ठ योगदान के लिए रमेश गुप्ता को सम्मानित किया गया।

रूपाली महतारी गुड़ी बहुद्देशीय संस्था भिलाई ने जिन विभुतियों का सम्मान किया उनमें ऐसे लोग भी शामिल हैं तो स्वयं के खर्च से आश्रम चला हैं। किसी ने छत्तीसगढ़ी कैलेण्डर बनाकर अपनी साहित्य कला को बढ़ाया है। चिकित्सा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए भी सम्मान दिया गया। यही नहीं संस्था की अध्यक्ष शांता शर्मा का नाम 25 हजार छत्तीसगढ़ी गहना बांटने के लिए गोल्डन बुक रेकॉर्ड में दर्ज किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेंद्र गोंड, विशेष अतिथियों में लता चंद्राकर, अनिता चौहान, अजय यादव आदि शामिल रहे।

ये भी हुए सम्मानित

खेलः तनुश्री, ज्योति साहू। संगीतः सुनील सोनी, शामला शर्मा, लक्ष्मी करियारे। साहित्यः मिनेश साहू, गजेंद्र रथ गर्व, अमित शर्मा, योगेश नैयर, जोशी सिस्टर्स। आर्टः प्रमोद साहू, धनेश साहू। मीडियाः रमेश गुप्ता, ज्योति सिंह, रचना नितेश, नवीन देवांगन, वर्षा, शशिकांत।

निगम ने सील किया 14 दुकान

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। वित्तीय वर्ष समाप्ति पर अपने राजस्व वसूली के लिए निगम प्रशासन कमर कस रखा है। जोन एक एवं दो के राजस्व अमले ने आयुक्त के निर्देश पर जोन आयुक्त की उपस्थिति में 14 दुकानों को सील किया। राजस्व वसुली टीम निगम क्षेत्र के भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर नहीं पटाए जाने के कारण दुकान में वसूली के लिए पहुंचे तो कुछ ने तत्काल राशि जमा कर राहत की मांग की आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने मार्च माह में राशि पटाए जाने का वचन पत्र लेकर राशि जमा लेने निर्देश दिए। जोन1 स्मृतिनगर के श्यामाचरण पांडे के बकाया राशि सम्पत्तिकर 3 लाख 75 हजार रूपये जमा नही करने पर 8 दुकान तथा जोन दो क्षेत्र के भवन स्वामी उत्तम कुमार लोधी के 5 दुकान व भगवंतिन बाई के दुकान को चपडा से सील बंद किया गया। राजस्व अमले ने कार्रवाई के दौरान 8 लाख से अधिक की राशि वसूल किया। बता दें कि विगत दिनों सुपेला के आकाशदीप काम्प्लेक्स मे सील किए 17 दुकानों में से पांच दुकानदारों ने संपत्ति कर की राशि 3 लाख 64 हजार निगम कोष में जमा किया और दुकान का ताला खुलवाया। निगम प्रशासन ने क्षेत्र के भवन मालिकों से अपील किया है अपने सम्पत्तिकर, जल कर, भुभाटक, दुकान किराया, आदि राशि का भुगतान कर विरुद्ध होने वाली विधिसम्मत कार्रवाई से बचेंगे। कुर्की कार्रवाई मे जोन आयुक्त खिरोद्र भाई , यशा लहरे, सहायक राजस्व अधिकारी जेपी तिवारी, धीरज साहू जोन राजस्व विभाग के कर्मचारी पुलिस प्रशासन तथा तोडफ़ोड़ दस्ता के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

मंत्री देवांगन ने नगपुरा स्थित गौशाला का किया उद्घाटन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पार्श्वतीर्थ नगपुरा स्थित श्री पार्श्व जीव मैत्रीधाम में नवनिर्मित गौशाला का उद्घाटन आज वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम विभाग मंत्री लखन लाल देवांगन द्वारा फीता काटकर किया गया। मंत्री देवांगन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गौमाता की सेवा करना बहुत ही पुण्य का काम है। हमारे दैनिक जीवन में गाय की उपयोगिता को नकारा नही जा सकता। शेडयुक्त गौशाला में 65-70 पशुओं को रखा गया है। सर्वसुविधायुक्त गौशाला में 400 पशुधन रखने की क्षमता है। गौमाता में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। आज बहुत सारे गौशालाओं का संचालन

जैन समाज द्वारा किया जा रहा है। यह बहुत हर्ष की बात है। गाय जीवन भर लाभान्वित करने वाला पशु है जिसके सहारे एक परिवार अपना भरण-पोषण कर सकता है। गौमाता से हमें दूध, दही, पनीर, गौ मूत्र इत्यादि प्राप्त होते हैं, जो कि हमारे शरीर के बहुत उपयोगी है। गौमूत्र से बीमारी का उपचार होता है। राज्य सरकार द्वारा गौ संरक्षण की दिशा में लगातार सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजना का क्रियांवयन करने कृत संकल्पित है। गौशाला निर्माण से शहर के लोगों के अलावा आसपास के गांव के लोगों को भी राहत मिलेगी। गौशाला में दुर्घटना से घायल, बीमार एवं ज्यादा उम्र होने जाने पर किसान पशुओं का भरण-पोषण नही कर पाते हैं और उसे ईधर उधर छोड़ देते हैं। जैनों द्वारा निर्मित इस सर्वसुविधायुक्त गौशाला में गायों का उपचार और उनकी देख-रेख व उनका भरण-पोषण किया जाएगा। इस दौरान विधायक धरमजीत सिंग ने कहा कि जैन मंदिर का दर्शन, पूजा-अर्चना कर व उनके सिद्धांतों को सुनकर मन को काफी शांति प्राप्त होती है। जैन समाज सादगी, करूणा, ममता और दया पर विश्वास रखने वाला समाज है। गौमाता खेतों को उर्वरा प्रदान करती है। जैन समाज का मानवीय कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इस दौरान रितेश बैस, ट्रस्ट अध्यक्ष गजराज पागरिया सहित पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

गर्ल्स कॉलेज में एलुमिनी सम्मेलन में छात्राओं ने दी बेहतरीन प्रस्तुति

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्रा समिति एवं एलुमिनी समिति के संयुक्त तत्वाधान में वार्षिक भूतपूर्व छात्रा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने विगत वर्ष की गतिविधि रिपोर्ट में बताया कि ''एलुमिनी स्पोर्ट सीरिज'' के अंतर्गत सभी विभागों की भूतपूर्व छात्राओं ने विषय-विषेषज्ञ के रूप में व्याख्यान दिये। इंश्रोपीनर के रूप में स्थापित भूतपूर्व छात्रायें, वर्तमान छात्राओं को कौषल विकास प्रदान कर रही है। भूतपूर्व छात्रसंघ समिति द्वारा महत्वकांक्षी योजना ''छोटी बहन छात्रवृत्ति'' संचालित है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं की मदद की जाती है। अधोसंरचना विकास के अंतर्गत भूतपूर्व छात्रा समिति की मांग पर डोम शेड एवं खेल मैदान विकास हेतु दुर्ग पूर्व विधायक अरूण वोरा द्वारा 20 लाख की राशि से डोम शेड तैयार है। जिसमें महाविद्यालयीन गतिविधियाँ संचालित होती है एवं छात्रहित में अनेक कौशल विकास कार्यक्रम भूतपूर्व छात्राओं के सहयोग से संचालित हो रहे है। यूथ रेडक्रॉस एवं एनएसएस में भी भूतपूर्व छात्राओं का विशेष योगदान रहता है। डॉ. अमिता सहगल ने आयोजन के लिए हर्ष व्यक्त की।

आदि शक्ति के बिना ब्रम्हा विष्णु महेश भी अधूरा : पं. दुबे

नव प्रदेश संवाददाता

उरला देवी भागवत कथा में श्रोताओं की उमड़ी भीड़

दुर्ग। काली दुर्गा मंदिर उरला द्वारा आयोजित देवी भागवत कथा यज्ञ निरंतर जारी है देवी की महिमा सुनने व कथा का रसपान करने शहर ही नहीं अपितु दूर से भी विशिष्ठजन पहुंच रहे है के देवी भगवत कथा के 6वे दिन भागवताचार्य पंडित रघुनाथनंदन प्रसाद दुबे मानस केसरी ने आदिशक्ति माता की अनंत कथा का बखान करते हुए कहा की उनके बिना ब्रम्हा विष्णु महेश भी शक्तिहीन है। श्रृष्टि का आधार शक्ति ही है जो उनसे ही संचालित है भागवताचार्य ने देवी की उत्पत्ति का विस्तार से वर्णन करते हुए

कहा कि सृष्टि के निर्माण ही शक्ति पुंज से हुआ। इसी से शिवाकार और त्रिदेव की उत्पत्ति हुई जो ब्रम्हा विष्णु महेश के नाम से जाने गए व सतोगुण, रजोगुण, तमोगुण के कारक बने। जिनमें ब्रम्हा को संसार की रचना, श्री हरि विष्णु को जगत के पालन व शिव अर्थात महेश को संहार का कार्य दिए गए। वास्तव में देवीशक्ति न नर है न नारी न सूक्ष्म है न व्यापक बल्कि अनंत है उनकी कल्पना हम अपनी अपनी कल्पना दृष्टि से नारी की स्वरूप में करते है क्योंकि शक्ति व श्रृष्टि देवी का स्वरूप माना गया है इसीलिए वह जगदम्बा कहलाती है माता की महिमा अपार है उनकी कथा सुनना सौ गुना पुण्य फ्ल के समान है। उरला बायपास रोड के नीचे स्थित जगत जननी माता काली मंदिर में देवी भागवत कथा का श्रवण करने क्षेत्र व आस पास ही नहीं अपितु दूसरे शहर के विशिष्ट जन भी कथा सुनने पहुंच रहे है। मंदिर के मुख्य पुजारी सुशील कहार के मार्गदर्शन में चल रहे 9 दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन दो पाली में मुख्य कथावाचक द्वारा देवी महिमा की विभिन्न स्वरूपों का बखान किया जा रहा है तो वही रात्रि में भी अलग-अलग दिन भक्ति संगीत व जस सेवा का आयोजन किया जा रहा है। गतरात्रि प्रख्यात पंडवानी गायिका ऋतु वर्मा ने पंडवानी की प्रस्तुति दिया देवी महिमा का श्रवण पान करने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे। इसी के तहत कथा 7वे दिन शदाणी दरबार रायपुर के प्रमुख संत युधिष्ठिरलाल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद उपासने, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, पार्षद बृजलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग कथा का रसपान करने पहुंचे। इस अवसर काली मंदिर के मुख्य पुजारी सुशील कहार व अध्यक्ष गुलाब सिंह चौहान द्वारा आगंतुक विशिष्ट जनो का प्रतिक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202402100400327 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका प्रशांत सिंह आ./पति स्व. शिवमंगल सिंह निवासी चिखलदाह खैरागढ़ द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 38 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 89/431 रकबा 0.028 हें/ 2730.60 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202402100400326 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका मंजू सेन आ./पति राजेन्द्र कुमार सेन निवासी शंकरनगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 490/13 रकबा 0.0106 हें/ 1150 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202402100400314 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका शशिकांत सिंह अन्य 01 आ./पति एस.बी. सिंह निवासी प्रगति नगर रिसाली द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 642/122 रकबा 0.0195 हें/ 2100 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00003 मालूद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी.202324430106100002

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00003 के अंतर्गत ग्राम मालूद के वर्तमान भूमिस्वामी नंदकुमार साहू पिता/ पति धर्मसिंह साहू पता मालूद, जागेश्वर साहू पिता/पति धर्मसिंह साहू पता मालूद के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 377(0.0500), 19 (1.1400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नंदकुमार साहू पिता/पति धर्मसिंह साहू पता मालूद, देविका साहू पिता/पति स्व. जागेश्वर साहू ग्राम मालूद, दीपांशु साहू पिता/पति स्व. जागेश्वर साहू पता मालूद, दिलेश्वरी साहू पिता/पति स्व. जागेश्वर साहू पता मालूद के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.03.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.02.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202402101200034/ अ-27/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कुलेश्वरी पिता वेनलाल निवासी खुर्सीपार तह. अर्जुन्दा जिला बालोद मौजा ग्राम अण्डा प.ह.न 32 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 703/1, 1478/2, 1478/4, 1638/2 रकबा कुल 1.1700 हे. को खाता विभाजन कर अलग- अलग ऋण पुस्तिका प्रदान करने हेतु न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 11.03.2024 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.02.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

न्योता भोज का शुभारंभ

कलेक्टर ने अपने हाथों से बच्चों को भोजन परोस मनाया अपना जन्मदिन

रायपुर/नवप्रदेश। हमारे संस्कृत सुभाषित वाक्यों में शुभस्य शीघ्रम की बात कही जाती है अर्थात शुभ कार्य में शीघ्रता की जानी चाहिए। कल ही मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने न्योता भोजन के लिए दिशा निर्देश जारी किए थे कि अपने जन्मदिन पर स्कूली बच्चों के साथ समय बताएं। उनके साथ भोजन करें। इस शुभ कार्य के लिए शीघ्रता से पहल करते हुए कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने अपने जन्मदिन के अवसर पर शासकीय नवीन प्राथमिक शाला धरमपुरा के स्कूली बच्चों को न्योता भोज दिया। डॉ गौरव सिंह आज सुबह सपरिवार स्कूल पहुंचे सबसे पहले सरस्वती माता का वंदन किया। उसके बाद वे बच्चों के बीच पहुंचे और उन्हे पंगत में बैठाया और वन बाई वन थाली लगाई। उसके बाद पूडी, सब्जी, दाल, चावल और खीर परोसा, यहीं नही वे बच्चों के पास जाते रहे और उनकी पसंद पूछकर व्यंजन को फ़िर से परोसा और अंत में बच्चों को केक खिलाया। उनके साथ एसपी श्री संतोष सिंह, डीएफ़ओ श्री विश्वेश्वर राय, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा और जिला पंचायत के सीईओ श्री विश्वदीप ने भी भोजन परोसा। साथ ही कलेक्टर ने इन स्कूली बच्चों के बीच बैठ पत्नी डॉ सुनिता सिंह और दोनो बच्चे आद्या सिंह और अक्षरा सिंह के साथ भोजन किया। भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियां झलक रही थी, वे खिल उठे और प्यार से कलेक्टर के पास जाकर उपहार स्वरूप पुष्प दिया। यहीं नही उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल और कलेक्टर को थैंक यू कहा।

पीएम नरेन्द्र मोदी 20 फरवरी को करेंगे कवर्धा केन्द्रीय विद्यालय का वर्चुअल लोकार्पण

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद संतोष के प्रयासों से कबीरधाम जिला को मिला केन्द्रीय विद्यालय भवन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 20 फरवरी को छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के महराजपुर स्थित नवीन केन्द्रीय विद्यालय भवन का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे।

इस लोकार्पण समारोह में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। केन्द्रीय विद्यालय भवन एवं कर्मचारी आवासीय भवन सहित अन्य निर्माण कार्यो की

लागत 20.56 करोड़ रूपए बताई गई है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने केन्द्रीय विद्यालय भवन के लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लिया।

कलेक्टर महोबे और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने नवीन केन्द्रीय विद्यालय भवन का निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद संतोष पाण्डेय के अथक प्रयासों से कबीरधाम जिले को केन्द्रीय विद्यालय का एक नया संयुक्त परिसर का निर्माण कार्य पूरा हो पाया है। प्राचार्य सुशील कुमार ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय भवन निर्माण कार्यो की आधारशिला वर्ष 2017 में रखी गई थी। वर्तमान में केन्द्रीय विद्यालय कक्षा 11वीं तक संचालित है। जिसमें 486 विद्यार्थी अध्यनरत है। अध्यनरत विद्यार्थियों में 248 छात्र और 238 छात्राएं शामिल है। नवीन केन्द्रीय विद्यालय भवन में सभी कक्षाएं उच्च स्तरीय तरीके से बनाएं गए है। परिसर में खेल, संगीत सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त जगह तैयार किए गए है। केन्द्रीय विद्यालय वर्तमान में आउटडोर स्टेडियम परिसर में संचालित हो रही है।

छत्तीसगढ़ में सुशासन का नया दौर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार राज्य को संवारने के लिए तेजी से फैसले ले रही है। जनहित में लिये जा रहे इन फैसलों से राज्य के वनांचल क्षेत्रों सहित पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है। राज्य में सुशासन का नया दौर शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने शपथ लेने के केवल दो माह के अंदर ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य की जनता को दी गई गारंटी को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर अनेक कदम उठाएं हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने अन्नदाता किसानों को दो साल के बकाया धान बोनस की राशि देने का निर्णय लेते हुए लगभग 13 लाख किसानों के बैंक खातों में सुशासन दिवस के दिन 3716 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की। किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ तथा 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से धान खरीदी की गई है। किसानों को वर्तमान में समर्थन मूल्य का भुगतान सहकारी बैंकों के माध्यम से किया गया है। किसानों को अंतर की राशि देने के लिए राज्य सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की जा रही है, जिसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 10 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय अनुपूरक में 12 हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। प्रदेश के साढ़े 12 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को जल जीवन मिशन के तहत निःशुल्क नल कनेक्शन देने का निर्णय लिया है। निःशुल्क नल कनेक्शन देने के लिए राज्य के बजट में 4,500 करोड़ रुपये प्रावधान रखा गया है। मुख्यमंत्री खाद्यान्न सुरक्षा योजना के लिए 3 हजार 400 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना में भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10 हजार रुपये वार्षिक सहायता का निर्णय भी लिया गया है,

इसके लिए वर्ष 2024-25 के बजट में 500 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा शपथ ग्रहण के दूसरे दिन प्रथम कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 18 लाख घरों के निर्माण की स्वीकृति देने का निर्णय लिया गया, इसके लिए वर्ष 2023-24 के अनुपूरक बजट में 3799 करोड़ और वर्ष 2024-25 के बजट में 8,369 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। महिलाओं के सशक्तिकरण सहित स्वास्थ्य और पोषण को ध्यान में रखते हुए महतारी वंदन योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रुपए की दर से वार्षिक 12 हजार रुपए आर्थिक सहायता दी जाएगी, इसके लिए बजट में 3000 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले लोग बख्शे नहीं जाएंगे। इस संबंध में पीएससी परीक्षा घोटाले की सीबीआई जांच का निर्णय लिया गया है। उन्होंने युवा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना लागू करने का निर्णय लिया है। इसी प्रकार पुलिस विभाग सहित विभिन्न शासकीय भर्तियों में युवाओं को निर्धारित आयु सीमा में 5 वर्षों की छूट देने का निर्णय भी लिया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने तेंदूपत्ता संग्रहण दर को 4,000 रुपये प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क के विस्तार के लिए कटघोरा से डोंगरगढ़ रेल लाइन निर्माण के लिए राज्य के बजट में 300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। घरेलू उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक आधे दाम पर बिजली प्रदाय करने के लिए 1274 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

सिरपुर महोत्सव 24 से 26 फरवरी तक

- इंडियन आइडल फेम और लेजर शो होगा मुख्य आकर्षण
- पहली बार होगा महानदी आरती का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक नगरी सिरपुर में तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव का आयोजन 24 से 26 फ़रवरी तक किया जाएगा। सिरपुर में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय महोत्सव की तैयारियां जोरो पर है। सिरपुर महोत्सव में इस बार लेजर शो और इंडियन आइडल फेम की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण होंगे। महोत्सव के दौरान पहली बार महानदी आरती आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक स्थानीय लोक कलाकारों को अपनी कला की प्रस्तुति देंगे। सिरपुर महोत्सव में स्थानीय एवं छत्तीसगढ़ी स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरेगी। इसके लिए प्रदेश के ख्याति प्राप्त लोक कला मंचों से सम्पर्क किया जा रहा है। राज्य के ख्यातिनाम कलाकारों में सुप्रसिद्ध गायिका आरू साहू, प्रख्यात गायक सुनील सोनी सहित अन्य कलाकारों से संपर्क किया जा रहा है। वहीं इंडियन आइडल फेम अभिजीत सांवत द्वारा भी प्रतुति देने की संभावना है। इसके अलावा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक नगरी सिरपुर के पुरातात्विक इतिहास को लेजर शो के माध्यम से दिखाने की तैयारी चल रही है। महोत्सव के दौरान पहली बार महानदी आरती आयोजन किया जाएगा, इसके लिए भी तैयारी निर्देश दिए गए हैं। विभिन स्थलों में स्वागत गेट भी बनाया जाएगा। मंदिरों में आकर्षक लाइटिंग की जायेगी। सिरपुर महोत्सव के आयोजन स्थल पर साफ़-सफ़ाई, पार्किंग, शौचालय, पेयजल आदि की चाक चौबंद व्यवस्था की जा रही। श्रद्धालुओं के लिए स्नान कुंड भी बनाए जा रहे है। कलेक्टर ने महोत्सव स्थल में स्थाई रूप से बाजार शेड और अन्य विकास कार्यों के लिए भी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों में लगे स्ट्रीट लाईट में लाईटिंग करने के निर्देश दिए हैं। महोत्सव परिसर के अंतर्गत सड़कों का मरम्मत करने कहा गया।

जनसमस्या निवारण शिविर में 72 आवेदनों का हुआ निराकरण

रायपुर/नवप्रदेश। जिस मूलनिवास प्रमाण पत्र, नामांतरण, ऋण पुस्तिका के लिए हफ्ते भर का समय लगता है, लेकिन आज वह घण्टे भर में बन गए और हितग्राहियों को हाथों में तत्काल मिल गए। यह नजारा था कलेक्टोरेट परिसर का। जहां आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इसके पूर्व में तहसील एवं राजस्व मंडल स्तर पर भी शिविर का आयोजन किया गया था। आज शिविर में संभागायुक्त डॉ संजय अलंग और कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आम नागरिकों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। कुछ समस्याओं का मौके पर निराकरण हुआ। कुछ के लिए समय सीमा निश्चित कर समाधान करने की कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए। शिविर में आवेदको द्वारा नामांतरण के संबंध में 31 आवेदन प्राप्त हुये थे जिसमें स्थल पर 22 आवेदनों का निराकरण किया गया, शेष प्रक्रियाधीन है। खाता विभाजन के कुल 02 आवेदन प्राप्त हुये थे जिसमें प्रकरण दर्ज किया गया। सीमांकन के 05 आवेदन में से 03

आवेदनों का निराकरण स्थल पर किया गया, शेष प्रक्रियाधीन है। किसान-किताब के 08 आवेदन प्राप्त हुये सभी आवेदनो का निराकरण स्थल पर किया गया। जाति/आय/निवास प्रमाण पत्र के 19 आवेदन प्राप्त हुये सभी आवेदनो का निराकरण स्थल पर किया गया। राजस्व संबंधी अन्य आवेदनो की कुल 48 आवेदनों में 18 आवेदन का निराकरण स्थल पर किया गया शेष प्रक्रियाधीन है। इस प्रकार कुल 125 आवेदनो में से 72 आवेदनो का स्थल में निराकरण किया गया शेष आवेदनों को शीघ्र निराकरण किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों का निर्देशित किया गया। शिविर में सभी तहसीलों के राजस्व अमला मौजूद था। कलेक्टर सभी तहसीलों के टेबल पर गए उनके आवेदन की स्थिति जानी और आवेदकों से भी बात की। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने राजस्व अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकों से संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करें। जो समस्या जल्द निराकृत हो सकती है। उसका समाधान करें, जो समय सीमा के भीतर अवश्य करें। उन्होंने कहा कि वे स्वयं तहसीलवार मौके पर जाकर समीक्षा करेंगे और लंबिल राजस्व प्रकरण की जमीनी हकीकत की जानकारी लेंगे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

अधिवेशन में बोले पीएम- लोकसभा चुनाव में कमल ...

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भाजपा का चुनाव चिह्न कमल लोकसभा चुनाव में पार्टी का उम्मीदवार है। इस दौरान उन्होंने सदस्यों से अपनी जीत सुनिश्चित करने का आह्वान भी किया। प्रधानमंत्री ने भाजपा सदस्यों से कहा कि वे लोकसभा चुनाव अभियान को गरीब हितैषी कार्यों, देश के विकास और वैश्विक स्तर पर बढ़ी प्रतिष्ठा के ईर्द--गिर्द चलाएं। पार्टी के सम्मेलन की शुरुआत से पहले भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ कार्यकर्ता को अब मतदान केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और 2019 की तुलना में आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए कम से कम 370 से ज्यादा सीटें हासिल करने का लक्ष्य तय करना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी के भाषण के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बैठक में कहा कि विपक्ष चुनाव के दौरान अनावश्यक और भावनात्मक मुद्दे उठाएगा, लेकिन पार्टी के सदस्यों को विकास, गरीब समर्थक नीतियों, बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा और देश के मुद्दों पर बने रहना चाहिए। तावड़े ने कहा कि पार्टी 25 फरवरी से केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए एक अभियान शुरू करेगी।।।

भाजपा में शामिल हो सकते...

दिसंबर 2018 और मार्च 2020 के बीच मुख्यमंत्री रहे। वे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि कमलनाथ को अपने पुत्र नकुलनाथ के राजनीतिक भविष्य की चिंता है। पिछले लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में कांग्रेस को महज एक सीट भी मिली थी जो कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा की थी, जहां उनके बेटे नकुलनाथ ने कड़े संघर्ष के बाद जीत हासिल की थी। छिंडवाड़ा में कमलनाथ/नकुलनाथ की जीत का मार्जिन लगातार घटा है। वहीं बीजेपी ने छिंदवाडा को अपनी कमजोर सूची में रखा है और पिछले 3 सालों में बीजेपी ने वहां बहुत मेहनत की है।

देश में डर और नफरत...

नहीं है जिसे जीएसटी और नोटबंदी से फायदा हुआ हो। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बिजनेस टायकून का पक्ष ले रही है।

उन्होंने कहा, अमीर लोग उसी दर पर जीएसटी का भुगतान कर रहे हैं जिस दर पर गरीब कर रहे हैं, जो बिल्कुल भी उचित नहीं है और इसीलिए हमने न्याय नाम गढ़ा है और अपनी यात्रा का नाम न्याय यात्रा रखा है।

इसरो : मौसम उपग्रह...

पूर्व सूचना मिलेगी, जिससे बचाव और राहत कार्यों में मदद मिलेगी।

इसरो प्रमुख ने टीम को दी बधाई

मौसम उपग्रह के सफल प्रक्षेपण के बाद इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा, मिशन जीएसएलवी-एफ14 इनसैट -3डीएस के सफल प्रक्षेपण की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। अंतरिक्ष यान ने बहुत अच्छी कक्षा में प्रवेश किया है। यान ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम का हिस्सा रहे सभी लोगों को बधाई।

20 मिनट में सैटेलाइट को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित कर देगा जीएसएलवी इनसैट-3डीएस की लॉन्चिंग जीएसएलवी एफ14 रॉकेट से होगी। जीएसएलवी एफ14 का ये 16वां मिशन होगा। जीएसएलवी एफ14 महज 20 मिनट में सैटेलाइट को उसके लक्ष्य तक पहुंचा देगा।

भारतीय मौसम एजेंसियों के अहम साबित होगा उपग्रह

इनसैट-3डीएस सैटेलाइट समुद्र की सतह का बारीकी से अध्ययन करेगी, जिससे मौसम की सटीक जानकारी मिल सकेगी, साथ ही प्राकृतिक आपदाओं के बारे में भी ज्यादा बेहतर अनुमान लगाया जा सकेगा। जब प्राकृतिक आपदाओं की पहले ही सटीक जानकारी मिलेगी तो उन्हें रोकने के भी प्रभावी उपाय किए जाएंगे। भारतीय मौसम एजेंसियों के लिए ये मौसम उपग्रह बेहद अहम साबित होगा।

एमएसपी की कानूनी गारंटी पर...

दोनों सीमाओं पर डटे हुए हैं।

एमएसपी को कानूनी गारंटी देने के लिए अध्यादेश की मांग

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने केन्द्र सरकार से शनिवार को मांग की कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने के लिए अध्यादेश लाए। पंधेर ने शंभू बॉर्डर पर कहा कि अगर केन्द्र सरकार चाहे तो वह रातों रात अध्यादेश ला सकती है। अगर सरकार किसानों के आंदोलन का कोई समाधान चाहती है तो उसे यह अध्यादेश लाना चाहिए कि वह एमएसपी पर कानून लागू करेगी, तब बातचीत आगे बढ़ सकती है। पंधेर ने कहा कि जहां तक तौर तरीकों की बात है तो कोई भी अध्यादेश छह माह तक वैध होता है। कृषि ऋण माफी के मुद्दे पर पंधेर ने कहा कि सरकार कह रही है कि ऋण राशि का आकलन करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस संबंध में बैंकों से आंकड़े एकत्र कर सकती है। यह इच्छाशक्ति की बात है।

पति ने छीना मोबाइल तो, पत्नी ने...

पति भूपेन्द्र साहू बताया कि उसकी शादी 6 साल पहले हुई थी और दोनों की 5 साल की एक बेटी भी है। उसने आगे बताया कि शुक्रवार दोपहर को उसने रचना का मोबाइल छीनकर अपने पास रख लिया और घर से बाहर चला गया था। घर में केवल उसकी मां, भाभी और उनके बच्चे थे। करीब 4 घंटे बाद शाम 7 बजे घर से फोन आया कि रचना ने फांसी लगा ली है। जब भूपेंद्र घर पहुंचा तो उसके सामने पत्नी रचना का शव पड़ा हुआ था। उसके गले में साड़ी का फंदा पड़ा हुआ था।

दिन भर बनाती थी रील्स

भूपेंद्र ने आगे बताया कि उसकी पत्नी रचना दिन भर मोबाइल फोन पर लगी रहती थी। घर का काम और बच्ची को देखना छोड़ वो फोन पर रील्स, इंस्टाग्राम और फेसबुक वीडियो बनाने और पोस्ट डालने में ही लगी रहती थी। उसने कई बार मोबाइल कम इस्तेमाल करने को कहा था। इसे लेकर दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते थे। जब रचना नहीं मानी तो गुस्से में आकर भूपेंद्र ने उसका फोन ही छीनकर अपने पास रख लिया। इससे नाराज होकर रचना ने आत्मघाती कदम उठा लिया। पति ने पुलिस को आगे बताया कि, रचना अपने पति के साथ घर की दूसरी मंजिल में रहती थी। नीचे सास और जेठ का परिवार रहता था। शुक्रवार शाम को घर में केवल रचना की सास, जेठानी और उनके बच्चे ही थे। रचना अपनी बच्ची को लेकर ऊपर कमरे में गई, जहां बच्ची को बंद कर खुद दूसरे कमरे में चली गई। इसके बाद साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से झूल गई। इसी दौरान जब बच्ची रोई तो सास और जेठानी ऊपर पहुंचीं तो देखा कि वो फंदे पर लटकी हुई है। इसके बाद दोनों ने शोर मचाया तो मोहल्ले के लोग पहुंचे और उसे फंदे से नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी।

लेट्स कोलैब छत्तीसगढ़' क्रिएटर मीट अप का आयोजन 24 को

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा आगामी 24 फरवरी को क्रिएटर्स मीट अप का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ संवाद भवन के ऑडिटोरियम में होगा।

आयुक्त जनसंपर्क मयंक श्रीवास्तव ने इस संबंध में बताया कि मीट अप में सुशासन की स्थापना में सोशल मीडिया का महत्व, नई सरकार से युवाओं की उम्मीदें, सोशल मीडिया के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर राय शुमारी की जाएगी। कार्यक्रम में राज्य शासन में विभिन्न पदों पर पदस्थ वरिष्ठ आई ए एस और आई पी एस अधिकारी भी शामिल होंगे, जिन्होंने आम जनता की मदद, योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, जनजागरुकता आदि में सोशल मीडिया का बेहतर उपयोग किया है। साथ ही ऐसे सोशल मीडिया क्रिएटर भी आमंत्रित किया गया हैं, जिन्होंने प्रदेश की कला, संस्कृति, पर्यटन के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले सोशल मीडिया क्रिएटर्स का सम्मान भी किया जायेगा।

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 8691 दिनांक 29.01.2024
वार्ड का नाम 24 - सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 24 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR818B00220 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती GANESH PAL AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती YADUVANSHI AGRAVAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती कामना नत्थानी पिता/पति श्री/श्रीमती सतीश कुमार नत्थानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

सूचना जारी करे
श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 8754 दिनांक 15.02.2024
वार्ड का नाम 39 स्वामी आत्मानंद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 39 वार्ड स्थित भवन/भूमि/जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR715B00502 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती SMT. SHUSHMA SHAH, NISHANT SHAH पिता/पति/श्री/ श्रीमती H. S. SHAH के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती अमित अग्रवाल पिता/पति श्री/श्रीमती सम्पत अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री जसदेव सिंह बाबरा
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-7
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र.- 8898 दिनांक 15.02.2024
वार्ड का नाम- 39 -स्वामी आत्मानंद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 39 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR715E00368 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SHAKUNTALA DUBEY पिता/पति श्री/श्रीमती PAWAN KUMAR DUBEY के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती प्राची चन्द्राकर पति विवेक चन्द्राकर, विवेक चन्द्राकर पिता/पति श्री/श्रीमती देव कुमार चन्द्राकर ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुरक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री जसदेव सिंह बाबरा
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-7
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 8950 दिनांक 15.02.2024
वार्ड का नाम- 37 - तात्यापारा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 37 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR717C00096 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DAMYANTI RATHORE W/O LATE DINBANDHU, KRIPA SINDHU RATHORE S/O LATE MANGULAL RATHORE, GANGA RATHORE W/O LATE ISHWER DEV RATHORE पिता/पति श्री/श्रीमती के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती DINESH RATHORE S/O LATE DINBANDHU, KRIPA SINDHU RATHORE S/O LATE MANGULAL RATHORE, GANGARATHORE W/O LATE ISHWER DEV RATHORE पिता/पति श्री/श्रीमती ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज**/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

सूचना जारी करे
श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 8970 दिनांक 16.02.2024
वार्ड का नाम- 56 -अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446H85036 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MS HARIOM INFRATECH THROUGH PRO- SHRI KUMAR NAVLANI पिता /पति श्री/श्रीमती LT. MANSHA RAM NAVLANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती 1.SMT.ARUNA CHOUHAN 2.SHRI SAMAR SINGH CHOUHAN 3. SMT. MEERA SHAILENDRA GAUTAM 4. SMT. SWATI BHADAURIYA पिता /पति श्री/श्रीमती 1.W/O LT. SHRI KAILASH NARAYAN SINGH CHOUHAN 2.S/O LT. SHRI KAILASH NARAYAN SINGH CHOUHAN 3.D/O LT. SHRI KAILASH NARAYAN SINGH CHOUHAN 4.D/O SHRI KAILASH NARAYAN SINGH CHOUHAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है । यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,
श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

प्रोफार्मा 10-02

रेल विद्युतीकरण ट्रैक्शन की शुरूआत सभी रास्ता परिवाहकों के लिए चेतावनी

आम जनता को सूचित किया जाता है कि दल्लीराजहरा (छोड़कर) से भानुप्रतापपुर (सहित) के बीच सिंगल लाइन विद्युतीकरण के साथ गुदुम (एस.एस.पी.) और भानुप्रतापपुर (एस.पी.) के सिविंग पोस्ट, सभी फीडर लाइन और सभी ऑक्सिलरिआरी ट्रांसफार्मर के बीच सभी लेवल क्रॉसिंग पर ऊंचाई रोध गैजेस रास्ते से अधिकतम 4.78 मीटर स्पष्ट ऊंचाई के साथ लगाए जा रहे है , ताकि इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन लाइव (कांटेक्ट वायर) वायर से अधिक ऊंचाई वाले वाहन/ भार का संपर्क /खतरा के नजदीकी स्तर से दूर रहे। (कॉन्टेक्ट वायर) जो रेलवे क्रासिंग पर रेल स्तर से न्यूनतम 5.50 मीटर कि ऊंचाई पर होगा।

अनु. क्र.	सेक्शन	किलोमीटर से	किलोमीटर तक	तारीख	जोन
1.	दल्लीराजहरा (छोड़कर) से भानुप्रतापपुर (सहित) के बीच सिंगल लाइन विद्युतीकरण के साथ गुदुम (एस.एस.पी.) और भानुप्रतापपुर (एस.पी.) के सिविंग पोस्ट, सभी फीडर लाइन और सभी ऑक्सिलिआरी ट्रांसफार्मर	लोकेशन न. 953/17N KM/CH-953/830.80 दल्लीराजहरा स्टेशन (छोड़कर)	लोकेशन न. 987/19 KM/CH-987/853.30 भानुप्रतापपुर स्टेशन (सहित)	27.02.2024	दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

इस प्रकार आम जनता को सूचित किया जाता है कि ऊपर दी गयी ऊंचाई लोडिंग वाहन के लिए तथा रास्ते से चलने वाले वाहन में भार इतना हो कि वह किसी भी परिस्थिति में इस मर्यादा का उल्लंघन न करे।
अधिक ऊंचाई के खतरा :- i) ऊंचाई रोधक को खतरा तथा उस कारण रास्ता एवं लाइन पर रोक । ii) वाहनों में भरे सामान व वाहन कि खतरा । iii) आगजनी तथा जान का खतरा क्योंकि कंडक्टर्स के अधिक निकट आने से स्पर्श कि संभावना है।

दिनांक: 15.02.2024
मुख्य प्रयोजना प्रबंधक रेल विद्युतीकरण
रेल विकास निगम लिमिटेड, नागपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

प्रोफार्मा 10-01

जाहीर सूचना

दल्लीराजहरा (छोड़कर) से भानुप्रतापपुर (सहित) के बीच सिंगल लाइन विद्युतीकरण के साथ गुदुम (एस.एस.पी.) और भानुप्रतापपुर (एस.पी.) के सिविंग पोस्ट, सभी फीडर लाइन और सभी ऑक्सिलिआरी ट्रांसफार्मर , रायपुर डिवीजन के दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नीचे दिए गए सेक्शन के तहत 25000 V , 50Hz, AC ओवरहेड ट्रैक्शन के पूरे हुए सेक्शन में व उसका प्रयोग करने वाले रास्ता पर काम करने वाले सभी को सूचित किया जाता है कि इन लाइन का एनर्जाइजेशन (विद्युत प्रवाहीकरण) निम्नलिखित तारीख पर अथवा उसके पश्चात् पूरा किया जायेगा इस दिनांक एवं उसके पश्चात् इस लाइना को हमेशा के लिए लाइव (सप्रअम) माना जायेगा इस लाइन के निकट जाने का / काम करने का कोई भी अनधिकृत व्यक्ति प्रयास न करे ।

अनु. क्र.	सेक्शन	किलोमीटर से	किलोमीटर तक	तारीख	जोन
1.	दल्लीराजहरा (छोड़कर) से भानुप्रतापपुर (सहित) के बीच सिंगल लाइन विद्युतीकरण के साथ गुदुम (एस.एस.पी.) और भानुप्रतापपुर (एस.पी.) के सिविंग पोस्ट, सभी फीडर लाइन और सभी ऑक्सिलिआरी ट्रांसफार्मर	लोकेशन न. 953/17N KM/CH-:953 /830.80 दल्लीराजहरा स्टेशन (छोड़कर)	लोकेशन न. 987/19 KM/CH-: 987/853.30 भानुप्रतापपुर स्टेशन (सहित)	27.02.2024	द.पू. मध्य रेलवे

दिनांक: 15.02.2024
मुख्य प्रयोजना प्रबंधक, रेल विद्युतीकरण
रेल विकास निगम लिमिटेड, नागपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

इलेक्टोरल बांड के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी इलेक्टोरल बांड को असंवैधानिक करार दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कांग्रेस द्वारा उक्त फैसला का स्वागत करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में गुरूवार 15 फरवरी को एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया, वहीं शाम को मानव मंदिर चौक पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का समर्थन करते हुए आवाज बुलंद की। इस संबंध में शहर जिला कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया, वहीं सुप्रीम कोर्ट के फैसला का स्वागत किया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि केन्द्र की भाजपा नीत मोदी सरकार द्वारा जब वर्ष 2017 में जब चुनावी बांड योजना को वित्त विधेयक के रूप में पेश किया गया तो कांग्रेस इसकी अपारदर्शी, अलोकतांत्रिक और हानिकारक प्रकृति की स्पष्ट रूप से निंदा करने वाली पहली पार्टी थी।

बच्चों ने किया मातृ-पितृ पूजन, छलक आई माता-पिता की आंखें

बेमेतरा/नवप्रदेश। श्री योग वेदांत सेवा समिति, युवा सेवा संघ, बाल संस्कार केंद्र, महिला मंडल द्वारा श्रीराम मंदिर प्रांगण बेमेतरा में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन हुआ। विश्व के 167 देश में मनाए जाने वाले मातृ-पितृ पूजन दिवस की धूम जिले सहित पूरे देश में रही है। सोनू साहू अध्यक्ष युवा सेवा संघ बेमेतरा ने बताया संत आशाराम बापू ने 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाने का शंखनाद सन् 2006 में किया था, तब से यह पर्व मनाया जाने लगा। इस महापर्व के द्वारा भावी पीढ़ी एवं पारिवारिक व्यवस्था की सुरक्षा हुई बल्कि इनमें उच्चातिउच्च चारित्रिक मूल्यों, पवित्र सुसंस्कारों का सिंचन भी हुआ। पूज्य बापू कहते हैं कि विश्व के सभी लोग सुखी रहे, ईसाई भी सुखी रहे, मुसलमान भी सुखी रहे, पारसी भी सुखी रहे, यहूदी भी सुखी रहे, प्राणीमात्र सुखी रहे, मेरी तो इच्छा है सबका मंगल सबका भला।।

निधन - शांतिलाल जैन

बेमेतरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत बेरला के पूर्व उपाध्यक्ष शांतिलाल जैन (बुरड़) का 16 फरवरी को सांय काल ह्रदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया, जिसका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम बेरला में 17 फरवरी को किया गया। ये राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में बेरला खंड के संघ चालक, व्यवस्था प्रमुख, संघ के द्वितीय वर्ष शिक्षित व राजनीति के क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी बेरला मंडल के दो बार अध्यक्ष व नगर पंचायत बेरला के उपाध्यक्ष व भाजपा के जिला उपाध्यक्ष इनके अलावा धार्मिक क्षेत्र में सन 2005 से लगातार 18 वर्ष तक हनुमंत जन्मोत्सव बेरला कार्यक्रम में अपनी अहम भूमिका निभाते रहे व वर्तमान में सरस्वती शिशु मंदिर बेरला के व्यस्थापक थे।

तेज रफ्तार ट्रक ने 2 महिलाओं को कुचला, भालू के हमले से अधेड़ गंभीर

■ शरीर के उड़ गए चिथड़े, जानिए कैसे घटी खौफनाक घटना

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। जिले में रफ्तार का कहर जारी है. आए दिन किसी न किसी जान जा रही है. कसडोल में आज एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल से गिरकर ट्रक की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई. वंही एक छोटी बच्ची और चालक घायल हुए हैं.

जानकारी के अनुसार, मृतक कसडोल में स्व सहायता समूह का बैंक खाता खुलवाने आए थे. वापसी जाने के वक्त भीषण सड़क हादसा हुआ. घटना में दुजबाई केवट और कांति बाई केवट निवासी मल्दा की मौत हुई है. घटना की सूचना पर कसडोल पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच में जुट गई है.वहीं जिले में लगातार हो रहे हादसों को लेकर लोग सवाल उठा रहे हैं कि जिला प्रशासन इतने हादसों के बाद भी सो रहा है क्या ? आखिर हादसों को रोकने के लिए प्रयास क्यों नहीं किए जा रहा है.

बच्ची को इस हादसे में कुछ नहीं हुआ है, वहीं सीता राम को मामूली चोट लगी है। घायलों को अस्पताल भिजवाया। वहीं दोनों मृत महिलाओं की लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए मर्च्यूरी भेजा। बच्ची और सीता राम का उपचार जारी है। वहीं कसडोल टीआई मंजुलता राठौर ने बताया कि आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस आरक्षक हत्या मामले में पशु तस्कर नौवां आरोपी गिरफ्तार

मवेशी तस्कर को छग पुलिस ने महाराष्ट्र से किया गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 9 फरवरी 2024 के रात्रि 2.30 बजे संदिग्ध वाहन का पीछा करते हुए हाईवे पेट्रोलिंग के चालक की सूचना पर संदिग्ध वाहन को एमसीपी लगाकर रोकने की कोशिश करते हुए थाना बागनदी के पुलिस आरक्षक शिवचरण मंडावी को संदिग्ध वाहन का चालक अपने पिकअप वाहन को तेज रफ्तार से चलाते हुए जानबूझकर कुचलकर जान से मारने की नीयत से आरक्षक शिवचरण मंडावी के उपर वाहन चढ़ाकर घसीटते हुए देवरी महाराष्ट्र की ओर फरार हो गया। आरक्षक शिवचरण मंडावी को गंभीर चोट आने पर ईलाज के लिए देवरी अस्पताल लेकर गये, जहां ईलाज के दौरान आरक्षक का मौत हो गया। जिस पर थाना बागनदी में अपराध क्रमांक 13/2024 भादंवि की धारा 307, 302, 34, 120 बी पशु परि. अधि. धारा 4, 6, 10 का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना दौरान अलग-अलग स्थान से पूर्व में 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की सरगर्मी से पता-तलाश की जा रही थी। विवेचना दौरान प्रकरण में संलिप्त आरोपी कैलाश सेलोकर पिता स्व. मुरली सेलोकर, उम्र 38 साल, निवासी अशोक नगर, थाना अड़याल, जिला भंडारा, महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया गया, जो पूर्व में गिरफ्तार मामले के मुख्य आरोपी मयूर उर्फ मर्डर सावरकर के साथ जप्त आर्टिगा कार से घटना दिनांक 9 फरवरी को पुलिस मूवमेंट की रेकी कर पायलेटिंग करते मवेशियों से भरे पिकअप वाहन को बार्डर पार करा रहा था। आरोपी का पिकअप वाहन क्रमांक एमएच 31-एफसी 5081 भी घटना दिनांक को पशु को लोड़कर बॉर्डर पर की। आरोपी द्वारा घटना मे शामिल होना स्वीकार किया है। आरोपी कैलाश सेलोकर को 17 फरवरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया है।

इधर 11 फरवरी की रात्रि में डोंगरगांव थाना क्षेत्र की ओर से थाना गैंदाटोला क्षेत्र होते महाराष्ट्र सीमा पार करने जा रही टाटा ट्रक क्रमांक में एमएच 40-बीजी 9498 को थाना गैंदाटोला व डोंगरगांव स्टाफ के द्वारा हिक्मतअमली से ग्राम छुरियाडोंगरी के पास रोका गया था, जो वाहन चालक मवेशी भरे वाहन को रोड में खड़ा कर मौके पर छोड़ कर रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था। वाहन ट्रक में 29 नग मवेशी को ठूंस-ठूंसकर भरकर, क्रूरता पूर्वक बिना चारा पानी दिये महाराष्ट्र की ओर काटने हेतु बुचड़ खाना ले जाते पाये जाने पर 29 नग मवेशी एवं 1 वाहन जुमला कीमती 3,29000 रूपए कीमती को जप्त कर थाना गैंदाटोला के द्वारा फरार आरोपी वाहन चालक के

केंद्रीय मंत्री रूपाला स्वदेशी मेले में शामिल हुए, की सराहना

राजनांदगाव/नवप्रदेश। शहर के स्टेट स्कूल मैदान में शुक्रवार 16 फरवरी से आगाज हुए स्वदेशी मेले में केंद्रीय मंत्री परशोत्तम रुपाला ने सौजन्य उपस्थिति देकर आयोजन की गरिमा में वृद्धि की। इस दौरान श्री रुपाला के साथ जिले के सांसद संतोष पाण्डेय की भी उपस्थिति रही। स्वदेशी मेले के भव्य द्वार पर पधारते ही केन्द्रीय मंत्री तथा सांसद का हार-फूलों एवं पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया गया। मेला स्वागत समिति के अध्यक्ष विनोद लड्ढा, सचिव योगेश बागड़ी, चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री राजा माखीजा, मेला संयोजक कोमल सिंह राजपूत, सह संयोजक किशुन यदु ने किया। अपने स्वागत सत्कार से अभिभूत श्री रूपला ने संस्कारधानी की मेहमान नवाजी की सराहना करते हुए उपरोक्त जनों सहित स्वदेशी मेला संरक्षक-विष्णु साव अधिवक्ता, सीवीएमडी सुब्रत चाको, राजकुमार शर्मा, राकेश ठाकुर, राधेश्याम गुप्ता, केके द्विवेदी, कमल सोनी, भीष्म देवांगन, श्रीमती सुधा पवार, अमित खंडेलवाल, हाफिज खान आदि के साथ घुम-घुमकर मेरे का अवलोकन किया और मेरे में लगे विभिन्न आवश्यक चीजों के स्टॉल व मेले की चाक-चौबंद व्यवस्था की सराहना की। मंत्री के मेला स्थल पर सम्मान किया गया। मेला समिति की ओर से अध्यक्ष विनोद लड्ढा, योगेश बागड़ी, राजा माखीजा, किशुन यदु, कमल सोनी आदि द्वारा श्री रुपाला का शाल व श्रीफल सहित मेला समिति का प्रतीक चिन्ह (मेमोंटो) देकर सम्मानित किया गया।

रग रग में बसे हैं विविधता के रंग :छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भाठासोरही में आयोजित दो दिवसीय छत्तीसगढ़ी स्तरीय लोक कला महोत्सव में मुख्यअतिथि के रूप में पूर्व विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे छत्तीसगढ के रग रग में सांस्कृतिक विविधता के रंग रचे बसे हैं। प्रदेश ही नहीं पूरे देश में हमारी बोली भाखा, वेशभूषा और रीति रिवाज की एक सुनहरी कड़ी की हम सभी छत्तीसगढ़िया ही नहीं वरन देश दुनिया के लिए एक अनुपम उदाहरण हैं। छत्तीसगढ़ी परंपरा व संस्कृती को सहेजने के उद्देश से आज ग्राम भाठासोरही के पवित्र माटी में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें चिकारा वादन, फाग मंडली, रामधुनि, राहस नृत्य, पंथी नृत्य, जस झांकी, खंझेरी नृत्य, अखाड़ा, नाचा गम्मत आदि शामिल रहे।

शिक्षक हत्या : फरार आरोपी देवा टंडन गिरतार

बेमेतरा/नवप्रदेश। शिक्षक की हत्या के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी देवा टंडन को गिरफ्तार किया है। 3 फरवरी को मोबाइल एवं कंट्रोल रूम बेमेतरा के माध्यम से सिमगा बेमेतरा मुख्य मार्ग किनारे, ग्राम बसनी में एक व्यक्ति के दुर्घटनाग्रस्त होने के संबंध में सूचना प्राप्त हुआ, जिस पर तत्काल थाना पेट्रोलिंग टीम को मौका पहुंचकर घायल व्यक्ति को जरिये 108 एम्बुलेंस के जिला अस्पताल बेमेतरा भिजवाये तथा घायल व्यक्ति का नाम विजय वर्मा होने, जिसके गर्दन पर धारदार वस्तु से कटने जैसा

दिखाई देने, घटनास्थल पर मृतक के द्वारा कुछ लिखने का प्रयास किये जाने, मामला सडक दुर्घटना जैसा प्रतीत नहीं होने अपितु संदिग्ध प्रतीत होने संबंधी सूचना प्रदाय किया गया, प्रकरण के घटनास्थल निरीक्षण, परिस्थितिजन्य साक्ष्य, कथन गवाहान, शव पंचनामा कार्यवाही, शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर प्रथम दृष्टया अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा धारदार हथियार से मृतक विजय वर्मा की हत्या किया जाना प्रतीत होने से प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध धारा 302, 34 भादवि. का अपराध घटित करना पाये जाने पर प्रार्थी राधेश्याम साहू पिता जोहन साहू उम्र 27 साल वार्ड ब्याय जिला अस्पताल की ओर से थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा 302, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान धारा 120 भादवि जोड़ी गई है।

केन्द्रीय विद्यालय को मिला नया भवन

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री और सांसद के प्रयासों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 20 फरवरी को छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के महराजपुर स्थित नवीन केन्द्रीय विद्यालय भवन का वचुअर्ल लोकार्पण करेंगे। इस लोकार्पण समारोह में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। केन्द्रीय विद्यालय भवन एवं कर्मचारी आवासीय भवन सहित अन्य निर्माण कार्यो की लागत 20.56 करोड़ रूपए बताई गई है। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने

केन्द्रीय विद्यालय भवन के लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री महोबे और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने नवीन केन्द्रीय विद्यालय भवन का निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद श्री संतोष पाण्डेय के अथक प्रयासों से कबीरधाम जिले को केन्द्रीय विद्यालय का एक नया संयुक्त परिसर का निर्माण कार्य पूरा हो पाया है।

परमेश्वरी महोत्सव पर आदर्श विवाह आज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर देवांगन समाज द्वारा रविवार को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में मां परमेश्वरी का महोत्सव मनाया जाएगा। आयोजन के माध्यम से समाज में जागरूकता के साथ सेवा का भी संदेश दिया जाएगा। इसके तहत समाज की ओर से दो जोड़ों का आदर्श विवाह कराया जाएगा। नेत्रदान के साथ आयुर्वेद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी होगा। उधर समाज की तुलसीपुर-ममता नगर ईकाई में पारिवारिक मिलन समारोह का भी आयोजन किया जा रहा है। समाज के नगर अध्यक्ष दयावान देवांगन ने बताया कि आयोजन दो सत्रों में होगा। पहले सत्र में सुबह 11 बजे से प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन होगा। इस दौरान आदर्श विवाह भी संपन्न कराया जाएगा। अतिथि क रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डा. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित हैं। अध्यक्षता बीरगांव (रायपुर) के पूर्व महापौर ओमप्रकाश देवांगन करेंगे। सांसद संतोष पांडे विशेष अतिथि होंगे। साथ ही पूर्व सांद मधुसूदन यादव, नीलू शर्मा आदि भी अतिथ के रूप में आमंत्रित हैं। विभिन्न प्रतियोगिओं के बीच पहला सत्र समाप्त होगा। दूसरे सत्र में समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वालों को भी सम्मानित किया जाएगा।

डीजे, कलेक्टर-एसपी ने जेल व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बेमेतरा/नवागढ़/नवप्रदेश। जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, कलेक्टर रणबीर शर्मा और एसपी रामकृष्ण साहू द्वारा संयुक्त रूप से जिला जेल बेमेतरा का निरीक्षण किया। जिलें के जेल में बंदियों से संवाद किया और उन्हें मिलने वाली सुविधाओं और सुरक्षा के बारे में जानकारी की गई। निरीक्षण के बाद जेल प्रशासन को जरूरी निर्देश दिए गए। उसके बाद महिला बैरक में पहुंचकर महिला कैदियों से बातचीत की। महिला कैदियों के साथ मौजूद बच्चों के रखरखाव के बारे में जानकारी ली। कैदियों को मिलने वाले भोजन व अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी लेने के बाद जेल प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपजेल से संबंधित उपलब्ध इन्फास्ट्रक्चर, जेल की क्षमता, निरुद्ध बंदियों के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुलाकात करने एवं न्यायालय पेशी में उपस्थित होने के संबंध में निरीक्षण कर समीक्षा की गयी। यहां उन्होंने पुरुष बंदीगृह के सभी बैरकों का निरीक्षण किया तथा महिला बंदीगृह का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जेल के अस्पताल का भी निरीक्षण किया। जेल में स्थायी रूप से चिकित्सक की नियुक्ति के बारे में जानकारी ली और इसकी पुष्टि की। चिकित्सक से उन्होंने बंदियों को दी जा रही चिकित्सा सुविधा व दवाइयों की जानकारी ली तथा बंदियों से भी इस संबंध में पूछताछ की। उन्होंने जेल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम, विधिक प्रकोष्ठ का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। जेल में कैंटीन, बंदियों द्वारा संचालित प्रिंटिंग प्रेस, सिलाई-बुनाई कक्ष, शिक्षा केन्द्र इत्यादि का भी निरीक्षण किया। बंदियों से बातचीत करते हुए जानकारी प्राप्त की कि उन्हें जेल मेन्युअल के अनुरूप सुविधाएं मिल रही हैं या नहीं।

एसपी ने थानों का रात में किया औचक निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने थाना परपोडी, चौकी देवकर एवं पुलिस सहायता केन्द्र बिरनपुर का रात्रि में औचक निरीक्षण किया। एसपी द्वारा निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। सभी अधिकारियो व जवानो को आमजन/महिला आगंतुक/रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा थाना/चौकी प्रभारी को अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने, मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने, थाना/चौकी का भ्रमण कर थाना/चौकी की साफ सफाई हेतु विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। चोरियों एवं

अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, काम्बिग गस्त के दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैंक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करने, अधिकारियों व जवानों को रात में रात्रि गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त कर गली मोहल्लों एवं चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखने, साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों में गस्त को बढ़ाने व लगातार रात में रात्रि गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

निरीक्षण के दौरान थाना परपोडी प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, थाना साजा प्रभारी उप

सड़क सुरक्षा संबंधी जन जागरूकता कार्यक्रमों का हो आयोजन : सीएस जैन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव अमिताभ जैन द्वारा चिप्स कार्यालय रायपुर से समस्त संभागायुक्त एवं कलेक्टर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से ली गई। बैठक में मुख्य सचिव द्वारा जिलों से शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा उपरान्त आगामी कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव श्री जैन द्वारा इसी क्रम में जिलों को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक प्रतिमाह अनिवार्यतः आयोजित करने के निर्देश दिए। इनमें सुगम यातायात संबंधी अलग-अलग विषयों जैसे- गुड सेमीरेटन, हेलमेट, सीटबेल्ट की अनिवार्यता ड्रंक एण्ड ड्राइव इत्यादि विषयों पर समुदाय के बीच उनकी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम आयोजित करने के लिए निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्री जैन ने समीक्षा के दौरान राज्य में अतिरिक्त जेलों की आवश्यकता का आंकलन कर मौजूदा जेलों की क्षमता के विस्तार एवं नवीन जेलों की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता की समीक्षा भी की गई। उक्त वर्चुअल बैठक में सचिव गण सर्वश्री एस. प्रकाश, श्रीमती शम्मी आबिदी, एन एन एक्का, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यातायात श्री प्रदीप गुप्ता एवं अध्यक्ष अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) संजय शर्मा के अलावा समस्त संभागायुक्त, सभी जिला कलेक्टर्स एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

एमएसपी कानून बनने से ही किसानों को मिलेगा न्याय : कुलबीर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। किसानों के द्वारा उठाई जा रही मांग जायज है बताते हुए कांग्रेस संगठन द्वारा समर्थन देते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार किसान विरोधी नीति अपनाई जा रही है किसान देश के प्रधानमंत्री से न्याय न मांगे, तो इसमें क्या गलत है। केन्द्र की मोदी सरकार लटकाओ, भटकाओ और अपना उल्लू सीधा करते जाओ, ये केन्द्र सरकार का तरीका बन गया है, जिसको लेकर 16 फरवरी को शहर कांग्रेस द्वारा प्रेसवार्ता लेकर जानकारी दी।

पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए शहर जिला शहर कांग्रेस कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि देश का अन्नदाता किसान और खेत मजदूर न्याय मांगने अब देश की राजधानी दिल्ली में नहीं जा सकता, क्या किसान को दिल्ली की परिधि के सौ किलोमीटर में आने की अब आजादी नहीं रही है, न्यू इंडिया में, किसान प्रधानमंत्री और देश की सरकार से न्याय न मांगे, तो कहां जाएं। आज देश में हर घंटे एक खेत मजदूर या किसान आत्महत्या का फंदा चूमने को मजबूर है, तो फिर किसान वादे की गारंटी क्यों न मांगे, क्योंकि आज कल सरकार हर बात की गारंटी दे रही है। 18 जुलाई 2022 को मोदी सरकार ने किया था, एमएसपी की गारंटी के कानून का रास्ता प्रशस्त करने का और कर्ज से राहत

दिलवाने का बस, इसलिए हमारे लिये ये राजनीतिक एजेंडा नहीं, जीवन की कसौटी है और ये देश चलाने से और देश के चुनाव से भी बड़ा मुद्दा है।

श्री छाबड़ा ने आगे बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अंबिकापुर में न्याय यात्रा के दौरान केन्द्र में सरकार बनने पर किसानों को एमएसपी कानून बनाने की गारंटी दी है। रायपुर डिक्लेरेशन अगर आप पढ़े तो कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि एमएसपी की गारंटी का कानून होना चाहिए, धान का फसल लगभग 50 प्रतिशत एमएसपी पर खरीदी जाती है, गेहूं 17 प्रतिशत और बाकी सब एक प्रतिशत से कम। मोदी सरकार ने बाजारी ताकतों के पास किसान को फेंक देंगे, तो वो आंदोलन न करें, न्याय नहीं मांगे दिल्ली का दरवाजा नहीं खटखटाएं, तो क्या यूनाइटेड नेशन्स जाएं।

पदुमतरा के श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा व रामकथा 10 मार्च को

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पदुमतरा में श्रीराम मंदिर में 10 मार्च को प्राण-प्रतिष्ठा व रामकथा के लिए श्रीराम मंदिर ट्रस्ट ने लोगों को न्यौता देना शुरू कर दिए हैं। मंदिर के निर्माण कार्यों की तैयारी जोरो-शोरो से चल रही है। प्राण-प्रतिष्ठा व रामकथा के सुअवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, कसडोल विधायक संदीप साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, पुष्पा वर्मा समेत कई वीवीआईपी अतिथियों को ट्रस्ट द्वारा आमंत्रित किया गया है।

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व रामकथा को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि मंदिर निर्माण का कार्य अंतिम चरण पर है। मंदिर का निर्माण सबके सहयोग से किया जा रहा है। प्राण-प्रतिष्ठा व रामकथा को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। 10 मार्च को विशाल श्रीराम मंदिर, भोलेनाथ व नर्मदेश्वर शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल होने पूरे क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया जा है। 11 मार्च से 17 मार्च रामकथा का आयोजन किया है। प्राण-प्रतिष्ठा व रामकथा श्रीयुत आचार्य पं. युवराज पाण्डेय श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर गरियाबंद के द्वारा संपन्न होगा। ट्रस्ट के सदस्य कार्यक्रम को विशाल रूप देने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहे है।

न्यूज गैलरी

बसंत पंचमी पर तीन दिनी रामायण समारोह

भाटापारा/नवप्रदेश। बसंत पंचमी के अवसर पर तीन दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन 14 से 17 फरवरी तक नयापारा वार्ड में किया गया। हवन पूजन के पश्चात भगवान राम की शोभायात्रा निकाली गई। जो नयापारा सहित ईश्वरीय प्रसाद धुरंधर वार्ड में परिक्रमा कर वापस आकर संपन्न हुई।

गौरतलब है कि किंकर रामायण मंडली द्वारा रामायण समारोह का आयोजन 49 वर्ष से किया जा रहा है। इस बार बाहर से आई भजन मंडलियों के लिए खान पान की व्यवस्था समिति के द्वारा रखी गई थी। इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से अध्यक्ष दुखित जायसवाल चैतराम जायसवाल राजाराम यादव महाबीर साहू रविशंकर यादव पन्नालाल धुरु कन्हैया यादव रामखेलावन साहू बबला बया गिरजा यादव बुधारू जायसवाल अशोक जायसवाल दमल यादव दीपक पप्पू ध्रुव, संजय कौशल जीत नारायण साहू चुकनु जायसवाल राजेश यादव आदि ने सहयोग दिया।

जिलाध्यक्ष बैस की अगुवाई में अधिवेशन के लिए दिल्ली रवाना

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस की अगुवाई में राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने दिल्ली रवाना। दिल्ली जाने वालों में जन निरंजन सिन्हा नागेंद्र शुक्ला भाई रामगोपाल देवांगन अध्यक्ष भाई हेमंत माला, अध्यक्ष आराधना शुक्ला, भखारा न पं अध्यक्ष पुपलता देवांगन, नगरी न पं उपाध्यक्ष अजय भाई नाहटा, भाजपा झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक महेंद्र पंडित आदि शामिल हैं।

गठिया और जोड़ों के लिए शिविर आज

भाटापारा/नवप्रदेश। सदर बाजार स्थित शारदा हॉस्पिटल में गठिया एवं जोड़ों के दर्द के इलाज के लिए रविवार 18 फरवरी जांच शिविरका आयोजन किया गया है। शिविर मे रायपुर के गठिया वात रोग विशेषज्ञ डॉ रवि नायक उपलब्ध रहेंगे। जोड़ों में सूजन ,जकड़न, हाथों पैरों में सूजन ,झुनझुनी, नसों का दर्द ,नस दबना, जैसे रोगों की जांच की जाएगी।शिविर मे फिजियोथैरेपिस्ट , नस दर्द रोग विशेषज्ञ डॉ सुधाकर शर्मा , डॉ रोमा शर्मा द्वारा मुंबई की अत्याधुनिक न्यूरोपैथी मशीन से नस दर्द जांच की सुविधा निःशुल्क रहेगी । शारदा अस्पताल के चिकित्सक डा सुधाकर शर्मा ने बताया कि शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा और इस शिविर में आने वाले अपना पंजीयन मोबाइल नंबर 9993854626, 9340580199 में पहले से करा सकते है।

खेल मंत्री टंकराम ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से की भेंट

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा नई दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से भेंट कर छत्तीसगढ़ एवं बलौदा बाजार क्षेत्र के लिए विभिन्न खेलों हेतु मैदान एवं स्टेडियम निर्माण के लिए केंद्रीय मद हेतु की चर्चा एवं स्मरण पत्र दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार विधानसभा में इनडोर स्टेडियम तथा नगर में आधुनिक फुटबाल ट्रैक की स्वीकृति की संभावना है। अंचल के भाजपा नेताओं ने खेल मंत्री की पहल का स्वागत करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

स्वदेशी खेल और योग को बढ़ावा देने 5 दिनी कार्यशाला

■ **कार्यशाला में शिक्षक कन्हैया साहू हुए शामिल**

भाटापारा/नवप्रदेश। स्वदेशी खेल एवं योग को बढ़ावा देने श्यामला हिल्स स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल में कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें शिक्षक कन्हैया साहू शामिल हुए। यह कार्यशाला प्रशिक्षण कार्यक्रम के रूप में रखा गया था जिसमें छत्तीसगढ़, गोवा और मध्यप्रदेश से चयनित बीस-बीस शिक्षक उपस्थित हुए। राष्ट्रीय शैक्षणिक एवं अनुसंधान परिषद के इस क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान के परिसर में यह आवासीय कार्यशाला राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भित रखा गया था। कार्यशाला का आयोजन 10 से 14 फरवरी तक ट्रेनिंग ऑफ के.आर.पी ऑफ वेस्टर्न रीजन ऑन इंडीजीनयस स्पोर्ट्स एंड योग विथ रिफ्रेंस टू एन.ई.पी 2020% के नाम से किया गया। के.आर. पी के रूप में प्रशिक्षित सभी साठ शिक्षक मास्टर ट्रेनर्स बनकर अपने प्रांत एवं जिलों में प्रशिक्षण प्रदान करने की जिम्मेदारी निभाएँगे।

प्रदेश के 20 टीचर हुए शामिल

छत्तीसगढ़ राज्य से राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के निर्देशक ज्ञान प्रकाश द्विवेदी ने योग, खेल और विषय के शिक्षकों को चयन कर इस कार्यक्रम हेतु भेजा था। बस्तर से व्याख्याता समीर मिश्रा, शिक्षक शिवराम मौर्या, बलौदाबाजार से सहायक शिक्षक कन्हैया साहू अमित, महासमुंद से प्रधानपाठक रेखा ध्रुव , दुर्ग से सहा. शिक्षक वर्षा यादव, गरियाबंद से व्याख्याता चित्ररेखा नागेश, धमतरी से खेल शिक्षक गोपिका बारिक, व्याख्याता राजेश तिवारी, कोंडागांव से व्याख्याता कमलेश साहू, बस्तर से सहा.शिक्षक प्रेमलता साहू, दुर्ग से शिक्षक सुशील ठाकुर, बेमेतरा से सहा. शिक्षक ढालसिंह यादव, कबीरधाम से शिक्षक सतीश तिवारी, नारायण पांडे, मीनाक्षी चौरिया, मनेंद्रगढ़ से प्रधानपाठक विश्वजीत पटेल, कांकेर से प्रणब कीर्तनिया, अमिताभ सरकार, जाँजगीर से खेल शिक्षक हितेश तिवारी, खैरागढ़ से व्याख्याता मानस साहू उपस्थित हुए। क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल के प्रोफेसर डॉ. महेन्द्र बरूआ इसके संयोजक थे। संस्थान की ओर से प्रोफेसर बी. रमेश बाबू, प्रोफेसर के.के. खरे, प्रोफेसर चित्रा सिंह, प्रोफेसर डॉ. संजय पंडागले, डा. दीपक कुशवाहा आदि सहयोगी रहें। इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में देश के ख्यातिप्राप्त शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर, गुवाहाटी, दिल्ली, मेरठ, बिलासपुर, भोपाल से प्रशिक्षक आये हुए थे। विषय विशेषज्ञ पूरे पाँच दिनों तक प्रतिदिन तीन सैद्धांतिक कक्षा और दो-तीन प्रायोगिक कक्षाएँ लेते थे।

शून्य निवेश आधारित खेलों का प्रशिक्षण

पांच दिन चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय खेलों पर सविस्तार चर्चाएँ हुई तथा इन्हें पुनर्स्थापित करने की बात कही गई। स्वदेशी खेलों के रूप में प्रसिद्ध खो-खो, कबड्डी, मलखंभ, रस्साकशी, सुतोनिया, पित्तूल, लंगड़ी, आत्या-पात्या, लागोरी के साथ-साथ कुछ माईनर गेम्स भी खिलाए गए। भारतीय योग दर्शन पर भी सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक कक्षाएँ लगाई गई। इसके साथ ही भारतीय पारंपरिक खेल, आष्टांग योग, खेल प्रशिक्षण प्रबंधन, स्पोर्ट्स साइकोलॉजी, स्पोर्ट्स फिजियोलॉजी, स्पोर्ट्स बायोमैकेनिक्स, एनाटॉमी, स्वास्थ्य शिक्षा, टूर्नामेंट फिक्सचर, टीचिंग एप्टीट्यूड, क्लास मेनेजमेंट, स्पोर्ट्स ट्रेनिंग जैसे विभिन्न संदर्भित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य था भारतीय खेलों का संरक्षण एवं संवर्धन करना। विद्यार्थियों को शून्य निवेश आधारित इन खेलों से जोड़कर शारीरिक एवं मानसिक मनोरंजन व विकास के अवसर प्रदान करना। प्रशिक्षण के दौरान मध्यप्रदेश से एकलव्य अवार्ड प्राप्त सुविख्यात मलखंभ खिलाड़ी इंद्रजीत नागर का प्रदर्शन और व्याख्यान रखा गया था। साथ ही शैक्षणिक भ्रमण हेतु भोपाल से पच्चीस किलोमीटर दूरस्थ ऐतिहासिक भोजपुर शिव मंदिर का दर्शन करवाया गया। स्थानीय अखाड़ा के सिद्धहस्त कलाकारों द्वारा अखाड़ा कला को प्रदर्शित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया रखा गया था जिसमें अपने राज्य की पारंपरिक वेशभूषा में सामूहिक लोकनृत्य को छत्तीसगढ़ , गोवा व मध्यप्रदेश के चुनिंदा शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

देवांगन समाज ने मनाया मां परमेश्वरी महोत्सव

भाटापारा/नवप्रदेश। तरेंगाराज राज देवांगन समाज के तत्वावधान में मां परमेश्वरी महोत्सव श्री राम जानकी मंदिर सिंगारपुर भाटापारा में धूमधाम से मनाया गए। कार्यक्रम के प्रथम चरण में ग्राम सिंगारपुर में कलश यात्रा एवं जस गीत गायन के साथ ग्राम में भ्रमण करते हुए माँ परमेश्वरी मंदिर में मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना एवं आरती की गई। इसमें 33 ग्राम के कुटुंब सदस्य एकत्रित होकर भव्य आरती कर परमेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त किए।

आय व्यय का लेखा जोखा पेश: सम्मेलन में आए आवेदन पर समस्त पदाधिकारी एवं 33 गांव से आए हुए कुटुंब सदस्यों ने आपस में चर्चा एवं सलाह कर आवश्यक कार्यवाही की। साथ ही इस सभा का सभापति सर्व समिति से चैतू राम देवांगन बोड़तरा को नियुक्त किया गया। इस सभा में 2023 -24 काआय व्यय कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किए गए। शाम को बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जो ही बहुत मनमोहक एवं मन को लुभाने वाली प्रस्तुति रही।

प्रतिभावान छात्रों का सम्मान- मुख्य अतिथि एवं अतिथियों के कर कमलो से तरेंगाराज देवांगन समाज की ओर से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं पूर्व वर्ष मां परमेश्वरी महोत्सव में आयोजित महोत्सव हेतु जो ग्राम इकाई या व्यक्तिगत रूप से सहयोग किए थे उनको भी समाज के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए द्य *मां परमेश्वरी महोत्सव* कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाटापारा, विशेष अतिथि बी एल देवांगन, जिला शिक्षा अधिकारी बलौदा बाजार विशेष अतिथि प्रदीप देवांगन प्रदेश कल्याण देवांगन समाज, प्रदेश महासचिव परस देवांगन, रवि देवांगन संगठन मंत्री, प्रदेश, रायपुर जिला के सचिव मनोहर देवांगन, गोपाल देवांगन पार्षद,तरेंगा राज देवांगन समाज के अध्यक्ष दिल हरण देवांगन, मुकेश देवांगन, अजीत देवांगन, चंद्र भूषण देवांगन, कुंज बिहारी देवांगन, युवा अध्यक्ष डोमन देवांगन, उत्तम देवांगन, खुशी देवांगन, विनोद देवांगन, विनोद देवांगन,शिव कुमार देवांगन, खेमलाल देवांगन, हथनीपारा जनक देवांगन, तोरण लाल देवांगन, जेठू राम देवांगन, ईश्वरी देवांगन, महेतरु देवांगन, महेश देवांगन, सुरेश देवांगन, धरमु देवांगन, सहदेव देवांगन, द्वारका देवांगन, श्रवण देवांगन, दयालाल देवांगन, जित्तू देवांगन, नारायण देवांगन, हितेंद्र देवांगन, सुखी राम देवांगन, लालचंद देवांगन, लेख राम देवांगन, सुखनंदन देवांगन, हीरालाल देवांगन,जोधी राम देवांगन, भगवती देवांगन, राजा राम देवांगन, सालिक देवांगन, सुरेश देवांगन, रामराज देवांगन, विश्वनाथ देवांगन, गंगाराम देवांगन काशीराम देवांगन, बैसाखू देवांगन, गोलू देवांगन, चंद्रिका देवांगन, रामकुमार देवांगन, जीवनलाल देवांगन एवं 33 गांव के ग्राम इकाई के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी एवं कुटुंब समाज उपस्थित होकर मां परमेश्वरी महोत्सव में शामिल हुए।

अवैध शराब ले जाते एक गिरफ्तार



नगरी/नवप्रदेश। शुक्रवार 16 फरवरी को नगरी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति द्वारा मोटर सायकिल में अवैध रुप से शराब रखकर बिक्री करने नहर नाली मोड़ जंगल पारा नगरी के तरफ जा रहा है कि सूचना पर थाना प्रभारी नगरी द्वारा तत्काल थाने स्टॉफ को रवाना कर चीर घर कि ओर जाने वाली नहर नाली मोड़,जंगल पारा,नगरी में मोटर सायकिल रोककर संदेही से नाम पूछने पर अपना नाम कैलाश साहू पिता स्व0 अर्जुन साहू बताया जिसके मोटर साइकिल को चेक करने पर एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 3 नग बियर, 5 नग गोवा, 18 नग प्लेन को गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपी के विरुद्ध थाना नगरी में अप.क्र - 17/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया है।जप्त संपती एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 03 नग बियर, 5 नग गोवा, 18 नग प्लेन, 1 नग सीडी 100 मो0सा0 जुमला किमती 17670/- रुपये।आरोपी कैलाश साहू पिता स्व0 अर्जुन साहू साकिन वार्ड क्र. 09 साकरा रोड नगरी थाना-नगरी, जिला-धमतरी(छ.ग.)उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नगरी निरी. सन्नी दुबे, सउनि0 तान सिह साहू, श्रीराम पटेल, प्रआर0 प्रशांत शुक्ला, आर0 धरम राजपुत, पंकज प्रधान, कल्याण नेताम, योगेश साहू, केशव पटेल, मानसिग मरकाम, चालक हेमलाल ध्रुव व थाना स्टॉफ का विशेष योगदान से किया गया

सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यारंभ संस्कार हुआ

भाटापारा/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत पंचमी का उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यारम्भ संस्कार के लिए कक्षा अरुण एवं उदय के भैया बहिनों के द्वारा पालकी में वेद रखकर शोभा यात्रा निकाली गई । इसके बाद माँ सरस्वती बम्हस्वरूप व भारतमाता के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर नए छात्रों के लिए विद्यारंभ संस्कार हेतु पट्टी पूजा का आयोजन किया गया। सरस्वती माता के समक्ष मंत्रोच्चार के साथ अक्षर का लेखन कराया गया। इसके बाद हवन-पूजन रत्ना दीदी ने किया। मातृ-पितृ पूजन दिवस के उपलक्ष्य में भैया-बहिनों ने माता-पिता की पूजा कर आशीर्वाद लिया। मुख्य अतिथि श्रीमती हंसा राठी दीदी ने जीवन में संस्कारों एवं समर्पण निधि अर्पित करने के महत्व से अवगत कराया व कंचन दीदी ने भी संस्कार के महत्व को बताते हुए कहा किस प्रकार मनुष्य संस्कारों की छाँव में पलकर समाज के विकास में जन्म से मृत्यु तक सोलह संस्कारों को निभाया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम मे बहन लता,शारदा, हर्षिता ने भजन की प्रस्तुति व कक्षा पंचम एवं सप्तम के बहनों द्वारा नृत्य की मनमोहक प्रसुति दी गई। अंत में आभार व्यक्त विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीकांत मंडल ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन वैशाली तिवारी ने किया। यह जानकारी विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख राम कुमार राठौर आचार्य ने दी।

सड़कों के डामरीकरण कार्य की शुरुआत

■ **डिप्टी सीएम साव और पूर्व विधायक शर्मा का लोगों ने माना आभार**

भाटापारा/नवप्रदेश। लंबे समय से क्षेत्र की जनता द्वारा गौरव पथ में डामरीकरण कार्य कराया जाने की मांग की जा रही थी।। वर्षो पूर्व गौरव पथ के निर्माण की आधारशिला विभिन्न मार्गो में रखी गई थी। प्रदेश के सभी मुख्य मार्गो व गौरव पथ में सीसी रोड का ही निर्माण किया गया था।। विधानसभा चुनाव के पूर्व भी तात्कालिक विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा नगर की आंतरिक सड़कों में डामरीकरण का कार्य कराया गया था लेकिन तब गौरव पथ का कार्य शेष रह गया था। नई सरकार आने के बाद भाटापारा नगर में अब यह बहुप्रतीक्षित कार्य होता दिखाई दे रहा है। एक करोड़ 24 लाख 36000 की लागत से लोक निर्माण विभाग द्वारा नगर की सीसी सड़कों पर डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है। नगरवासियों ने लोक निर्माण मंत्री अरुण साव व पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा का आभार व्यक्त किया जिनके सद् प्रयासों से क्षेत्र में भाजपा की सरकार आने के बाद तीव्र गति से विकास कार्य फिर शुरू हो गया है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 8730 दिनांक 16.02.2024
वार्ड का नाम-52- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446L00633 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SONU RELWANI पिता/पति श्री/श्रीमती LALCHAND RELWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1 SMT KHUSHBOO GUPTA 2 ANKIT GUPTA पिता/पति श्री/श्रीमती 1 W/O ANKIT GUPTA 2 S/O MANGAT RAM GUPTA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख** /वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 8840 दिनांक 16.02.2024
वार्ड का नाम - 52 -डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446Q00934 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NAVEEN AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती KANHAIYA AGRAWAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SURJEET KAUR HORA पिता/पति श्री/श्रीमती D/O JOGINDRE SINGH CHAWLA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र 8841 दिनांक 16.02.2024
वार्ड का नाम - 52 - डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446000457 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MEENA DEVI DODANI पिता/पति श्री/श्रीमती GYAN SINGH DODANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती GIRISH KUMAR KHELWANI पिता/पति श्री/श्रीमती S/O INDRA KUMAR KHELWANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र ,दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 8951 दिनांक 16.02.2024
वार्ड का नाम - 52- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446P0166C जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती CHHAYA KANTKAR पिता/पति श्री/श्रीमती HARILAL KANTKAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती VINOD KUMAR DHAMEJA पिता/पति श्री/श्रीमती S/O GAJANMAL DHAMEJA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 8953 दिनांक 16.02.2024
वार्ड का नाम - 52- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446L0778J जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MS SAI DEVELOPERS, THROUGH IYS PARTNER AMAR KUMAR SUNDRANI पिता/पति श्री/श्रीमती LT. HARISH KUMAR SUNDRANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती AAKRITI VISHWAKARMA पिता/पति श्री/श्रीमती D/O SHRI ASHA RAM VISHWAKARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 8844 दिनांक 16.2.2024
वार्ड का नाम - 52- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR446L0855ष्ट जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती HARESH MEGHWANI पिता/पति श्री/श्रीमती VASUDEV MEGHWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1 JAISHREE AGREY 2 SOURABH AGREY पिता/पति श्री/श्रीमती 1 W/O LATE DWARIKA PRASAD AGREY 2 S/O LATE DWARIKA PRASAD AGREY ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामंतरण प्र.क्र. 8927 दिनांक 16.02.2024
वार्ड का नाम -52- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446K00187 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SHASI PRABHA JAIN पिता/पति श्री/श्रीमती SURESH KUMAR JAIN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती RAHUL JAIN पिता/पति श्री/श्रीमती S/O NIRMAL JAIN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com
ईश्तहार
नामांतरण प्र.क्र. 183 दिनांक 12.01.2023
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651P00274 जो कि निगम अभिलेख में श्री BAJRANG LAL AGARWAL पिता श्री MADANLAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री रोहित अग्रवाल पिता स्व. बनारसी दास अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, पंजीकृत विक्रय विलेख/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे,
श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. अ/74 वर्ष 2022-23
पक्षकार हेमकुमार ग्राम-सिंधोरा
रा.नि.मं. सण्डी तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.
सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमकुमार पिता परसराम जाति सतनामी ग्राम सिंधोरा प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. सण्डी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा 13(3) के तहत अपने बहन संतोषी पति सेलकुमार का मृत्यु दिनांक 15/08/2009 को ग्राम सिंधोरा तहसील पलारी में हुआ था जिसका पंजीयन भूलवश या अज्ञानता के कारण नहीं करा पाया इसलिए उक्त मृत्यु दिनांक का पंजीयन किए जाने का आदेश हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र ग्राम सचिव के अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।
उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 19/02/2024 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 05/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।
सील
तहसीलदार
पलारी

कार्यालय नगर पंचायत नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)
क्र./739/न.पं./राजस्व/2023-24
नगरी, दिनांक 16/02/2024
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री निरंजन पिता मेहत्तर राम यादव जाति रावत रानीदुर्गावती वार्ड क्र. 06 जंगलपारा नगर पंचायत नगरी जिला धमतरी (छ.ग.) का निवासी है। उनके द्वारा नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 06 प.ह.नं. 23 भूमि खसरा नं. 50/1/171, 172 आबादी भूमि पर काबिजदार मेहत्तर राम पिता बल्दूराम रावत व श्रीमती बुधंतीन पति मेहत्तर राम रावत के नाम स्थित मकान/मलमा है। निकाय के कर संग्रहण पंजी वार्ड क्रमांक 06 के मांग संख्या 54 में मेहत्तर राम पिता बल्दूराम यादव का नाम दर्ज है। अपने पिता स्व. मेहत्तर राम व माता स्व. बुधंतीन रावत के निधन उपरांत निकाय के कर संग्रहण पंजी में अपने पिता का नाम विलोपित कर आवेदक अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
प्रस्तुत आवेदन के बाबत यदि उक्त काबिज मलमा पर किसी भी व्यक्ति/संस्था का हितबद्ध हो तो संबंधित हितबद्ध पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 16/03/2024 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 16/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।
सील
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत नगरी

समक्ष न्यायालय श्रीमान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट महोदय जी दुर्ग (छ.ग.)
शपथ-पत्र
मैं अभिषेक तिवारी पिता स्व. अजय तिवारी आयु 41 वर्ष निवासी-बिम्लेश्वरी कालोनी नर नारायण मंदिर के पास बोरसी तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन व्यक्त करता हूं कि :-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
2. यह कि मेरे पुत्र राधव तिवारी (परिवर्तित नाम) का जन्म दिनांक 17.03.2021 को प्रदीप हास्पिटल रिसाली भिलाई में हुआ है।
3. यह कि मेरे पुत्र के जन्म पश्चात विधिवत मेरे द्वारा जन्म प्रमाण पत्र रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु नगर पालिक निगम रिसाली भिलाई से जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त किया है जिसका पंजीयन क्र. बी 2021-22- 90746-000322 पंजीकरण दिनांक 21.09.2021 जारी दिनांक 21.09.2021 है। जिसमें मेरे पुत्र का नाम पार्थ तिवारी पिता अभिषेक तिवारी अंकित है।
4. यह कि मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के द्वारा मेरे पुत्र का नाम परिवर्तन कर राधव तिवारी रखा गया है, तथा मेरे पुत्र इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाता है।
5. यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज पुराना नाम पार्थ तिवारी के स्थान पर परिवर्तित नाम राधव तिवारी सुधार कर नवीन जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किए जाने के समर्थन में शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय जी के समक्ष प्रस्तुत है।
सत्यापन :- मैं अभिषेक तिवारी पिता स्व. अजय तिवारी आयु 41 वर्ष निवासी बिम्लेश्वरी नर नारायण मंदिर के पास बोरसी तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त शपथ पत्र में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः के निजी ज्ञान एवं विश्वास से सत्य एवं सही है। सत्यापन आज दिनांक 24.01.2024 को स्थान दुर्ग में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
शपथकर्ता

■ न्यूज गैलरी

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर 19 से 21 फरवरी तक

अंबिकापुर/नवप्रदेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं लाभान्वित करने के उद्देश्य से 5 फरवरी से 25 फरवरी तक द्वितीय चरण का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नगर पालिका निगम अम्बिकापुर के विभिन्न क्षेत्रों में 19 से 21 फरवरी तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। रूट चार्ट के अनुसार 19 फरवरी को सुबह चंबोथी तालाब में और दोपहर को गांधी स्टेडियम गोधन इंपोरियम में कैंप का आयोजन किया जाना है, इस हेतु एसई कैलास खरोले एवं रतनेश खनवर कैंप ऑफिसर तथा संबंधित वार्ड के सहा.राजस्व निरिक्षक एवं सिटी मिशन प्रबंधक एन.यु.एल.एम को सहायक कैंप ऑफिसर होंगे। इसी प्रकार 20 फरवरी को सुबह रामानुज क्लब दर्रीपारा और दोपहर को तुलसी चौक गंगापुर में कैंप का आयोजन किया जाना है, इस हेतु कैलास खरोले एसई एवं प्रियंका पटेल एसई कैंप ऑफिसर तथा संबंधित वार्ड के सहा. राजस्व निरिक्षक एवं सिटी मिशन प्रबंधक एनयुएलएम सहायक कैंप ऑफिसर होंगे। 21 फरवरी को सुबह अटल चौक नवागढ़ अटल चौक नवागढ़ हेतु कैंप ऑफिसर निलम किंडो एसई एवं दोपहर में गादाघाट हमर क्लिनिक में कैंप हेतु कैप ऑफिसर सतिस रवि होंगे तथा संबंधित वार्ड के सहा. राजस्व निरिक्षक एवं सिटी मिशन प्रबंधक एनयुएलएम सहायक कैंप ऑफिसर होंगे।

ग्राम पसरा के 14 बेरोजगारों को मिला रोजगार

अंबिकापुर/नवप्रदेश। ग्राम पसरा प्रभावित क्षेत्र के युवक कलेक्टर विलास भोस्कर के समक्ष रोजगार प्रदान करने के सम्बंध में अपनी समस्या लेकर ज्ञापन देने पहुंचे थे। कलेक्टर भोस्कर ने उनसे बात की और रोजगार पर उनसे चर्चा की। उन्होंने इच्छुक स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। युवाओं को योग्यता अनुसार राजस्थान राज्य विद्युत निगम लिमिटेड की ओर से इन 14 युवाओं को वेंडर के पद पर नियुक्ति दी गई है। 18 फरवरी को मेडिकल जांच के पश्चात ये अपने कार्य पर उपस्थित हो सकेंगे।

भूमिपूजन में कलेक्टर हुए शामिल

मुंगेली/नवप्रदेश। बीआरसाव उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय परिसर में स्थित शिव कुमार पाठक सभा भवन के प्रथम तल पर बीआरसाव समन्वय कला संगीत महाविद्यालय के प्रस्तावित भवन हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर राहुल देव, एसडीएम प्रवीण तिवारी, बीआरसाव धर्मादा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. विनय गुप्ता, नगर पालिका परिषद के प्रभारी अध्यक्ष मोहन मल्हाह, पार्षद राहुल कुर्रे एवं प्राचार्य पीसी दिव्य के द्वारा भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष विनय गुप्ता ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि अब संगीत महाविद्यालय का अपने भवन का सपना पूरा हो जाएगा तथा यथा संभव आर्थिक मदद का भी वचन दिया। कलेक्टर राहुल देव के द्वारा भवन निर्माण संबंधी जानकारी ली गई एवं पुनः आने की बात कही। इस अवसर पर समन्वय कला संगीत महाविद्यालय के अध्यक्ष रविशंकर शर्मा, उपाध्यक्ष नीलकंठ तिवारी, सचिव सतपाल मक्कड़, कोषाध्यक्ष शिव कुमार राजपूत, सुनील केसरवानी, प्रवीण साधु, रघुवंश परिहार, अब्दुल अजीज, देव शंकर श्रीवास्तव, रामकिंकर परिहार, बीआर स्कूल स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

निधन

डॉ. अजीज रफीक

मुंगेली/नवप्रदेश। आगर साहित्य समिति के पूर्व अध्यक्ष वर्तमान संरक्षक डॉ. अजीज रफीक का 15 फरवरी को शाम में निधन हो गया। वे क्षेत्र के वरिष्ठ साहित्यकार के साथ-साथ प्रेस क्लब सहित कई संस्थाओं में जुड़े हुये थे। साहित्यकारों ने उनके निधन पर शोक प्रगट किया है।

कोयला चोरी रोकने पुलिस, खनिज व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

6 ईंट भट्टों से 45 टन अवैध कोयला जप्त

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के अमेरा खुली खदान से लगातार कोयला चोरी के सम्बन्ध मे शिकायते प्राप्त हो रही थी, शिकायत पर सरगुजा पुलिस, खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने छापामार मुहिम चलाकर लखनपुर क्षेत्र में संचालित हो रहे ईंट भट्ठो मे दबिश दिया। दौरान कार्यवाही के ईंट भट्ठो मे नाजायज तरीके से भंडारित कर रखी कोयला के सम्बन्ध मे भट्ठा संचालको से पूछताछ करते हुए संग्रहित कोयला से मुतालिक दस्तावेज दिखाने कहा गया। भट्ठा संचालकों ने भंडारित कोयले के सम्बन्ध में कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं किया । इस तरह से ग्राम जूनाडीह, सिरकोतगा, गुमगराकला, बिनकरा, गणेशपुर, कुल 06 ईंट भट्ठो से 45 टन अवैध कोयला संयुक्त टीम द्वारा जप्त किया गया। ईंट भट्ठा संचालकों से पूछताछ किए जाने पर अमेरा कोयला खदान से विभिन्न माध्यमों से कोयले की चोरी करवा कर ईंट पकाने भट्ठा में रखना स्वीकार किया गया। रेड टीम ने कोयले के साथ 1लाख 30 हजार ईंट भी मौके से जप्त किया है। जप्त कोयला ईंट को लेकर खनिज विभाग द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है।इस जप्ती कार्यवाही से क्षेत्र के तमाम ईंट भट्ठा संचालकों में हड़कंप मच गया है। अमेरा खुली खदान से बेखौफ हो रहे अवैध कोयला चोरी में सरगुजा पुलिस ने 20 लोगों को पकड़ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये है।

कोयला खदान डकैती कांड के चार आरोपी पकड़ाए

कोयला चोरी के अलावा कोल माईंस स्टाक से तांबा कोयला अन्य दूसरे सामानों की डकैती किये जाने का मामला भी कोयला चोरी के साथ जुड़ा हुआ है। दरअसल कुछ स्थानीय लोगों ने चंद दिनों पहले कोल माईंस स्टाक में घुस कर डकैती कांड को अंजाम दिया था। डकैती करने के जुर्म में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक विधि संघर्षरत बालक सहित चार लोगों को गिरफतार किया है। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त डंडा, कोयला ,तांबे का तार बरामद किया है। डकैती कांड को अंजाम देकर फरार आरोपीयों की तलाश की जारी है। पुलिस के मुताबिक थाना जयनगर अंतर्गत ग्राम कुजनगर निवासी फेंकू राम 51 वर्ष अपने मैनेजर उपक्षेत्रीय प्रबंधक सहित अन्य स्टाफ को सूचना दिया कहा कि 14 फरवरी को अमेरा खुली खदान के कोयला स्टाक में 11-12 व्यक्ति लाठी डंडा से लैस दाखिल हुये और सुरक्षा गार्ड को जान से मारने की धमकी देते हुए तांबे का तार कोयला सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गये।गार्ड के सूचना पर पुलिस टीम घटनास्थल पहुंच त्वरित कार्रवाही करते हुए जुर्म में शरीक एक अपचारी बालक सहित 4 आरोपियों को पकड़ा। उनसे पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम आर्यन राजवाड़े आ0 मूनेशवर राम उम्र 19 साल ,सुरेन्द्र कुमार आ0रामदास ग्राम पुहपुटरा लखनपुर तथा लवकेश सोनवानी आ0 परशुराम सोनवानी ग्राम सिरकोतगा, का होना बताया। पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक सहित अन्य आरोपियों से घटना के संबंध में पूछताछ किया तो सभी ने अपने इकबालिया बयान में अमेरा कोयला खदान से 11-12 व्यक्तियों के साथ मिलकर तांबे का तार कोयला सहित अन्य सामान डकैती करना कबूल किया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया गया है। साथ ही अन्य फरार आरोपीयों की तलाश की जा रही है। कारवाही में प्रधान आरक्षक बलभद्र ठाकुर, रवि सिंह, आरक्षक मुनेश्वर पैकरा, डाक्टर सिंह सिदार, राकेश चतुरेश, सक्रिय रहे।

कलेक्टर-एसपी ने लिया मैनपाट महोत्सव की तैयारियों का जायजा

लखनपुर+सरगुजा। सरगुजा कलेक्टर विलास भोस्कर एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने मैनपाट महोत्सव स्थल का निरीक्षण किया। 23,24 एवं 25 फरवरी को मैनपाठ महोत्सव आयोजित होना है। कार्यक्रम आयोजन के मद्देनजर रोपाखार जलाशय के नजदीक निर्धारित महोत्सव स्थल में डोम निर्माण, मंच एवं स्थल के साज-सज्जा, साफ-सफाई, हेलीपैड, रंग रोगन आदि का काम चालू है का बारिकी से निरिक्षण करते हुए महोत्सव स्थल पहुंच सभी तैयारियों का जायजा लिया।

कलेक्टर भोस्कर ने इस दौरान मुख्य अतिथियों के लिए आवश्यक तैयारियां, मंच पर बैठक व्यवस्था, प्रोग्राम में आमंत्रित कलाकारों का लाइन अप, महोत्सव स्थल पर वीआईपी, मीडिया, अधिकारियों और आम जन की बैठक व्यवस्था, स्टॉल निर्माण, हितग्राहियों को सामग्री वितरण,

पार्किंग की व्यवस्था, रूट चार्ट आदि की जानकारी, बोटिंग प्वाइंट रोपाखार और एडवेंचर स्पोर्ट्स स्थल मेहता प्वाइंट में सुरक्षा हेतु जरूरी सावधानियों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस और राजस्व की टीम को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि रूट चार्ट और पार्किंग व्यवस्था को सहज और सुलभ बनाने के लिए जगह जगह आवश्यक साइन बोर्ड जरूर लगाएं जिससे लोगों को आवागमन में किसी तरह की समस्या ना हो और प्रशासनिक व्यवस्था बनी रहे। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

जर्जर सड़कों से लोग हो रहें परेशान

मुंगेली/नवप्रदेश। डबल इंजन की सरकार जिला अस्पताल का पहुंच मार्ग हो या बाइपास की सड़क या नेशनल हाइवे की सड़क हो, सड़को पर गड्ढ़ो एवं पानी भरे रहने से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के मुख्य मार्ग में बडे-बडे गढ्ढे हो गये है जिस कारण आये दिन दुर्घटना कि आशंका बनी रहती है। लोगों को आवागमन करने में कॉफी परेशानीयों का सामना करना पड रहा है।मुख्य मार्ग स्थित पर जगह-जगह गढ्ढे होने के कारण पानी निकासी नहीं होने से लोगो का जिना दुश्वार हो गया है। शहरवासियों को कापी मशक्कत के बाद मुरूम डालने के बजाय मिट्टी डाल दिये जाने के कारण परेशानिया और भी बड़ गयी है। मुंगेली मुख्य मार्ग बड़े बड़े गढढे मे तबदिल हो गये है। पडावपारा नहर रोड सहित शहर के हजारो लोगो को जिला मुख्यालय पहुचाता है फिर वापस लाता है यह मार्ग शासन प्रशासन की उपेक्षा के चलते गढ्ढों मे तबदिल हो गयी है। सड़क में जगह जगह बडे बडे गढ्ढे होने के कारण आये दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगो को जोखिम में डालकर यात्रा करना पडता है। मुख्य मार्ग में बडे-बडे गढ्ढे होने से लोगों को आवागमन करने में तकलीफ होती है। समस्या के निदान हेतु जनप्रतिनिधी एवं संबंधित अधिकारीयों को अनेक बार अवगत कराया जा चुका है। उपरांत आज तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कि गई है। नगर एवं आसपास की सड़के जर्जर अवस्था में तो थी ही मरम्त नही होने के चलते सड़के और जर्जर हो गई है। गड्ढ़ो पर पानी भर गया है। जिला अस्पताल जाने के दोनों-तीनों मार्ग पर सड़क के स्थान पर केवल गढ्ढे ही गढ्ढे है। अस्पताल पहुंचने के लिये प्रमुख मार्गो में रायपुर रोड से खर्राघाट पुल होकर, दाउपारा से रामगढ़ होकर तथा बिलासपुर रोड मुख्य मार्ग से छोटी पुलिया के बगल से पुलिस लाईन होते हुये जिला अस्पताल जाने का मार्ग है। इन सभी मार्गो की सड़के बहुत ही जर्जर और गढ्ढों से युक्त है, जिसमें गर्भवर्ती महिलाओं के साथ-साथ मरीजों तथा अस्पताल जाने वालों को काफी दिक्कतें होती है। जिला अस्पताल में रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज व उनके परिजन पहुंचते है। इसी प्रकार नेशनल हाइवे पर मुंगेली से पण्डरिया कवर्धा जाने वाली मार्ग पर सेंट जेवियर्स हाईस्कूल के आगे से तीन किलोमीटर की सड़क मरम्मत के बाद भी जर्जर एवं गड्ढेयुक्त है। शासन के द्वारा करोड़ों रुपए की राशि सड़क निर्माण कार्यो में खर्च की जाती है किंतु गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखने से सड़कों की स्थिति कुछ दिनों में ही जर्जर हो जाती है। नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने शासन प्रशासन से सड़क मरम्मत की मांग की है।

अयोध्या के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

लखनपुर सरगुजा/नवप्रदेश। जंप क्षेत्र के ग्राम पंचायत गणेशपुर में भगवान श्रीराम के दर्शन करने ग्रामीणों ने यात्री बस के माध्यम से अयोध्या श्री राम जन्मभूमि में दर्शन करने के निकले काफी उत्साहित थे। इस यात्रा में तकरीबन 50 से 60 उत्साही श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम का जयकारा लगाते हुए निकले। इस जत्था को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर पूर्व पार्षद दिनेश बारी अनिल रजवाड़े ,नरेंद्र रजवाड़े,सहित गांव के सम्मानित ग्रामीणों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और सभी श्रद्धालू को अग्रिम शुभकामना दी गई। श्री राम जन्मभूमि पहुंच श्री राम जी का दर्शन करने के उपरान्त अन्य धार्मिक स्थलों का भी दर्शन श्रद्धालूओ द्वारा किया जाएगा।साथ ही भक्तों द्वारा बस में कीर्तन भजन करते हुए जगह-जगह धार्मिक स्थलों का भी दर्शन किया जाएगा इस धार्मिक यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व जनपद सदस्य कामेश्वर राजवाड़े, कृपा राजवाड़े पुनीत राजवाड़े ,बोधन राजवाड़े, कालेश्वर राजवाड़े, विलास राजवाड़े के नेतृत्व में क्षेत्र का पहला जत्था भगवान श्री राम जी के दर्शन को लेकर अयोध्या धाम के लिए निकली है। इस पुनीत कार्य में पंचायत वासियों का भी श्रद्धा शामिल हैं।

अन्नदाताओं को छल रही केन्द्र

मुंगेली। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने हिंदुस्तान के अन्नदाताओं के भारत बंद के समर्थन में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसानों के साथ छल कर रही है कहा कि स्वामीनाथन कमीशन की कुछ सिफारिशें बची है जिसको तुरंत किसानों के हित में लागू करे और कहा कि आज दिल्ली में किसानों को आने की मनाही कर रखी है। हर जगह बेरिकेड्स कंक्रीट की दीवार बना दिया गया जगह जगह रास्ट्रीय राज्य मागों पर गड्टे खोद दिया गया है कांग्रेस का कहना है कि आखिर हमारे देश के अन्नदाता अपनी हक की लड़ाई क्यों नहीं लड़ सकते अपनी मांग सरकार के पास नहीं रखेंगे।

आम लोगों की सुविधा के लिए एसपी का मेल आईडी जारी

सक्ती/नवप्रदेश। 17 फरवरी 2024/ नवगठित सक्ती जिले में नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भापुसे) द्वारा पदस्थापना के दौरान आमजन की सुविधाओं और बेहतर पुलिसिंग के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। आम लोगों की सुविधाओं के लिए आईपीएस सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा डिजिटल तकनीक का सदुपयोग करते हुए अभिनव पहल की जा रही है।

इसी क्रम में आज उनके द्वारा आमलोगों को चरित्र सत्यापन कराने के लिए पुलिस थाना और कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। लोग घर बैठे ही चरित्र सत्यापन के लिए आवेदन कर सकें ऐसी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पुलिस अधीक्षक सुश्री शर्मा के निर्देशन में सुविधा मेल आईडी SP-Sakti @cg.gov.in का शुभारंभ किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार अब सक्ती जिले के लोगो को चरित्र सत्यापन का आवेदन करने के लिए संबंधित थाना या पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाने के बजाय सीधे ÷ई-मेल आईडी÷ के माध्यम से आवेदन करने की सुविधा मिलेगी। साथ ही चरित्र सत्यापन दस्तावेज संबंधित कार्य ÷10 कार्यालयीन दिवस÷ के भीतर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। चरित्र सत्यापन का सॉफ्ट कॉपी ई-मेल के माध्यम से प्राप्त किया जा सकेगा। चरित्र सत्यापन का हार्ड कॉपी निर्धारित समय अवधि में कार्यालयीन समय में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकेगा।

शिविर | समस्याओ के निराकरण के लिए विभिन्न विभागों ने लगाया कैंप

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में स्वास्थ्य की जांच भी

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में जिले के शहरी और ग्रामीण लोगों के राशनकार्ड, गैस कनेक्शन, खाद, बीज, बिजली, पानी, जमीन से संबंधित कार्य सहित अन्य विभिन्न छोटी-बड़ी समस्याओ के निराकरण के लिए आज सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सक्ती में जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा उपस्थित होकर लोगों की समस्याओ का निराकरण करने के साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। जिलास्तरीय शिविर में जिलापंचायत सदस्य विद्या सिदार, रामनरेश यादव, कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकडा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती पंकज डाहिरे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डभरा दिव्या अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मालखरौदा अरुण सोम, जिला शिक्षा अधिकारी बीएल खरे सहित सभी सबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में जिलेवासी शामिल हुये। शिविर का शुभारम्भ विभिन्न जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर और जिलाप्रशासन के अधिकारियो द्वारा सरस्वती माँ की पूजा अर्चना से की गयी। साथ ही जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर द्वारा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गए स्टॉल का अवलोकन करते हुए विभागीय योजनाओ से आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने कहा गया। शिविर में विभिन्न लोगो ने अपनी समस्याए संबंधित विभागों के अधिकारियो के सामने रखी। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आयोजित जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में 402 ओपीडी, 85 सिकल सेल टेस्ट, 150 हिमोग्लोबिन टेस्ट, 220 शुगर टेस्ट सहित 23 मेडिकल बोर्ड सर्टिफिकेट प्रदान किये गये है। महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार शिविर में महतारी वंदन योजना के तहत 67 आवेदन भरे गये और 519 आवेदनों का ऑनलाइन एंट्री किया गया है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार शिविर स्थल पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 4 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे से 2 हितग्राहियो को मौके पर ही उज्ज्वला गैस कनेक्शन प्रदान किया गया।

साथ ही नये राशन कार्ड बनाने के 15 आवेदन प्राप्त हुये जिसमे से 2 हितग्राहियों का तत्काल राशनकार्ड जारी कर वितरण किया गया। इसी प्रकार 30 राशनकार्ड धारियों का राशनकार्ड नवीनीकरण, 12 राशनकार्ड में नाम जोड़ा गया व 15 राशनकार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट व 12 हितग्राहियों का ईकेवाईसी मौके पर ही पूर्ण किया गया।

30 पाव देसी शराब के साथ महिला पकड़ाई

सक्ती/नवप्रदेश। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के द्वारा जिले का प्रभार ग्रहण करते ही अवैध शराब कारोबारियों एवम नशे के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के दिये दिशा निर्देश सभी थानों को दिए गए हैं।

उक्त निदेशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह के मार्गदर्शन पर सक्ती पुलिस सतत कारवाई कर रही है। सक्ती पुलिस के द्वारा अवेध शराब के विरुद्ध अभियान में कार्यवाही हेतु नगर निरीक्षक विवेक शर्मा के द्वारा टीम रवाना की गई थी। इस अभियान के दौरान सक्ती पुलिस ने गणेश बंध तलब में एक महिला शांति बाई देवांगन को अवैध देशी शराब बिक्री करते पाया, महिला बल की उपस्थिति में महिला के पास से 30 नग देशी शराब के पाव जप्त किए गए।महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय से रिमांड लेकर, बिलासपुर जेल दाखिल किया गया है। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरी. हीराराम सांवरा,दीपक साहू आरक्षक श्याम गाबेल, महासिंह सिदार,रूपा लहरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षिका सक्ती अंकिता शर्मा ने कहा है, की सक्ति क्षेत्र में है कि नशे के अवैध कारोबार करने जुआ, सट्टा खेलने/खेलाने वालों तथा किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा, कठोर कारवाई की जाएगी।

न्यूज गैलरी

ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी, युवक ने गवाए लाखों रुपए

राजनांदगांव। शहर के रहने वाले एक युवक ने ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी के जरिये लाखों रुपए कमाने के चक्कर में मोटी रकम को गंवा दिया। बसंतपुर पुलिस से पीड़ित युवक ने कंपनी के विरूद्ध शिकायत की है। ऑनलाइन ठगी के तहत पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक खंडेलवाल कॉलोनी के रहने वाले योगराज साहू को 2 जनवरी 2024 को बीट क्वाईन ऑप्शन ट्रेडिंग कंपनी की ओर से एक कॉल आया। जिसमें कंपनी द्वारा निवेश करने पर फायदा होने का झांसा दिया गया। बातचीत के दौरान पीड़ित कंपनी के झांसे में आ गया। इस दौरान पीड़ित ने अलग-अलग किस्तों में 11 लाख 30 हजार रुपए निवेश कर दिए। निवेश से पहले कंपनी की एक महिला योगराज साहू से निरंतर संपर्क में थी। निवेश से पूर्व पीड़ित को इस बात के लिए आश्वस्त किया गया कि 5 दिन के भीतर टैक्स और मूलधन समेत वापस रकम निकाल सकते हैं। पांच दिन बाद जैसे ही पीड़ित ने रकम निकालने की कोशिश, उसी दौरान कंपनी से फिर कॉल किया गया कि ऐसा करने पर टैक्स में भारी कटौती होगी। इस तरह योगराज साहू को लगातार कंपनी द्वारा छला गया। इस मामले में अब पीड़ित ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है।

नक्सलियों-जवानों के बीच मुठभेड़, सामान बरामद

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के रामपुर गांव के पास नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद जवानों ने घटनास्थल से नक्सली सामान भी बरामद किया। मिली जानकारी के अनुसार, जवानों को सूचना मिली थी कि, रामपुर गांव के पास दरभा डिवीजन और पश्चिम बस्तर डिवीजन के बड़े नक्सली मौजूद हैं। सूचना मिलने के बाद बस्तर फाइटर्स, 230 यंग प्लाटून और छ्रक्र्न के जवान रवाना हुए थे। इसके बाद वहां पर मुठभेड़ हुई।ढ्ढह्यश ऋद्धस्र - शिक्षकों ने बीईओ पर लगाया मानसिक शोषण का आरोप मुठभेड़ के बाद जवानों ने घटनास्थल से 2 बंदूक,1 क्लेमोर बम, 2 क्चत्ररुसेल, 3 टिफिन बम, इलेक्ट्रॉनिक वायर, डेटोनेटर, नक्सली वर्दी और दस्तावेज बरामद किया। वहीं बीजापुर के गुण्डम कैम्प से छ्रक्र्न, , 153, और 210 की टीम एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। इस दौरान उन्होंने 5-5 किलो के तीन आईईडी बरामद किया। इनमें दो प्रेशर आईईडी और 1 एंटी हैंडलिंग आईईडी है। सुरक्षाबलों ने अपनी सतर्कता और सूझबूझ से नक्सलियों के नापाक इरादों पर पानी फेर दिया।

बिजली कर्मी के घर चोरी, सोने चांदी का जेवरात पार

कोरबा। जिले में चोरों की सक्रियता पर विराम लगा पाने में पुलिस असफल साबित हो रही है। सीएसईबी कॉलोनी में रहने वाले पुलिस अधिकारी राकेश गुप्ता के घर चोरी का मामला सुलझा नहीं था कि बीती रात एक बार फिर से चोरों ने सीएसईबी कॉलोनी में ही चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला। सीएसईबी कॉलोनी में एनसी 59 नंबर के सूने मकान में धावा बोलकर चोरों ने कीमती सामानों की चोरी की। बताया जा रहा है,कि घर के सभी सदस्य किसी काम से बाहर गए हुए हैं, जिनके आने का इंतजार किया जा रहा है। पड़ोसियों की माने तक रात में ताला लगा हुआ था।

अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, कुएं में मिली लाश

- हार्वेस्टर अचानक अनियंत्रित होकर एक गड्ढे में पलट गई
- बाइक सवार की मोटर साइकिल से गिरने से मौत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खैरागढ़ जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। एक घटना में हार्वेस्टर पलटने से एक व्यक्ति की मौत हुई, वहीं दूसरी घटना में बाइक से गिरकर युवक की जान चली गई। शनिवार तडक़े लगभग 3 बजे खैरागढ़ से बालाघाट की ओर जा रही एक हार्वेस्टर अचानक अनियंत्रित होकर एक गड्ढे में पलट गई। इस घटना में हार्वेस्टर में सवार 4 में से एक की मौत हो गई। मृतक का नाम जस्सा सिंह बताया जा रहा है। वह पंजाब के करनाल जिले के रहने वाला है। हादसे में घायल सभी का खैरागढ़ के सिविल अस्पताल में उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि चंगुर्दा घाट से उतरने के दौरान हार्वेस्टर अचानक गड्ढे में जा घुसी। हार्वेस्टर में उस दौरान 4 लोग सवार थे। एक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक और घायल सभी पंजाब के रहने वाले हैं। फसल कटाई सीजन में इस क्षेत्र में हार्वेस्टर की बुकिंग थी। पुलिस का कहना है कि सभी बालाघाट जिले के लांजी क्षेत्र की ओर जा रहे थे। इधर, एक अन्य घटना में एक बाइक सवार की मोटर साइकिल से गिरने से मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक खैरागढ़ क्षेत्र के कांचरी के रहने वाला योगेश कुमार वर्मा 15 फरवरी की रात को मोटर साइकिल चलाने के दौरान गिर गया। जिससे उसे गंभीर चोंटे आई। घायल हालत में उसे गंडई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

इधर कोरबा जिले के ग्राम ढेलवाडीह में पड़ोसी के कुएं में लापता व्यक्ति की लाश मिली है। शनिवार सुबह घटना की जानकारी होने पर मौके पर गांववालों की भीड़ जमा हो गई। मामला मानिकपुर चौकी इलाके का है। जानकारी के मुताबिक, बबलू राम उरांव (55) शुक्रवार सुबह 7 बजे से घर से लापता था। उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन वो नहीं मिला। शनिवार सुबह पड़ोसी बसंत खड़िया अपनी बाड़ी में गया। वहां कुएं से पानी निकालने के लिए उसने जैसे ही उसके अंदर झांका, उसमें लाश देखकर उसके होश उड़ गए। कोरबा जिले के ग्राम ढेलवाडीह में पड़ोसी के कुएं में लापता व्यक्ति की लाश मिली है।ढ्ढह्यश ऋद्धस्र - शिक्षकों ने बीईओ पर लगाया मानसिक शोषण का आरोप उसने तुरंत गांववालों को घटना की जानकारी दी। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। कुएं की गहराई 25 फीट है, जिसके चलते ऊपर से ये पता नहीं चल पा रहा था कि लाश किसकी है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची।

पीएम आवास योजना पर अमल तेजी से हो : शर्मा

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशों पर त्वरित अमल
- बैगा परिवारों के लिए 3554 पक्के आवास स्वीकृत
- आवास निर्माण के लिए 11.98 करोड़ रुपए की मंजूरी
- छत्तीसगढ़ में पीएम जनमन योजना का हो रहा तेजी से क्रियान्वयन

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने शुरू की गई प्रधानमंत्री जनमन योजना का छत्तीसगढ़ में तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में तथा उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रदेश के कबीरधाम जिले में इस योजना में बैगा परिवारों के लिए 3554 आवासों की स्वीकृति दी गई है, इनमें 2996 पक्के आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में 11 करोड़ 98 लाख रूपए जारी की गई है।

कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला में 179 और पंडरिया के 77 गांवों में बैगा परिवारों की बाहुलता है। इन परिवारों के लिए बोड़ला विकासखण्ड में 2081 और पंडरिया विकासखण्ड में 1474 आवासों की स्वीकृति दी गई है। बैगा परिवारों को प्रथम चरण में 2996 आवासों आवास निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में 40-40 हजार रूपए की राशि जारी की गई है। इसके अलावा योजना में इन गांवों में बुनियादी सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बैगा परिवारों को आवास निर्माण के लिए 2 लाख रूपए की राशि 4 किस्तों में दी जाएगी। पहली किस्त आवास शुरू करने के लिए 40 हजार रूपए, दूसरी किस्त कुर्सी स्तर पर होने पर 60 हजार रूपए, तीसरी किस्त आवास की ढलाई पर 80 हजार रूपए और आवास पूरा होने पर 20 हजार रूपए दी जाएगी। इसके अलावा महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 95 दिनों का मजदूरी का भुगतान किया जाएगा।

रामकथा सुनने ब्रम्हचारी आश्रम में लग रहा श्रद्धालुओं का तांता

डोंगरगांव/खुज्जी/नवप्रदेश। । ग्राम दर्री के शिवनाथ नदी तट पर स्थित ब्रम्हचारी धाम में ,आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रम्ह चारी के सानिध्य में चल रहे,लक्ष्मी नारायण महा यज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है ,विदित हो कि विगत कई वर्षो से ब्रम्ह चारी धाम में विविध धार्मिक व दैवीय आयोजन होते आ रहे है ,इसी कड़ी में इस साल भी ,श्री लक्ष्मी नारायण महा यज्ञ,अखण्ड राम नाम संकीर्तन, के अलावा रामकथा का आयोजन किया गया है ,।

जिसमे हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर धर्म लाभ ,ले रहे हैं सांथ ही भोजन भंडारा में शामिल होकर भोजन प्रशाद ग्रहण कर रहे है,। राम कथा सुनने पहुंचे खुज्जी विधायक भोला राम साहू। चल रहे यज्ञीय आयोजन में , छेत्रीय विधायक भोला राम साहू सहपरिवार पहुंच कर,संत त्रिलोचन ब्रम्ह चारी जी का आशीर्वाद लिया,और चल रहे भोजन भंडारा में जाकर सहपरिवार भोजन परोसने की सेवा दी,पस्चात भोजन प्रशाद ग्रहण कर ,यज्ञ आदि की परिक्रमा कर राम कथा के पंडाल में पहुंच कर कथा वाचक संत राम ज्ञानी महात्यागी का आशीर्वाद लिया तथा राम कथा का रस पान किया।कथा व्यास पीठ से संत महात्यागी जी ने बताया कि,राम कथा रूपी अमृत पीना चाहते है सुनना और कहना चाहते हैं तो अहमता को छोड़ कर ही कहा और सुना जा सकता है,उन्होंने श्रोताओं को बताया कि ,राम चरित मानस ही भव सागर पार करने की नैया है, मानव का कल्याण तब होगा जब वह निष्काम हृदय से सत्संग में जाकर कथा का रसपान करे ,उन्होंने ने अपनी ओज पूर्ण वाणी से संगीत मयी राम कथा में ,सीता अवतरण,श्री राम जन्म की कथा का सविस्तार वर्णन किया।

चल रहे यज्ञ में प्रधान यज्ञाचार्य पंडित बसन्त तिवारी जी के सानिध्य में वैदिक पंडितो के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के सांथ यज्ञ यजमानो के द्वारा आहुतियां।डाली जा रही है।

अधेड़ पर भालू ने किया हमला, गंभीर

बालोद/नवप्रदेश। जंगल गए एक अधेड़ पर भालू ने हमला कर दिया. भालू ने अधेड़ की एक आंख निकाल दी. जिससे शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया. ये घटना गुरुर वन परिक्षेत्र के हितेकसा गांव की है. घायल को वन विभाग की गाड़ी से गुरुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. इलाज के बाद मरीज को जिला अस्पताल धमतरी रेफर कर दिया गया है. फिलहाल उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है. जानकारी के मुताबिक अधेड़ गांव के आस पास ही घूमता रहता था. वो गांव से लगे जंगल की तरफ देर शाम को गया हुआ था. जहां भालू ने अधेड़ पर हमला कर दिया. जिससे अधेड़ गम्भीर रूप से घायल हो गया. भालू ने अधेड़ के चेहरे को बुरी तरह से नोच दिया. साथ ही उसकी एक आंख भी भालू ने नोच कर निकाल ली थी. ग्रामीणों को जैसे ही सूचना मिली तो जंगल से अधेड़ को गांव लाया गया और वन विभाग को सूचना दी गई।

स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में शामिल हुए सीएमएचओ निराला

बिलाईगढ़/नवप्रदेश।शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खम्हरिया में स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एफ.आर.निराला ने स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में विस्तार से जानकारी दिया कि भोज्य पदार्थ में आयरन की कमी से शरीर स्वस्थ नही रहता है और कोई न कोई बीमारी रहती हैं। सर्वे में 61 प्रतिशत बालिकाओं में एवं 31 प्रतिशत बालकों में इस प्रकार औसत 46 प्रतिशत विद्यार्थियों में खून की कमी पाई गई है। हमें अपनी दिनचर्या ठीक करनी होगी। दूध का सेवन करना होगा। तीन पेड़ पपीता, मूंनगा तथा केला घर आंगन में उगाना चाहिए। महिलाओं को होने वाले मासिक के बारे में विशेष जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए। सभीआयुष्मान कार्ड बनवाये एवं सिकलिंग की जांच अधिक से अधिक करवायें। तम्बाकू में 99 प्रतिशत ज़हरीली पदार्थ होता है, जिससे इसके सेवन से कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है। शैक्षणिक परिसरों को तम्बाकू मुक्त क्षेत्र होना चाहिए। सीएमएचओ डॉ निराला ने युवाओं को तम्बाकू से दूर रहने का आह्वान किया। सेमीनार के साथ ही स्कूल में स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाने तथा सिकलिंग जांच के लिए शिविर भी आयोजित था, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपना अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया तथा सिकलिंग का जांच करवाया।

वरिष्ठ नागरिकों का किया गया सम्मान

बलौदाबाजार-भाटापारा /नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर वरिष्ठ नागरिक की सुरक्षा तथा सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष की तरह विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम सुहेला में अंतर्राष्ट्रीय वृध्दजन दिवस का आयोजन किया गया।

जिसमें कुल 96 वृध्दजन को शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी वृध्दजनों को वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिनियम 2007 के बारे में विस्तृत जानकारी समाज कल्याण विभाग के द्वारा दी गई एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वृध्दजनों द्वारा अपने जीवन के बारे में बताते हुए 60 वर्ष पश्चात पारिवारिक स्थितियों से किस प्रका बदलाव आता है इस बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गई। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन संबंधी समस्याओं का निवारण भी किया गया।

कैरियर प्वाइंट नेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव हजारों में उपस्थित रहे लोग

भटगांव/नवप्रदेश। कैरियर प्वाइंट नेशनल नेशनल स्कूल में सरगम वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गाय जिसमे कक्षा नर्सरी से 12 के छात्र छात्राओं ने जोरदार प्रस्तुति दिया वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सुमित दास महंत ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा शिक्षा के बैगर इंसान पशु के बराबर है इसलिए शिक्षा का लाभ ले ।

वही कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का साला परिवार के द्वारा पुष्प गुच्छ के साथ सम्मान किया गया ।

जिसके बाद लगातार नन्हे बच्चो ने अपना अपना प्रस्तुति दिए। वही स्कूल के प्राचार्य के कहां बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए हम सदा ही प्रयासरत है । और आए दिन नित नए प्रोग्राम का आयोजन कराते आ रहे हैं। ज्ञात हो कैरियर प्वाइंट नेशनल स्कूल लोगो का भरोसेमंद स्कूल है जहां के बच्चे बच्चे अंग्रेजी शब्दावली का प्रयोग करते है।

मनवा कुर्मी समाज अधिवेशन में कुरीतियों पर चर्चा

- मनवा कुर्मी समाज का 78 वां अधिवेश करमदा में संपन्न रक्तदान शिविर आयोजित, मंत्री टंकराम भी हुए शामिल

अर्जुनी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अर्जुनी राज का 78 वाँ वार्षिक अधिवेशन बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम करमदा में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा अर्जुनी राजप्रधान हरिराम वर्मा व अन्य आमंत्रित पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ राजगीत व कुर्मी समाज के कुलगीत गाकर व सामाजिक ध्वज फहराकर आरंभ किया। ततपश्चात छत्तीसगढ़ महतारी व छत्रपति शिवाजी के तैलचित्र व सामाजिक पुरोधाओं को तिलक लगाकर माल्यार्पण किया गया। दिवगंतो को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।आहूत अधिवेशन को चोवाराम वर्मा ने संबोधित करते हुवे सामाजिक एकता और चारित्रिक छवि को बनाये रखने पर जोर दिया साथ ही नशे से हर व्यक्ति को दूर रहने को कहा । सामाजिक छात्राओं को जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में अधिक अंको से उतीर्ण होकर समाज तथा अपने परिजनों का मन बढ़ाया उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान किया गया। समाज को राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने संबोधित करते हुए समाज को आहार , व्यवहार,और विहार का विशेष चयन करने पर बात कही। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जैसा आहार लेता है उसका व्यवहार भी उसी समान होता है। मंत्री ने आयोजन में मांग पर सरस्वती शिशु मंदिर को 50 लाख व अन्य कार्यों के लिए 25-25 हजार की घोषणा की ।

विधवा का अपहरण कर दुष्कर्म, 2 गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश।कोरबा। जिले में अपहरण के बाद विधवा महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है. यहां दो बदमाशों ने जबरन 56 वर्षीय महिला को घने जंगल में ले जा कर गैंगरेप किया. इस दौरान महिला की चीख सुनकर ग्रामीणों को आते देख बदमाश भाग निकले. मामला रजगामार पुलिस चौकी क्षेत्र का है.

मिली जानकारी के अनुसार, महिला शौच के लिए घर से निकली थी. इस दौरान उसी क्षेत्र में ही रहने वाले सोहन और राम किशन खड़े मिले. दोनों युवकों ने विधवा को अपने साथ चलने की बात कही. इस पर महिला ने विरोध किया तो युवकों ने जबरिया उसे बाइक में बैठा लिया. फिर महिला को अपने साथ समीप ही स्थित छ्छान झोरखी जंगल के उपर सागौन बाड़ी ले गए, जहां दोनों युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया. इस दौरान महिला की चीख सुनकर ग्रामीण उसके पास जाने लगे तो दोनों युवक मौके से फरार हो गए. इसकी सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

गुरूकुल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

कवर्धा /नवप्रदेश।साइंस ओलम्पियाड फाउन्डेशन के तत्वावधान मे विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित कराई गई । इंग्लिश ओलम्पियाड में एक छात्रा, साइंस ओलम्पियाड में चार छात्र/छात्राओं, सामान्य ज्ञान ओलम्पियाड में पाँच छात्र/छात्राओं, गणित ओलम्पियाड में बीस छात्र/छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कबीरधाम जिले में गुरूकुल पब्लिक स्कूल को गौरवान्वित कर परचम लहरा चुके है। इन विद्यार्थियो को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इन ओलम्पियाड परीक्षाओं की तैयारी के लिए विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विशेष कक्षाएँ संचालित कराई गई। गुरूकुल के बच्चे हर विधा हर विषय में विद्यालय स्तर पर ही नहीं राज्य, राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट रैंक प्राप्त करते रहे है। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था के समस्त पदाधिकारीगण, शाला के प्रभारी प्राचार्य ने समस्त सफल विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दी।

कांकेर सांसद की लोकसभा में रही शत प्रतिशत उपस्थिति

- रामायणी सांसद ने छत्तीसगढ़ का बढ़ाया मान

कांकेर/नवप्रदेश। निवर्तमान लोकसभा में भाजपा के दो सदस्यों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रही। सांसद मोहन मंडावी और भागीरथ चौधरी ने 17वीं लोकसभा में एक भी दिन न चूकने का अनूठा गौरव हासिल किया है, जिसके कार्यकाल के दौरान कुल 274 सीटें थीं। संयोगवश, पहले दोनों को अगल-बगल की सीटें मिल गईं। संयोगवश, प्रथम कार्यकाल के दो सदस्यों को सदन में एक-दूसरे के बगल वाली सीटें मिल गईं। सांसद मंडावी ने कहा, ÷मुझे जो काम सौंपा गया है, मैं उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ करता हूं। मैं छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्र कांकेर का प्रतिनिधित्व करता हूं और मैंने कोविड-19 महामारी के दौरान भी सदन में भाग लिया था।पीआरएस लेजिस्लेटिव द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी और भागीरथ चौधरी (राजस्थान में अजमेर से सांसद) ने 17वीं लोकसभा के दौरान 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की, जिसके कार्यकाल के दौरान औसतन 79 प्रतिशत उपस्थिति देखी गई। सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि लोकसभा में उनकी और चौधरी की अगल-बगल सीटें थीं।

रामायणी सांसद के नाम से प्रसिद्ध है मोहन मंडावी

कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी के नाम कई उपलब्धियां है। वें दुनियां के ऐसे पहले सांसद है जिन्होंने 51 हजार परिवारों को श्रीरामचरितमानस की प्रतियां वितरित कर गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किया हैं। सांसद मोहन मंडावी रामायणी सांसद के नाम से देशभर में जानें जाते हैं। गांव गांव में उनकी रामायण मंडलिया हैं। सांसद मोहन मंडावी अपनी बातों को रामचरित मानस के चौपाई के माध्यम से कहते हैं। वें सदन में भी हर मुद्दों और विकास कार्यो की मांग रामचरित मानस के चौपाइयों के माध्यम से करते हैं। सांसद मोहन गांवों दौरा कर महिला पुरुष मानस मंडली का गठन करवाते हैं।छत्तीसगढ़,मध्यप्रदेश और उड़ीसा में लगभग हर गांव में उनकी रामायण मंडली हैं। हर साल इन मंडलियों द्वारा गांवों में रामायण मानसगान सम्मेलन और प्रतियोगिता आयोजित किया जाता है। जिसमें सांसद मोहन मंडावी मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचते हैं।

कृषि विभाग की कार्यशैली से कलेक्टर नाराज

200 किसानों के लंबित प्रकरणों का निराकरण नहीं करने पर अधिकारी को नोटिस

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न योजना के तहत ब्लॉकवार कार्यो की प्रगति की जानकारी ली और लंबित प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण करने संबंधित ब्लाक के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने लक्ष्य के विरूद्ध काफी कम प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए 200 से अधिक लंबित प्रकरण वाले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कहा कि शासन द्वारा किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, इनमें से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एक महत्वपूर्ण योजना है, इन योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले के किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के बारे में जानकारी दें और योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें, ताकि जरूरतमंद किसान अपने खेतों की मिट्टी की जांच के बाद अच्छी फसल प्राप्त कर सके। इसके अलावा कलेक्टर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य विभागीय योजनाओं के तहत कार्यो की समीक्षा की।

कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों के बैठक के पश्चात् समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जिला स्तर के सभी विभागीय अधिकारियों की बैठक ली।

भारत-इंग्लैंड: बेन ने राजकोट में बनाया सबसे बड़ा स्कोर

राजकोट। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ राजकोट में तीसरे टेस्ट की पहली पारी में 153 रन बनाए।इसके साथ ही वह इस मैदान पर सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए।अपने टेस्ट करियर का सिर्फ तीसरा शतक लगाने वाले डकेट की यह भारतीय सरजमीं पर भी सबसे बड़ा स्कोर बन गया।

डकेट ने मैच के दूसरे दिन आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और 88 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। ये भारत के खिलाफ उनकी पहली शतकीय पारी रहीदूसरे दिन के खेल की समाप्ति तक डकेट 118 गेंदों पर 21 चौकों और 2 छक्कों की बदौलत 133 रन बनाकर नाबाद थे।तीसरे दिन वह अपनी पारी को ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रख सके और कुलदीप यादव का शिकार बने। उन्होंने 151 गेंदों पर 153 रन बनाए।

यह पहला मौका है, जब किसी बल्लेबाज ने राजकोट के मैदान पर 150 रन का आंकड़ा पार किया है।इस शतक के साथ ही डकेट इस मैदान पर विराट कोहली को पीछे छोड़ते हुए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर वाले बल्लेबाज बन गए हैं। बता दें कि कोहली ने 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 139 रन बनाए थे।इस मैदान पर तीसरा सबसे बड़ा स्कोर पृथ्वी शॉ (134 रन बनाम वेस्टइंडीज, 2018) के नाम पर है।

डकेट ने 139 गेंदों में अपने 150 रन का आंकड़ा छूआ। वह साल 2000 के बाद से मेजबान भारत के विरुद्ध सबसे तेज 150 रन (गेंदों के मामले में) बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।उन्होंने केविन पीटरसन का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 201 गेंदों में अपने 150 रन (मुंबई में, 2012) पूरे किए थे।इस सूची में अन्य बल्लेबाज इंजमाम-उल-हक (209 गेंद, 2005) और इंग्लैंड के ओली पोप (212 गेंद, 2024) हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, डकेट मेजबान भारत के खिलाफ तीसरे सबसे तेज टेस्ट शतक (88 गेंद) लगाने वाले विदेशी बल्लेबाज बन गए हैं।भारतीय सरजमीं पर उनसे तेज शतक लगाने वाले विदेशी ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट (84 गेंद, साल-2001) और वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज क्लाइव लॉयड (85 गेंद, साल-1974) हैं।इसके साथ-साथ यह इंग्लैंड के किसी बल्लेबाज का विदेशों में खेलते हुए संयुक्त रूप से तीसरा सबसे टेस्ट तेज शतक है।

डकेट ने साल 2016 में बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का आगाज किया था।

तीसरा टेस्ट : इंग्लैंड ने पहली पारी में बनाए 319 रन

राजकोट। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने राजकोट टेस्ट में अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 319 रन बनाए। मेहमान टीम से बेन डकेट ने सर्वाधिक 153 रन बनाए।पहली पारी के आधार पर इंग्लिश टीम 126 रन से पीछे रह गई। मोहम्मद सिराज ने 4 विकेट लिए।बता दें कि भारत ने पहली पारी में 445 रन बनाए थे।

कल के स्कोर 207/2 से आगे खेलने उतरी इंग्लिश टीम को मैच के तीसरे दिन जो रूट (18) के रूप में आज पहला झटका लगा।इसके बाद जॉनी बेयरस्टो अपना खाता भी नहीं खोल सके।कल शतक लगा चुके डकेट आज 153 रन बनाकर आउट हो गए।इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स (41) ने कुछ देर टिककर बल्लेबाजी की। हालांकि, निरंतर विकेट गिरते रहे और पूरी टीम दूसरे सत्र के दौरान सिमट गई।

यह पहला मौका है, जब किसी बल्लेबाज ने राजकोट के मैदान पर 150 रन का आंकड़ा पार किया है।इस शतक के साथ ही डकेट इस मैदान पर विराट कोहली को पीछे छोड़ते हुए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर वाले बल्लेबाज बन गए हैं। बता दें कि कोहली ने 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 139 रन बनाए थे।इस मैदान पर तीसरा सबसे बड़ा स्कोर पृथ्वी शॉ (134 रन बनाम वेस्टइंडीज, 2018) के नाम पर है। डकेट ने 139 गेंदों में अपने 150 रन का आंकड़ा छूआ।

न्यूजीलैंड के काइल जैमीसन 1 साल रहेंगे क्रिकेट से दूर

नईदिल्ली। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर काइल जैमीसन लम्बे समय तक मैदान से दूर रहेंगे। वह अपनी पीठ के स्ट्रेस फ्रैक्चर के चलते 1 साल तक क्रिकेट से दूर रह सकते हैं।न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने आधिकारिक तौर पर ये जानकारी दी है।जैमीसन हाल ही में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ सम्पन्न हुई टेस्ट सीरीज के पहले मैच में खेलते हुए नजर आए थे।

जैमीसन को दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ माउंट माउंगानुई में हुए पहले टेस्ट के बाद दर्द महसूस हुआ। इसके बाद वह हैमिल्टन में खेले गए दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे।पहले टेस्ट में गेंदबाजी में उन्होंने दोनों परियों को मिलाकर कुल 6 विकेट (2/35 और 4/58) लिए थे।बल्लेबाजी में अपनी एक पारी में उन्होंने नाबाद 8 रन बनाए थे। बता दें कि न्यूजीलैंड ने 2 मैचों की सीरीज को क्लीन स्वीप किया था।

स्कैन से पता चला है कि जैमीसन के उसी स्थान पर एक नई चोट है जहां उनका पहले भी ऑपरेशन किया गया था।न्यूजीलैंड क्रिकेट के अपडेट के मुताबिक, उन्हें आगे कोई सर्जरी नहीं करानी पड़ेगी लेकिन चोट को पर्याप्त समय देने के लिए आराम और रिहैब की आवश्यकता होगी।बता दें कि जैमीसन पीठ की चोट के चलते लगभग 14 महीने पहले भी बाहर रहे थे। उन्होंने सितंबर 2023 में फिर से वापसी की थी।

29 वर्षीय जैमीसन ने उम्मीद जताई है कि वह चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी करेंगे।उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिन मेरे लिए सबसे चुनौतीपूर्ण रहे हैं लेकिन मैं अपने परिवार, टीम के साथियों, सहयोगी स्टाफ और डॉक्टरों से मिले समर्थन के लिए बेहद आभारी हूं। मैं एक क्रिकेटर के रूप में जानता हूं कि चोटें जीवन का हिस्सा हैं और मुझे उम्मीद है कि मेरे पास अभी भी खेलने के लिए समय बाकी हैं।

जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट में रूट को 9वीं बार किया आउट

राजकोट। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बल्लेबाज जो रूट का भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में खराब प्रदर्शन जारी है।वह राजकोट में तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी में 31 गेंदों में 18 रन बनाकर जसप्रीत बुमराह का शिकार बन गए।बुमराह ने रूट को इस सीरीज में तीसरी बार आपना शिकार बनाया है। इसके साथ ही उन्होंने रूट टेस्ट में कुल 9वीं बार पवेलियन की राह दिखाई है।

रूट ने क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में बुमराह के खिलाफ 21 पारियों में 254 रन बनाए हैं, जबकि बुमराह ने उन्हें 9 बार अपना शिकार बनाया है।बुमराह के खिलाफ रूट की औसत 28.22 की है। वह 369 डॉट गेंदों का सामना करने के अलावा 29 चौके लगाने में सफल रहे हैं।इसी तरह भारत में

बुमराह के खिलाफ रूट की औसत सिर्फ 13.50 की है। बुमराह ने उन्हें 6 पारियों में 4 बार आउट किया है।

बुमराह ने टेस्ट में केवल रूट को ही 9 बार पवेलियन की राह दिखाई है। इनमें से 5 बार इंग्लैंड की जमीं पर सफलता हासिल की है।उनके अलावा वह किसी अन्य बल्लेबाज को 6 बार भी आउट नहीं कर पाए हैं।इस मामले में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड शीर्ष पर हैं, जिन्होंने रूट को 11 बार आउट किया है।इसी तरह ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने रूट को 10 बार आउट किया है।

बुमराह ने मौजूदा सीरीज में रूट को तीसरी बार आउट किया है। बुमराह ने इस दिग्गज खिलाड़ी को सीरीज में कुल 26 गेंदे फेंकी है। इस सीरीज में रूट के स्कोर क्रमश- 29, 2, 5, 16 और 18 है।

बुमराह ने साल 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट खेला था।उन्होंने अब तक 35 टेस्ट खेले हैं और इसकी 66 पारियों में 20.41 की औसत से 156 विकेट लिए हैं।

बिजनेस

एलआईसी को आईटी से 21,740 करोड़ का रिफंड आदेश

नई दिल्ली । भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को असेसमेंट ईयर 2012-13, 2013-14, 2014-15, 2016-17, 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए रिफंड आदेश प्राप्त हुए थे।

रिफंड की कुल राशि 25,464.46 करोड़ रुपये थी। इस संबंध में आयकर विभाग ने 15 फरवरी को 21,740.77 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

एलआईसी ने कहा कि कॉर्पोरेशन आयकर विभाग के साथ संतुलन का प्रयास कर रहा है। 31 दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए एलआईसी का कर प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (पीएटी) 26,913 करोड़ रुपये था।

वर्तमान अवधि के लाभ में उपलब्ध सॉल्वेंसी मार्जिन पर विशेष सवृद्धि से संबंधित 21,461 करोड़ रुपये की शुद्ध कर राशि शामिल है, जो नॉन पार फंड (नॉन पार्टिसिपेटिंग) से शेयरधारकों के खाते में स्थानांतरित की गई है।

31 दिसंबर 2022 को समाप्त समान नौ महीने की अवधि के लिए प्रॉफिट आफ्टर टैक्स 22,970 करोड़ रुपये था, जिसकी तुलना नहीं की जा सकती। इसमें वित्तवर्ष 2021-22 की अंतिम तिमाही के लिए उपलब्ध सॉल्वेंसी मार्जिन पर विशेष वृद्धि से संबंधित 4,542 करोड़ रुपये की शुद्ध कर राशि शामिल थी, जिसे 30 सितंबर 2022 को नॉन पार्टिसिपेटिंग से शेयरधारकों के खाते में स्थानांतरित किया गया था। प्रथम वर्ष प्रीमियम आय (एफवाईपीआई) (आईआरडीएआई के अनुसार) द्वारा मापी गई बाजार हिस्सेदारी के संदर्भ में एलआईसी 58.90 प्रतिशत की समग्र बाजार हिस्सेदारी के साथ भारतीय जीवन बीमा व्यवसाय में बाजार हिस्सेदारी के मामले में अग्रणी बनी हुई है। 31 दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीनों के लिए एलआईसी की व्यक्तिगत व्यवसाय में बाजार हिस्सेदारी 38.74 प्रतिशत और समूह व्यवसाय में 72.24 प्रतिशत थी।

एक्शन फिल्मों में महिलाओं का विकास प्रेरणादायक है : एमी जैक्सन

एमी जैक्सन अपनी अपकमिंग फिल्म क्रैक में सख्त पुलिस अफसर का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि एक्शन फिल्मों में महिलाओं का विकास प्रेरणादायक है, क्योंकि उन्हें सिर्फ ग्लैमर तक सीमित नहीं रखा गया है।

एमी ने बताया, एक्शन फिल्मों में महिलाओं का विकास सशक्त है। यह देखना प्रेरणादायक है कि अब एक्ट्रेस केवल ग्लैमर तक सीमित रहने के बजाय मजबूत, प्रभावशाली भूमिकाएं निभा रही हैं। 2010 में तमिल फिल्म मद्रासपट्टिनम से अपनी शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस ने कहा कि महिलाएं पर्दे पर पुरुष अभिनेताओं के बराबर प्रतिनिधित्व करना चाहती हैं।

उन्होंने कहा, सभी उम्र की महिलाएं स्क्रीन पर प्रतिनिधित्व महसूस करना चाहती हैं और एक एक्ट्रेस को भूमिका निभाते हुए देखना चाहती हैं, क्योंकि सिनेमा में समानता के लिए आकर्षक होना महत्वपूर्ण है।

आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित अपकमिंग फिल्म में एमी अपने को-स्टार्स विद्युत जामवाल, अर्जुन रामपाल और नोरा फतेही के साथ स्टंट करती नजर आएंगी।

जोखिम को देखते हुए एक एक्टर के लिए किसी भूमिका में कितना निवेश करना बहुत अधिक है?

इस पर उन्होंने कहा, किसी भूमिका में स्पोर्ट्स और स्टंट के संतुलन को बनाए रखना जरूरी है। सुरक्षा को प्राथमिकता देना और सीमाओं का ध्यान रखना जरूरी है। विद्युत जामवाल जैसे अनुभवी एक्टर के साथ सहयोग करना पूरे अनुभव को बेहतर बनाता है।

एक्शन कोरियोग्राफी को अंजाम देने में उनकी अद्वितीय विशेषज्ञता न केवल निर्देशक और कहानी में विश्वास पैदा करती है, बल्कि अभिनेताओं को अपने स्टंट खुद अपनाने के लिए भी सशक्त बनाती है।

एमी के लिए विद्युत के साथ काम करना एक सुरक्षित अनुभव था।

उन्होंने कहा, ऐसे उस्ताद के साथ काम करना न केवल सुरक्षित लगता है बल्कि मुझे एक अभूतपूर्व कोरियोग्राफर के मार्गदर्शन में रोमांच में डुबो देता है।

जीपीटी को ट्रेडमार्क के रूप में पंजीकृत करने अमेरिकी पेटेंट ऑफिस ने किया इन्कार

नई दिल्ली । माइक्रोसॉफ्ट समर्थित ओपनएआई को झटका देते हुए यूएस पेटेंट एंड ट्रेडमार्क ऑफिस (पीटीओ) ने सैम ऑल्टमैन द्वारा संचालित कंपनी को जीपीटी (जेनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफार्मर) शब्द को ट्रेडमार्क के रूप में पंजीकृत करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। ओपनएआई ने यूएस पीटीओ के साथ अपने आवेदन में तर्क दिया कि जीपीटी विवरणात्मक शब्द नहीं है। उपभोक्ता तुरंत समझ नहीं पाएंगे कि जेनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफार्मर का क्या अर्थ है।

यूएस पीटीओ ने अपने फैसले में लिखा, ट्रेडमार्क जांच करने वाला वकील आश्वस्त नहीं है। इंटरनेट साक्ष्य सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री में सॉफ्टवेयर के संबंध में संक्षिप्त नाम 'जीपीटी' के व्यापक उपयोग को दर्शाता है, जो प्री-ट्रेंड डेटा सेट के आधार पर पूछने और जवाब देने के कार्यों के साथ समान एआई टेक्नोलॉजी की सुविधा देता है।

पिछले साल जेनेरिक एआई का उपयोग बढ़ने के कारण, कई एआई कंपनियों ने अपने प्रोडक्ट नामों में जीपीटी जोड़ा।

आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट बैंक को दी बड़ी राहत, 15 मार्च तक बढ़ाई समयसीमा

मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट बैंक को बड़ी राहत दी है। आरबीआई ने डिपॉजिट और क्रेडिट लेनदेन के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक की समयसीमा 15 मार्च तक बढ़ा दी है। आईबीआई ने इसे लेकर एक सर्कुलर भी जारी किया है। बता दें कि इससे पहले आरबीआई ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि कोई अन्य बैंकिंग सेवाएं, जैसे फंड ट्रांसफर , बीबीपीओयू और यूपीआई सर्विस 29 फरवरी के बाद बैंक द्वारा प्रदान नहीं की जानी चाहिए।

पेटीएम अपनी यूपीआई सर्विस पेटीएम पेमेंट बैंक के जरिए ही देता है। इसलिए दूसरे बैंकों के साथ टाई-अप नहीं होने की स्थिति में 15 फरवरी के बाद [illegible] सर्विस भी बंद हो जाएगी। पेटीएम ने बताया है कि उसकी [illegible] और [illegible] दोनों के साथ इसे लेकर चर्चा चल रही है।

बता दें, आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के सर्विसेज को बैन करने का फैसला कंपनी के ऑडिट रिपोर्ट में कमी पाए जाने के आधार पर लिया है। केंद्रीय बैंक का कहना है कि कंपनी द्वारा पेश की जा रही जानकारी में अनियमितता पाई गई है। बैंक ने अपने आदेश में यह स्पष्ट नहीं कहा है कि यह बैन कब तक जारी रहने वाला है। इससे यह स्पष्ट होता है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के यूजर एक महीने के बाद सर्विस का फायदा नहीं उठा सकेंगे।

सॉफ्टबैंक के संस्थापक मासायोशी सन एआई चिप दौड़ में शामिल

नई दिल्ली । जेनेरिक एआई की तेज होती दौड़ को ध्यान में रखते हुए सॉफ्टबैंक के संस्थापक और सीईओ मासायोशी सन कथित तौर पर ग्राफिक्स चिप की दिग्गज कंपनी एनवीडिया को टक्कर देने के लिए अपने एआई उद्यम के लिए लगभग 100 बिलियन डॉलर जुटाने का लक्ष्य बना रहे हैं।

ब्लूमबर्ग ने सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि सॉफ्टबैंक 30 अरब डॉलर का निवेश कर सकता है और मध्य पूर्व में निवेश फर्मों से 70 अरब डॉलर जुटा सकता है।

एआई उद्यम यूके चिप डिजाइनर आर्म के व्यवसाय का पूरक होगा, जिसमें आईपीओ के बाद सॉफ्टबैंक की 90 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

एनवीडिया द्वारा यह खुलासा करने के बाद कि उसने सॉफ्टबैंक समर्थित फर्म में 147.3 मिलियन डॉलर की हिस्सेदारी

हासिल कर ली है। इस सप्ताह आर्म के शेयरों में बढ़ोतरी हुई।

आर्म को 2016 में सॉफ्टबैंक द्वारा 32 बिलियन डॉलर में अधिग्रहित किया गया था। नियामक बाधाओं के बीच सॉफ्टबैंक 2022 में इसे एनवीडिया को 40 बिलियन डॉलर में बेचने में विफल रहा।

सॉफ्टबैंक का बेटा अरबों डॉलर के साथ अगली पीढ़ी का एआई उद्यम बनाने की दौड़ में अकेला नहीं है।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, ओपनएआई के सह-संस्थापक और सीईओ सैम ऑल्टमैन एक तकनीकी पहल के लिए धन जुटाने के लिए यूएई सरकार सहित निवेशकों के साथ बातचीत कर रहे हैं, जो दुनिया की चिप-निर्माण क्षमता को बढ़ावा देगा।

सूत्रों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है, परियोजना के लिए 5 ट्रिलियन से 7 ट्रिलियन डॉलर तक जुटाने की आवश्यकता हो सकती है।ऑल्टमैन ने अक्सर कहा है कि एआई के लिए ओपनएआई की खोज को शक्ति देने के लिए पर्याप्त उच्च-स्तरीय जीपीयू नहीं हैं।चिप्स की वैश्विक बिक्री पिछले साल 527 अरब डॉलर थी और 2030 तक सालाना 1 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद है।

यूको बैंक ने शुरू किया डिजिटल ऑनबोर्डिंग मर्चेंट अभियान

चंडीगढ़ । भारत सरकार द्वारा डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के प्रयासों की श्रृंखला में यूको बैंक ने अपनी विभिन्न चालू खाता योजनाओं में मर्चेंट क्यूआर (ऐप के साथ) और साउंड बॉक्स के शुल्क में छूट की पेशकश करते हुए हुए ओएम (व्यापारियों की ऑनबोर्डिंग) नाम से अभियान शुरू किया है। अंचल प्रमुख घनश्याम परमार ने चंडीगढ़ में आयोजित ग्राहक बैठक में दुकानदारों को क्यूआर कोड और साउंड बॉक्स प्रदान किए। परमार ने बताया कि छह फरवरी से 10,000 रुपये और उससे अधिक के साथ खाता खोलने वाला प्रत्येक नया चालू खाता ग्राहक एक महीने से छह महीने तक के लिए फ्री इंस्टालेशन और किराए की छूट के लिए पात्र होगा। इसके अलावा बैंक अपने प्रीमियम चालू खाता उत्पादों अर्थात् यूको केयर प्लस और यूको बिजनेस प्लस के माध्यम से क्यूआर कोड और साउंड बॉक्स के मासिक किराए पर बिल्कुल मुफ्त इंस्टॉलेशन और पूर्ण छूट की पेशकश कर रहा है।

किटू गिडवानी फीचर फिल्म मैडम ड्राइवर में आएंगी नजर

अर्थ, स्वाभिमान और फैशन जैसी फिल्मों से स्टारडम हासिल करने वाली एक्ट्रेस किटू गिडवानी निर्देशक इंद्रजीत नट्टोजी की अपकमिंग फीचर फिल्म मैडम ड्राइवर में नजर आने के लिए तैयार हैं।

नट्टोजी ने कहा, मैडम ड्राइवर गुजरात की एक मध्यम आयु वर्ग की महिला की कहानी है, जब वह गाड़ी चलाना सीखती है, तो समाज के ताने-बानों का सामना करती है, नए रिश्ते बनाती है और स्वतंत्रता को अपनाती है।

फीचर फिल्म में मनमोहिनी और बेहद 2 फेम अंकित सिवाच और एक्ट्रेस भावना पानी भी हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर दिया गया है।

मैडम ड्राइवर कलाकार और फिल्म निर्माता इंद्रजीत नट्टोजी द्वारा निर्मित है, जो भारत के छोटे शहरों में महिलाओं की कहानियों को प्रदर्शित करते हैं। स्क्रीनप्ले और डायलॉग्स क्रमशः अरुशी कौशल और समीर सतीजा द्वारा हैं।

आई.एन.के. पिक्चर्स एल.एल.पी. द्वारा निर्मित, ग्रेऑउल बार्नस्टॉर्म प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से और काइनेटिग्रा मीडियास एंड प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सह-निर्मित है।

रकुल प्रीत सिंह ने शेयर किया ग्लैमरस लुक

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं. शादी की खबरों के बीच एक्ट्रेस का ग्लैमरस लुक वायरल हो रहा है. ब्राउन कलर की शिमरी ड्रेस में रकुल प्रीत सिंह बेहद खूबसूरत लग रही हैं. इंटरनेट पर रकुल के इस अवतार को काफी पसंद किया जा रहा है.

रकुल प्रीत सिंह के लेटेस्ट लुक की बात करें तो एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपना ग्लैमर लुक शेयर किया है. ब्राउन कलर की शिमरी ड्रेस में रकुल प्रीत सिंह बेहद खूबसूरत लग रही हैं. रकुल ने शिमरी ड्रेस के साथ लाइट मेकअप कैरी किया हुआ है. रकुल के फैंस उनके इस अवतार को काफी पसंद कर रहे हैं. ब्लैक और गोल्डन ऑफ शोल्डर ड्रेस में रकुल प्रीत सिंह बेहद ग्लैमरस लग रही हैं. रकुल ने अपने लुक को कंप्लीट करते हुए ब्राउन लिपस्टिक और ब्राउन स्मोकी आई मेकअप कैरी किया हुआ है.

रायपुर प्रेस क्लब के प्रफुल्ल अध्यक्ष, वैभव महासचिव

रायपुर/नवप्रदेश। रायपर प्रेस क्लब में संकल्प और संगवारी पैनल ने अपना कब्जा जमाया। अध्यक्ष पद पर संकल्प पैनल से प्रफ्रुल्ल ठाकुर, उपाध्यक्ष पद पर संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई और संयुक्त सचिव पद पर बमलेश्वर (अरविंद) सोनवानी ने जीत दर्ज की है। वहीं संगवारी पैनल से महासचिव वैभव शिव पांडेय, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी ने जीत हासिल की है। चुनाव में 5 पैनल से 6 पदों के लिए कुल 27 प्रत्याशी मैदान पर थे। प्रत्याशियों के बीच जबरदस्त मुकाबला था। मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में शनिवार सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान हुआ।

प्रफुल्ल ठाकुर – अध्यक्ष | संदीप शुक्ला – उपाध्यक्ष | डॉ. वैभव पांडेय – महासचिव | रमन हलवाई – कोषाध्यक्ष | तृप्ति सोनी – संयुक्त सचिव | बमलेश्वर सोनवानी – संयुक्त सचिव

इसके बाद मतों की गिनती शुरू हुई। इसमें संकल्प पैनल से अध्यक्ष पद के लिए प्रफुल्ल ठाकुर, उपाध्यक्ष पद पर संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई और संयुक्त सचिव पद पर बमलेश्वर (अरविंद) सोनवानी ने जीत दर्ज की है। संगवारी पैनल से महासचिव वैभव शिव पांडेय, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी ने जीत हासिल की है।

जानिए किसे कितना वोट मिले

संयुक्त सचिव के लिए तृप्ति सोनी को 232 और अरविंद सोनवानी को 194 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद के लिए रमन हलवाई को 218 वोट मिले। महासचिव पद के लिए डॉ. वैभव शिव पांडेय को 198 वोट मिले। उपाध्यक्ष पद के लिए संदीप शुक्ला को 298 वोट मिले।

न्यूज गैलरी

युवक पर ब्लेड से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। प्रभात टॉकीज के पास पूर्व विवाद को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक पर ब्लेड से हमला कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी सैलेन्द्र राजपूत 45 वर्ष प्रभात टॉकीज के पास गंजपारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी तामु ने पूर्व विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया और ब्लेड से गाल पर मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर/नवप्रदेश। महावीर नगर न्यू राजेन्द्र नगर में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी धर्मेन्द्र कुमार जांगड़े 31 वर्ष महावीर नगर न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एनवी 4828 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गांजे के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा एवं नेवरा पुलिस ने गांजा के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 5 किलो 730 ग्राम गांजा जब्त किया है। टिकरापारा पुलिस ने पचपेड़ीनाका ओव्हरब्रीज के नीचे आरोपी मनोज कुमार 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से बैग में रखे 5 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने आरोपी सोनी चौहान 35 वर्ष के पास से 230 ग्राम गांजा एवं बिक्री रकम 500 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफनारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अवैध शराब बेचते 5 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 86 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 530 रुपए जब्त किया है। मंदिरहसौद पुलिस ने बाराडेरा मोड़ के पास आरोपी धर्मेन्द्र वर्मा 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने ग्राम नवागांव मोड़ के पास आरोपी थानूराम बंजारे 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब एवं 230 रुपए बिक्री रकम जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी तामेश्वर धीवर 34 वर्ष व चुम्मन साहू 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 37 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपिया रामबाई टंडन 58 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 15 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 100 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 21 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुरानी बस्ती पुलिस ने भाठागांव शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी धनंजय साहू 31 वर्ष व अनीकेत ठाकुर 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आजाद चौक पुलिस ने आरोपी अतुल दुबे 24 वर्ष एवं खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी सुमन साहू 44 वर्ष, दीपक तिवारी 30 वर्ष व मुकेश जांगडे 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मोवा पुलिस ने आरोपी रवि अग्रवाल 30 वर्ष एवं सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी प्रकाश दास मानिकपुरी 25 वर्ष व लोकेश कुमार ध्रुव 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी गोपाल नायक 20 वर्ष, विनय बाग 21 वर्ष, धर्मेन्द्र साहू 29 वर्ष, पिंटटू सोना 32 वर्ष, किशन बारिक 42 वर्ष एवं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी मनीष कोसरे 35 वर्ष व डोमन लाल साहू 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

राजभवन में लंबित सर्व समाज के आरक्षण विधेयक पर स्थिति स्पष्ट करें विष्णु देव साय सरकार : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की बदनीयती के चलते ही पूर्ववर्ती सरकार द्वारा पारित 76 प्रतिशत आरक्षण विधेयक विगत 14 महीना से अधिक समय से राजभवन में लंबित है। भाजपाइयों के षड्यंत्र के चलते ही छत्तीसगढ़ के बहुसंख्यक अबादी को उनके शिक्षा और रोजगार के अधिकार को सीधे तौर पर प्रभावित करने वाले प्रावधान के 76 प्रतिशत आरक्षण से वंचित रखा गया है। भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 32 प्रतिशत आरक्षण, अनुसूचित जाति के लिए उनकी आबादी के अनुरूप 13 प्रतिशत आरक्षण और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान उस नवीन आरक्षण विधेयक 2022 में किया है। सभी वर्गो के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले ईडब्ल्यूएस के लिए भी 4 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था उस विधेयक में है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के षडयंत्र और दुर्भावना के चलते ही राजभवन की आड़ में आरक्षण विधेयक को लंबित रखा गया है, अब तो प्रदेश में तथाकथित डबल इंजन की सरकार है, राजभवन में लंबित छत्तीसगढ़ नवीन आरक्षण विधेयक पर अपनी स्थिती स्पष्ट करे विष्णुदेव साय सरकार। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी मूलतः सामाजिक न्याय की विरोधी है। विष्णुदेव साय सरकार यह नहीं चाहती की स्थानीय आबादी को उनका हक और अधिकार मिले। आरक्षण विरोधी भाजपाईयों के इशारे पर ही जन सरोकारों के महत्वपूर्ण, 76 प्रतिशत नवीन आरक्षण विधेयक को राजभवन में लंबित रखा गया है। सरकार बनते ही अडानी के मुनाफे के लिए तत्परता से हसदेव में जंगल कटवाने वाले भाजपाई, महामहिम से आरक्षण विधेयक का अनुमोदन करने की अपील करें, अन्यथा अपनी राजनैतिक पाखंड के लिए पौने तीन करोड़ छत्तीसगढ़िया जनता से माफी मांगे।

एसआरयू में योग विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 21 से

रायपुर/नवप्रदेश। रावतपुरा सरकार विवि के कला संकाय के अंतर्गत योग विभाग द्वारा 21 से 23 फरवरी 2024 को विषय योगा वेंचरः एंबार्किंग द जर्नी आफबॉडी, माइंड और सॉल पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मलेन को आई.यू.सी.वाय.एस (इंटर-युनिवर्सिटी सेंटर फॉर योगिक साइंस) बेंगलुरु द्वारा प्रायोजित किया गया है। उक्त सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. जी.डी. शर्मा चेयरमैन ए.आई. यू. नई दिल्ली सम्मिलित होंगे। साथ ही प्रो. बलराम सिंह प्रेसिडेंट, इंस्टिट्यूट ऑफ़एडवांस साइंस यू. एस. ए., डॉ. सोमवीर आर्य, डायरेक्टर इंडियन कल्चुरल सेंटर एम्बेसी ऑफ़ इंडिया साउथ अमेरिका, इंडोनेशिया से प्रो. केटुट डिओन्डर एवं डॉ. प्रोफेसर भगवंत सिंह (पं. रविशंकर शुक्ल विवि) भी प्रथम दिवस में उपस्थित होंगे।

भाजपा सरकार बनते ही अपराधियों के हौसले बुलंद स्कूली बच्चे भी सुरक्षित नहीं : धनंजय

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सूरजपुर जिला शिक्षा अधिकारी का पालकों को पत्र लिखकर स्कूली बच्चों की सुरक्षा स्वयं करने निर्देश देना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा की सरकार अपराधियों से जनता की सुरक्षा करने में नकारा हो गई है। प्रतापपुर से गायब रिशु कश्यप को अभी तक पुलिस ढूंढ नहीं पाई है, वही अपराधियों ने दिनदहाड़े 11 वर्षीय बच्ची का अपहरण करने का प्रयास किया है जिसे जनता ने बचाया है। छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। अपराधियों के हौसले बुलंद है। पूरा प्रदेश यूपी की तरह जंगल राज की ओर बढ़ रहा है। अपहरण, बलात्कार, लूटपाट, चाकूबाजी, डकैती चोरी की घटनाएं बढ़ी, गोली चलना शुरू हो गया है। जिला शिक्षा अधिकारी के पत्र के पश्चात पालक अपने बच्चों को स्कूल भेजने में डर रहे हैं।

नवाचार और स्थिरता के महत्व को दर्शाते हुए

एमईएआई और एनएमडीसी ने किया राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। उद्योग के सतत विकास की दिशा में सार्थक प्रगति करते हुए 'उन्नत लौह अयस्क बेनीफिशिएशन और सुस्थिर निम्न श्रेणी के लौह अयस्क उपयोग' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन शनिवार को हुआ। लौह अयस्क प्रसंस्करण के भविष्य की ओर बढते हुए, इस सेमिनार का आयोजन माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, हैदराबाद चैप्टर और देश के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक-एनएमडीसी द्वारा किया गया था।

इसके समापन समारोह में, मुख्य अतिथि अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) एनएमडीसी ने कहा, ÷'उन्नत लौह अयस्क बेनीफिशिएशन और सुस्थिर निम्न श्रेणी के लौह अयस्क उपयोग÷' हमारे उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती और अवसर का प्रतिनिधित्व करता है। एनएमडीसी में हमारा विशेष ध्यान अधिकतम संसाधन उपयोग और पुनर्चक्रण पर है। ईएसजी के प्रति वचनबद्ध रहते हुए नवाचार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से सीमाओं को पार करते हुए, हम न केवल वर्तमान की मांगों को पूरा कर सकते हैं, बल्कि लौह अयस्क उद्योग के लिए एक मजबूत और जिम्मेदार भविष्य भी सुरक्षित कर सकते हैं। समारोह में सम्मानित अतिथि एमईएआई के अध्यक्ष एस. एन. माथुर; एनएमडीसी के पूर्व सीएमडी पी. आर. त्रिपाठी और एमईएआई के महासचिव एम. नरसैया के साथ पीठासीन अधिकारी एवं अध्यक्ष एमईएआई, हैदराबाद चैप्टर विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) एनएमडीसी भी उपस्थित थे। संगोष्ठी में दो दिनों के दौरान तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए और विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और हैदराबाद विश्वविद्यालय,आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी मद्रास, एनएमडीसी, एएम/एनएस, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू और एमएसपीएल से उद्योग के विशेषज्ञों द्वारा 14 पेपर प्रस्तुत किए गए । निर्णायक पैनल चर्चा में आगे की राह और आवश्यक नीतिगत हस्तक्षेप पर विचार-विमर्श किया गया । इस अवसर पर एमईएआई, हैदराबाद चैप्टर और एनएमडीसी द्वारा भारतीय खनन उद्योग के दिग्गजों वी.एस. राव, पूर्व अध्यक्ष, एमईएआई; के.के. बीरन, पूर्व अध्यक्ष, एमईएआई; पी.आर. त्रिपाठी, पूर्व सीएमडी, एनएमडीसी; एस.के. अग्रवाल, पूर्व सीएमडी (प्रभारी), एनएमडीसी; मुरली मनोहर, पूर्व निदेशक (वाणिज्य), एनएमडीसी; और वी.डी. राजगोपाल, पूर्व अध्यक्ष, एमईएआई को उनके मूल्यवान योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

अंजुमन स्कूल के नवीन हॉल का शुभारंभ

■ इस्माइल मेमोरियल हॉल के नाम से जाना जाएगा।

रायपुर/नवप्रदेश। शास्त्री मार्केट रायपुर स्थित अंजुमन उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल परिसर में हॉल का जिर्णदोधार कर उसे नया स्वरूप दिया गया है। हॉल को भव्य एवं आकर्षक बनाया गया है। अंजुमन स्कूल के पूर्व सचिव तथा

इस्माइल ब्रदर्स फटाके वाले स्वर्गीय इस्माइल अशरफी साहब के नाम पर इस हॉल को संवारा गया है, अब यह हॉल इस्माइल मेमोरियल हॉल के नाम से जाना जाएगा। हॉल का शुभारंभ इस्माइल साहब की धर्म पत्नी श्रीमती तलत यास्मीन जी उनके भाई जनाब इरफान गुड्डु, जनाब सलाम, बेटे फैजान तथा बेटियां समीना व सफीना ने किया। कार्यक्रम अंजुमन स्कूल के अध्यक्ष जनाब मोहम्मद अकरम खान साहब ने बताया की अंजुमन स्कूल को नया स्वरूप दिया जा रहा है इसके लिए वो प्रयासरत हैं इसी कड़ी में आज हॉल को तैयार कर शुभारंभ किया गया है जिसे पूर्व सचिव अंजुमन जनाब इस्माइल अशरफी साहब के बेहतरीन कार्यों और खिदमात को सम्मान देने की कोशिश करते हुए उनके नाम पर इस्माइल मेमोरियल हॉल रखा गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता जनाब फैसल रिज़्वी साहब ने बताया की कैसे बोहोत काम वक्त में इस्माइल साहब ने बेहतरीन खिदमत को अंजाम दिया तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्य अनुकरणीय है, आज भी यहां पढे हुए बच्चे और जो वर्तमान में पढ़ रहे हैं उनको उसका लाभ मिल रहा है। समाज सेवी जनाब मोहम्मद सिराज व उनकी टीम द्वारा हॉल को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई है। उनका कहना है की समाज के लिए एक बहु आयामी हॉल शहर के बीचों बीच में तैयार किया गया है, लोग इसका लाभ उठा सकेंगे कोई भी सामाजिक या व्यक्तिगत कार्यक्रम बेहद सामान्य शुल्क के साथ इस हॉल में किया ज सकता हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन हाजी जुबेर साहब ने किया वहीं कार्यक्रम में सलाम रिज़्वी साहब, हाशिम साहब, शफीक साहब, एम के गौरी साहब, इरफान सुलतान साहब, शाज़ी राशिद साहब, शाबान साहब शासकीय अनुदान प्राप्त शिक्षक कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष संजय कुमार दुबे, जिला अध्यक्ष रायपुर तपन चौधरी, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सेन, प्रांतीय सचिव रोशन शर्मा जी तथा उर्दू स्कूल की पूर्व तथा वर्तमान शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

श्रीप्रीति राजाबेटी को महाराष्ट्र मंडल ने किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। पूज्य पाद गोस्वामी108 प्रीति राजाबेटी का सम्मान महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति ने किया। श्रीकृष्ण भक्तिवर्धन महोत्सव का

तीन दिवसीय आयोजन सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर में किया गया। इस अवसर पर श्रीप्रीति राजाबेटी यहां पधारी थीं। आध्यात्मिक समिति की प्रमुख आस्था काले ने बताया कि शुक्रवार की शाम को शताब्दी पांडे, सुचिता देशपांडे, अनघा करकशे, प्रणिता नलगुंडवार ने सूत माला, शॉल, श्रीफल, पुष्पहार से उनका अभिनंदन किया। उन्होंने भी महाराष्ट्र मंडल को आशीर्वाद स्वरूप उपर्ण भेंट दिया। पुष्टि मार्ग के पांच तत्व के बारे में अधिक जानकारी और मार्गदर्शन देने के लिए श्रीकृष्ण भक्तिवर्धन महोत्सव का प्राचीन श्री गोपाल मंदिर में तीन दिवसीय आयोजन किया गया। जिसमें पूज्य पाद गोस्वामी 108 श्रीप्रीति राजाबेटी (चंपारण श्री वल्लभाचार्य के वंशज) विशेष रूप से यहां आई थीं।